★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 36 ★ अंकः 333 ★ पृष्ठः 12 ★ औरंगाबाद, रविवार, 3 मई 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



स्लरी में दबकर चार मजदूरों की मौत

# बिहार में 47 लाख परिवारों ने की स्वगणना

## बिहार में जनगणना का पहला चरण पूरा, अब शुरू हुआ मकान सूचीकरण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में चल रही जनगणना के पहले चरण के तहत स्व-गणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। 17 अप्रैल से शुरू होकर 1 मई तक चले इस चरण में राज्य के लगभग 47 लाख (46,82,284) परिवारों ने स्व-गणना पूरी की है। अब शनिवार, 2 मई से जनगणना का दूसरा चरण, यानी मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य शुरू कर दिया गया है।

जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार एवं पत्र सूचना कार्यालय, पटना द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में निदेशक रंजीता ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब प्रगणक और पर्यवेक्षक अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर मकानों की गिनती और सूचीकरण करेंगे। इस दौरान जिन परिवारों ने पहले स्व-गणना की है, उनकी आईडी लेकर उसका सत्यापन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी मकानों को क्रमांकित कर उनकी परिसंपत्तियों और उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित जानकारी एचएलओ ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। साथ ही सीएमएमएस पोर्टल पर बनाई गई डिजिटल सीमाओं का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा, जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर उसे संबंधित अधिकारियों के माध्यम से सुधार किया जाएगा। निदेशक रंजीता ने बताया कि कार्य की निगरानी के लिए अधिकारियों को जिलों में भेजा गया है, जो स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। डेटा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण की व्यवस्था भी की गई है। इस बीच सरकार ने जनगणना की आड़ में साइबर ठगी को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी के साथ अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी या अन्य गोपनीय विवरण साझा न करें। निदेशक ने आम जनता से जनगणना कर्मियों का सहयोग करने और सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि सभी व्यक्तिगत सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाता है।

# 15, 246 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज अब रोजगार के नए केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। वर्ष 2026 में राज्य के तकनीकी संस्थानों से कुल 15,246 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। इनमें 4,745 इंजीनियरिंग और 10,501 पॉलिटेक्निक छात्रों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार मिला है। यह जानकारी तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट के लिए सिस्को, एचसीएल, विप्रो, एलएंडटी और टाटा मोटर्स जैसी नामी कंपनियां बिहार के कॉलेजों में आ रही हैं, जिससे यहां के छात्रों को बेहतर अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को लेकर पहले जो पूर्वाग्रह था, वह अब तेजी से बदल रहा है और राज्य के छात्र इनोवेशन के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। सचिव ने बताया कि राज्य के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं, जहां शिक्षकों को आईआईटी में प्रशिक्षित किया गया है। साथ ही, बिहार में बेहद कम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में नामांकन शुल्क मात्र 10 रुपये और मासिक फीस भी 10 रुपये है, जबकि अन्य गतिविधियों के लिए सीमित शुल्क लिया जाता है। उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने भी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और तकनीकी शिक्षा विभाग राज्य के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में विज्ञान और तकनीक का प्रभाव स्पष्ट है और इसके बिना आधुनिक जीवन की कल्पना संभव नहीं है।

## एक नजर

### घर में घुसकर दंपति पर हमला, पति की मौत

**पटना।** राजधानी के पीरबहोर थाना क्षेत्र अंतर्गत लालबाग इलाके में शनिवार सुबह अपराधियों ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर सो रहे दंपति पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में नवाज आलम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी नाजिया परवीन गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह अचानक घर से चीख-पुकार की आवाजें सुनाई दीं। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि दंपति खून से लथपथ हालत में फर्श पर पड़े थे। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पीरबहोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है, जो साक्ष्य जुटाने में लगी है। इस वारदात से घनी आबादी वाले इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है।

### बीपीएससी ने रद्द की एईडीओ परीक्षा, 32 अभ्यर्थी प्रतिबंधित




**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया है। यह परीक्षा 935 पदों के लिए आयोजित की गई थी, लेकिन कदाचार की आशंका के बाद आयोग ने सख्त कदम उठाया। आयोग के अनुसार परीक्षा के दौरान कुछ केंद्रों पर ब्लूटूथ और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से नकल करने की कोशिश की गई थी। जिला प्रशासन की सतर्कता से इन प्रयासों का समय रहते खुलासा हो गया। संबंधित अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है। बीपीएससी ने इस मामले में 32 अभ्यर्थियों को दोषी मानते हुए उन्हें आगामी परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया है। हालांकि जांच में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है। आयोग का कहना है कि कुछ केंद्रों पर गड़बड़ी की वजह से परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित होने की आशंका बनी, इसलिए पारदर्शिता बनाए रखने के लिए परीक्षा रद्द करना आवश्यक हो गया। इस फैसले से हजारों अभ्यर्थियों को झटका लगा है, जो लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। आयोग ने जल्द ही नई तिथि घोषित करने का संकेत दिया है।

### रैकेट का भंडाफोड़, 70 लाख रुपये बरामद

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र में पुलिस ने साइबर ठगी और हवाला कारोबार से जुड़े एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में करीब 70 लाख रुपये की भारतीय और नेपाली मुद्रा बरामद की गई है, जबकि पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात को गुप्त सूचना मिली थी कि भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध धन का लेन-देन किया जा रहा है। इसके बाद साइबर डीएसपी अभिनव पराशर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई।

साइबर थाना और चार अन्य थानों की संयुक्त टीम ने घोड़ासहन के विभिन्न इलाकों में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान कई दुकानों और घरों से 56.71 लाख रुपये भारतीय मुद्रा और 13.67 लाख नेपाली करेंसी बरामद हुई। इसके अलावा एक सीपीयू, 11 मोबाइल फोन, कैश काउंटिंग मशीन, पीओएस मशीन और कई बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह म्यूल अकाउंट, यूएसडीटी और क्रिप्टो एक्सचेंज के जरिए पैसों का लेन-देन कर रहा था। पुलिस इस नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी जांच कर रही है।

### आईईडी ब्लास्ट, डीआरजी के तीन जवान शहीद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिले की सीमा पर डी-माइनिंग अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में जिला रिजर्व गार्ड के तीन जवान शहीद हो गए, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के जंगल में जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय करने के अभियान में जुटे थे। इसी दौरान अचानक आईईडी ब्लास्ट हो गया, जिसकी चपेट में टीम के सदस्य आ गए। शहीद जवानों की पहचान इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा और कॉन्स्टेबल संजय गढ़पाले के रूप में हुई है। वहीं घायल जवान परमानंद कोमरा को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांकेर एसपी निखिल राखेचा ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों में शोक की लहर है। जवानों की शहादत को सलाम करते हुए अधिकारियों ने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान और तेज किया जाएगा, ताकि ऐसे हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।




# बिहार में स्व-गणना अभियान सफलतापूर्वक संपन्न, आज से मकान सूचीकरण प्रारंभ

## जनगणना के संबंध में प्रेस वार्ता के माध्यम से दी गई जानकारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य में चल रहे जनगणना के संबंध में एक प्रेस वार्ता का आयोजन आज जनगणना कार्य निदेशालय, बिहार एवं पत्र सूचना कार्यालय, पटना द्वारा किया गया। आयोजित प्रेस वार्ता में रंजिता, निदेशक, जनगणना कार्य, बिहार ने प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना की प्रगति और आगे की तैयारी की जानकारी दी।

निदेशक ने बिहारवासियों की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व-गणना में जनता का सहयोग राज्य को राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि अंतिम तिथि तक बिहारवासियों ने लगभग 47 लाख (46,82,284) स्व-गणना पूरी की है। निदेशक ने अवगत कराया कि आज से सभी प्रगणक और पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में जाकर CMMS पोर्टल पर बनाई गई डिजिटल सीमाओं का भौतिक सत्यापन करेंगे। यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसे पर्यवेक्षक के माध्यम से चार्ज अधिकारी द्वारा ठीक किया जाएगा। तत्पश्चात सभी मकानों को क्रमांक दिया जाएगा और उसके बाद प्रत्येक मकान की गिनती, परिसंपत्तियों तथा सुविधाओं से संबंधित जानकारी एचएलओ ऐप के माध्यम से दर्ज की जाएगी। जिन परिवारों ने पहले ही स्व-गणना की है, उनके आईडी लेकर सत्यापन भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सभी जिलों में निदेशालय के अधिकारियों को भेजा गया है जो स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर कार्य की निगरानी और तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। डेटा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए समय-समय पर निरीक्षण की व्यवस्था भी की गई है। निदेशक ने सभी राज्यवासियों से अपील की है कि वे जनगणना कर्मियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा सही-सही जानकारी उपलब्ध कराएँ। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी व्यक्तिगत सूचनाएँ जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं तथा उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने की भी सलाह दी गई है। यह स्पष्ट किया गया कि जनगणनाकर्मी किसी भी परिस्थिति में बैंक विवरण, आधार की जानकारी अथवा किसी प्रकार की धनराशि की मांग नहीं करते हैं। किसी भी शंका, शिकायत अथवा जानकारी के लिए जारी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रेस वार्ता में लौकिक पारख, उप-निदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, पटना एवं संजीव कुमार साव, उप-निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय भी उपस्थित रहें।

## स्वगणना कार्य में दरभंगा को उत्कृष्ट स्थान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य को लेकर जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जनगणना 2027 का प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) आज 02 मई 2026 से प्रारंभ होकर 31 मई 2026 तक होगी। यह भारत की 16वीं एवं स्वतंत्र भारत की 8वीं जनगणना हैं। भारत की जनगणना 2027 पूर्णतः डिजिटल मोड में निष्पादित की जा रही है तथा पहली बार आम लोगों को स्वगणना का विकल्प मोबाईल एप के द्वारा प्रदान किया गया। स्वगणना कार्य में दरभंगा जिला को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि जिलाधिकारी के सफल मार्गदर्शन में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से सफल हुए। प्राप्त आंकड़ों के तहत दरभंगा जिले को तीसरा, मधुबनी प्रथम और वैशाली दुसरा स्थान प्राप्त हुए है। 1 मई 2026 तक स्वगणना के अवसर पर नागरिक घर बैठे मोबाइल ऐप के माध्यम से कार्य पूर्ण किये जिसकी कुल संख्या 04 लाख 95 हजार 285 लोगों ने स्व गणना का कार्य संपन्न किये । स्वगणना कार्य में दरभंगा प्रमंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बताया गया कि आम लोगों के द्वारा स्व गणना कार्य में विशेष अभिरूचि प्रदर्शित की गई जिसके चलते स्वगणना के मामलें में दरभंगा जिला राज्य में तृतीय स्थान पर रहा। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के लिए दरभंगा जिला में कुल 29 चार्ज बनाया गया है,जिसमें 18 ग्रामीण एवं 11 नगरीय चार्ज शामिल है। जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को बेहतर कार्य निष्पादन के लिए जिला स्तर पर 04 मास्टर ट्रेनर एवं चार्ज स्तर पर कुल 148 फील्ड ट्रेनर नियुक्त किये गये है। इनके द्वारा सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को विशेष रूप से प्रशिक्षित किये गए है। भारत की जनगणना 2027 के लिए प्रथम चरण में मकान सूचीकरण हेतु परिवार के मुखिया से प्रगणक द्वारा कुल 34 प्रश्न पूछें जायेंगें और इसी आधार पर मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण किये जायेंगे। जनगणना का मुख्य उद्देश्य शुद्ध एवं विश्वसनीय आँकड़ों का संग्रहण करना है, जिससे जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जा सके। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, अपर समाहर्ता राजस्व मनोज कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उदय शंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## श्रम दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल में श्रम दिवस के अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा तीन तक के बच्चों द्वारा एक विशेष फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने समाज के सहायक वर्ग की वेशभूषा धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चे सैनिक, पुलिसमैन, किसान, नर्स, डॉक्टर, मजदूर, पेंटवाला, दर्जी, सब्जी विक्रेता आदि के रूप में सजे हुए नजर आए। सभी प्रतिभागियों ने अपनी आकर्षक वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न भूमिकाओं का प्रदर्शन किया, जिनमें ध्रुवी दर्जी बनीं, सूर्यांश शिक्षक बने, माधव एवं अभि राज दीप पुलिसमैन के रूप में, निवान आर्मी मैन, कैरव पटेल दूधवाला, कृतांशु मंडल सब्जी विक्रेता, अनन्या दर्जी, इवान बढ़ई, रामेंद्र किसान, खुशी मजदूर, वैभवी डॉक्टर, नैन्सी नर्स, अनिका शेफ तथा मिहीर वैक्यूम क्लीनर के रूप में प्रस्तुत हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में समाज में कार्य करने वाले महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रति आदर और सम्मान की भावना विकसित करना था। साथ ही, समाज के सहायक वर्ग के योगदान और उनके महत्व को समझाना भी इस कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य रहा। विद्यालय के डायरेक्टर लायन राजीव भार्गव एवं लायन शिवानी भार्गव ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और हर वर्ग के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं।

## सोनालीका ने अप्रैल की अब तक की सर्वाधिक 16223 कुल ट्रैक्टर बिक्री की

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अप्रैल की अब तक की सर्वाधिक 16223 कुल ट्रैक्टर बिक्री के साथ एक मज़बूत और रणनीतिक शुरुआत की है और उद्योग में सबसे अधिक मार्किट शेयर में बढ़ोतरी हासिल की है। कंपनी ने ज़बरदस्त 35.6 प्रतिशत की कुल वृद्धि दर्ज करते हुए उद्योग की 27 प्रतिशत वृद्धि दर को भी पीछे किया है। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, ऐतिहासिक 30वें वर्ष में अप्रैल की हमारी अब तक की सर्वाधिक 16223 कुल ट्रैक्टर बिक्री दर्शाती है कि किसान तेज़ी से तकनीक-आधारित खेती की ओर बढ़ रहे हैं।

## एक करोड़ दीदियों ने बदल दी बिहार की तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज को निरंतर जागरूक करने वाली जीविका दीदियां अब पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिक निभा रही हैं। यह दीदियां हरित जीविका, हरित बिहार कार्यक्रम चला रही हैं, जिसके तहत पिछले छह वर्षों में एक करोड़ दीदियों के हाथों चार करोड़ से भी अधिक पौधरोपण राज्य भर में किया जा चुका है। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बिहार सक्रिय जीविका दीदियां पर्यावरण से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण अभियान का एक हिस्सा बन चुकी हैं। हरित क्षेत्र बढ़ाने और ग्रामीण परिवारों की सतत आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में जीविका दीदियों ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत वर्ष 2019 से 2024-25 तक राज्यभर में इन दीदियों के हाथों 987 नर्सरी विकसित किए जा चुके हैं। इनमें 677 दीदी के पौधशाला भी शामिल हैं। विभागीय अधिकारियों की माने, तो जीविका के हाथों लगाए गए पौधों में 1.04 करोड़ से भी अधिक पौधे चार फीट से लंबे हैं। दीदी की नर्सरी एक अनूठा उद्यम मॉडल बनकर उभरा है, जो कम लागत में पौधरोपण को तेजी से बढ़ावा दे रहा है। साथ ही नर्सरी संचालक महिलाओं के लिए स्थिर और सतत आय का स्रोत तैयार हुआ है। जीविका दीदियों के हाथों संचालित नर्सरियां सामुदायिक उद्यम के रूप में कार्य रही हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आर्थिक विकास की नई राह बनी है। नर्सरी के लिए दीदियों का चयन संकुल स्तरीय संघ के माध्यम से होता है। इसमें उन्हीं दीदियों का चयन किया जाता है जो स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य हों और उनके द्वारा समूह के नियमों का ठीक ढंग से पालन करने के साथ-साथ ऋण वापसी के मामले में उनकी साख अच्छी है। इन दीदियों को टिम्बर पौधों यानी इमारती लकड़ियों के लिए तैयार होने वाले पौधे तैयार करने के लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग के तहत सेंटर फॉर एक्सीलेंस, देसारी, वैशाली में फलदार वृक्ष के संरक्षण एवं देखभाल के बारे में 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मुहैया कराया जा रहा है।

## मुख्य सचिव ने पीरपैंती अडाणी पावर प्लांट का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

भागलपुर। बिहार को विधुत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। शनिवार को राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जिले के पीरपैंती में निर्माणाधीन 2400 मेगावाट वाले अदाणी पावर प्लांट परियोजना का दौरा किया। इस हाई-प्रोफाइल दौरे का मुख्य उद्देश्य धरातल पर चल रहे कार्यों की वास्तविक प्रगति को परखना एवं परियोजना के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना था। मुख्य सचिव ने परियोजना स्थल पर पहुँचकर सबसे पहले निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अडानी पावर के प्रबंधन टीम एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित डेडलाइन के भीतर हर हाल में पूरे होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी स्तर पर किसी भी प्रकार की एनओसी या तकनीकी सहयोग में देरी न हो। वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावित चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा कर तत्काल समाधान के रास्ते तलाशे जाएं।

**बिहार की ऊर्जा क्रांति का 'पावर हब' बनेगा पीरपैंती**

इस दौरे के दौरान अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि यह प्लांट केवल एक बिजली घर नहीं, बल्कि बिहार के विकास का नया इंजन साबित होगा। इधर भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने बताया कि बिहार सरकार राज्य में बिजली की कमी को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी तरह गंभीर है। पीरपैंती पावर प्लांट का समय पर पूरा होना राज्य की ऊर्ज़ा सुरक्षा और औद्योगिक क्रांति के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इसके पहले मुख्य सचिव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्य सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पावर प्लांट परिसर में सिंदूर के पौधों का पौधारोपण भी किया। इस दौरान पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, अदाणी पावर के सीईओ नरेश गोयल, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार, एमडी कपिल अशोक शिरसाट, जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, पीरपैंती पावर प्लांट के हेड राजीव गोयल, अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णचंद गुप्ता समेत कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता : सचिव

### डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने समाज कल्याण विभाग के सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों के सशक्तिकरण के लिए विभाग की सभी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने विभाग के अपर सचिव योगेश कुमार सागर समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और उनके प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर दिया। सचिव ने आगे कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचना चाहिए। इस दौरान विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' हेतु जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी डी कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' विषय पर एक प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आम जनमानस को तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा स्वस्थ एवं तंबाकू-मुक्त जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था। इस अवसर पर एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों ने पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, छात्रों ने संस्थान को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रो. अरुण कुमार (आईक्यूएसी सलाहकार) एवं डॉ. मौशमी गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों की रचनात्मकता एवं सामाजिक चेतना की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल विजय ने किया। इस अवसर पर डॉ. रवि कुमार, डॉ. स्वर्णा कुमार, डॉ. राहुल अमृतराज, डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ. नंदनी नारायण सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। साथ ही, सचिन राज एवं लेफ्टिनेंट राहुल कुमार (एएनओ, एनसीसी) की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। जागरूकता रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर लक्ष्मी मार्केट, डी.वी.सी. चौक, काली बाड़ी एवं यारपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से ञ्लतंबाकू को कहें ना, जीवन को कहें हांङ्क का सशक्त संदेश प्रसारित किया गया। पोस्टर-निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थानः अलीशा कुमारी द्वितीय स्थानः अंजनी कुमारी एवं खुशी कुमारी तृतीय स्थान राखी कुमारी की रही।

## फ्लिपकार्ट, एक्सिस बैंक और पेयू ने कार्ड भुगतान के लिए पेश किया बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक और भारत के अग्रणी विविध फिनटेक प्लेटफॉर्म पेयू के साथ मिलकर कार्ड भुगतान के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के लिए तीन भरोसेमंद संगठन एक साथ आए हैं, जो उपभोक्ता-प्रथम दृष्टिकोण की अपनी साझा विरासत को आगे बढ़ाते हुए भारत के उपभोक्ताओं के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराते हैं। यह पहल उपयोगकर्ताओं को सहायक एंड्रॉइड और आईओएस डिवाइस पर अपने फिंगरप्रिंट या फ़ेस आईडी का उपयोग करके लेनदेन को प्रमाणित करने की अनुमति देती है, जिससे वन-टाइम पासवर्ड की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इस लॉन्च के साथ, फ्लिपकार्ट कार्ड भुगतान के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की पेशकश करने वाले भारत के अग्रणी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्मस में से एक बन गया है। इस लॉन्च पर फ्लिपकार्ट में पेमेंट्स एवं सुपरकॉइन्स के वाइस प्रेसिडेंट गौरव अरोड़ा ने कहा कि आज के समय में जब ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीके बढ़ रहे हैं, तब बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लाकर हमने ग्राहकों के पेमेंट को और भी सुरक्षित बना दिया है। हमारा लक्ष्य यही है कि जैसे-जैसे ऑनलाइन शॉपिंग बढ़े, हम नियामकीय मानकों और इकोसिस्टम-व्यापी विश्वास को मजबूत करते हुए पेमेंट को और ज़्यादा तेज़ और सुरक्षित बनाते रहें।

## लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और जागरूक समाज को बढ़ावा देने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कहा कि यह दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और जागरूक समाज को बढ़ावा देने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1993 में की गई थी। यह दिवस प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा में




मील का पत्थर माने जाने वाले ''विंडहोक घोषणापत्र'' की वर्षगांठ का प्रतीक है। इसका उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के विभिन्न प्रकार के उल्लघंनों की गंभीरता के बारे में जानकारी देना है। यह दिवस मीडिया पेशेवरों के बीच प्रेस की स्वतंत्रता, प्रतिबद्धता और पेशेवर नैतिकता के मुद्दों पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है। वर्ष 2026 की थीम, शांतिपूर्ण भविष्य को आकार देना है, जो मीडिया पर कृत्रिम मेधा के प्रभाव से जुड़ी चुनौतियों में पत्रकारिता की भूमिका पर केंद्रित है।

## 25 नई चीनी मिलों का प्लान, आपके जिले में भी लग सकती है मिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में नई चीनी मिल स्थापित करने को लेकर गन्ना उद्योग विभाग द्वारा कार्रवाई तेज कर दिया गया है। चीनी मिल के लिए भूमि चिन्हित कर अभी तक प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराने वाले जिलाधिकारियों के पास पत्र भेज कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया है। विभाग के अनुसार राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के तहत राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः चालू कराने के साथ ही 25 नई चीनी मिलों को स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। बताया जाता है कि राज्य सरकार ने नई चीनी मिलों को स्थापित करने के लिए प्रत्येक चीनी मिल के लिए 100 एकड़ भूमि चिन्हित करने का आदेश दिया है। कुछ जिलों में चीनी मिल के लिए भूमि चयन कर लिया गया है। कुछ जिलों ने प्रस्ताव भी गन्ना उद्योग विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके अलावा जिन जिलों से अभी तक प्रस्ताव नहीं आया है वहां विभाग ने पत्र भेजकर शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## चर्चित आयुर्वेद चिकित्सक 'राष्ट्रीय रत्न सम्मान' से सम्मानित

**पटना।** स्थानीय आर्यकुमार रोड मछुआ टोली स्थित कायाकल्प क्लीनिक के वरिष्ठ आयुर्वेद डॉक्टर मनोज पांडे एवं डॉक्टर जूली पांडे को 'राष्ट्रीय रत्न सम्मान' नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री, निर्माता और सांसद पदमश्री प्राप्त कंगना राणावत जी के हाथों सम्मानित किया गया। प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक डॉ मनोज पांडे एवं डॉक्टर जूली पांडे को बचपन से ही देश और समाज के सेवा में रुचि थी। ये समाज के लोगों की समस्या सुनकर उसका समाधान किया करते रहे हैं। अपने चिकित्सा सेवा से हर रोग को निवारण मरीजों का किया करते हैं। ज्ञातव्य है कि यह वैसे मरीजों को समुचित इलाज करते हैं जो गरीब तबके के लोग होते हैं। यह पहले भी बॉलीवुड सुपरस्टार अरबाज खान, जीनत अमान, रवीना टंडन, जूही चावला, जैकी श्रॉफ सहित कई राष्ट्रीय /अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार ले चुके हैं। डॉ मनोज पांडे एवं डॉक्टर जूली पांडे को बचपन से ही एक सपना था रोग मुक्त बिहार बनाना। बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद के संस्थापक अध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी संत, वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक चोपड़ा, मगही गायक अरुण कुमार गौतम, नृत्यांगना शबनम परवीन यदि ने बधाई दी।

## नीट अभ्यर्थी छात्रा कांड : दो महीने के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के एक हॉस्टल में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में विशेष अदालत ने आज सीबीआई को दो महीने के अंदर इस मामले का अनुसंधान पूरा करने का प्रयास करने तथा तीन दिनों के अंदर मृतका की माता का बयान सक्षम दंडाधिकारी के समक्ष दर्ज करवाने का आदेश दिया। इसके अलावा अदालत ने मृतका के परिजनों को ढाई लाख रुपए का अंतरिम मुआवजा दिए जाने का भी आदेश दिया। बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम पौक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन रमन की अदालत ने मामले के सूचक एवं मृतका के परिजनों की ओर से दाखिल किए गए आवेदनों तथा सीबीआई की ओर से दाखिल किए गए प्रगति प्रतिवेदन पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया है। अदालत ने अनुसंधान की शैली और रफ्तार पर भी नाराजगी प्रकट की है। अदालत ने प्रत्येक 14 दिन पर शपथ युक्त प्रगति प्रतिवेदन दाखिल करने का आदेश सीबीआई को दिया है। अदालत ने मृतका के परिजनों को ढाई लाख रुपए का अंतरिम मुआवजा दिए जाने का आदेश पटना जिला विधिक सेवा प्राधिकार को दिया है। अदालत ने मामले में 15 मई 2026 की अगली तिथि निश्चित की है। गौरतलब है कि 09 जनवरी 2026 को चित्रगुप्त नगर थाना की पुलिस ने पीड़िता के पिता के बयान पर इस मामले की मूल प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप के अनुसार पीड़िता अपने हास्टल में बेहोश पायी गयी थी। पीड़िता के पिता ने अपनी पुत्री के शरीर पर चोट के निशान पाये जाने की बात कही थी। साथ ही, उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास किये जाने का भी शक जाहिर किया था। बाद में इलाज के दौरान पीड़िता की मृत्यु अस्पताल में हो गई थी। मृतिका को नाबालिग पाए जाने के बाद मामले का मूल अभिलेख पौक्सो एक्ट की विशेष अदालत को सौंप दिया गया था। बिहार सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने की सिफारिश की थी जिसके बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई आरसी 07/2026 के रूप में अपनी प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में सत्र 2026-28 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में अकादमिक सत्र 2026-28 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इच्छुक छात्र-छात्राएं निर्धारित सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 तय की गई है, जिसके बाद किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विभिन्न शैक्षणिक केंद्रों जैसे स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, स्कूल ऑफ भौगोलिक अध्ययन, स्कूल ऑफ नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ रिवर स्टडीज, पाटलिपुत्रा स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, स्कूल ऑफ एस्ट्रोनॉमी, स्कूल ऑफ स्टेम सेल टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ फिलॉसफी एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट टीचिंग में कई स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

# डिहरी ऑन सोन व सासाराम को सैटेलाइट टाउनशिप प्लान में शामिल करने की तैयारी

## सीएम ने दिया आश्वासन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** रोहतास जिले के दो प्रमुख शहर डेहरी ऑन सोन और सासाराम को सैटेलाइट टाउनशिप के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल तेज होती दिख रही है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रमुख एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर दोनों शहरों को राज्य के प्रस्तावित 11 नए सैटेलाइट टाउनशिप में शामिल करने की मांग रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। उपेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि डेहरी ऑन सोन आने वाले वर्षों में औद्योगिक और पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। डालमियानगर में रेलवे द्वारा वैगन मरम्मत कारखाने के लिए 403 करोड़ रुपये का आवंटन किया जा चुका है। इसके साथ ही बीयाडा के तहत डेहरी और सूअरा क्षेत्र में उद्योग स्थापित हो रहे हैं, जबकि भालूआड़ी में करीब 200 एकड़ भूमि उद्योगों के लिए अधिग्रहित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि इंद्रपुरी क्षेत्र में डीआरडीओ से जुड़े उद्योगों की स्थापना की संभावना है, जिसके लिए वैज्ञानिकों द्वारा एयर सर्वे और स्थल निरीक्षण किया जा चुका है। रोहतास और नौहट्टा प्रखंडों में खनन कार्य शुरू होने की भी तैयारी है। पर्यटन के लिहाज से इंद्रपुरी बराज, तुतला भवानी, कैमूर पहाड़ी स्थित रोहतास किला और प्रस्तावित भोजपुरी हाट क्षेत्र को नई पहचान देंगे और रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे। कुशवाहा ने कहा कि सोन नदी पर पंडुका में पुल निर्माण के बाद डेहरी ऑन सोन की कनेक्टिविटी छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मध्य प्रदेश से और मजबूत होगी, जिससे यह शहर व्यापारिक केंद्र के रूप में तेजी से विकसित होगा। वर्तमान में शहर का विस्तार इंद्रपुरी, जमुहार, अकोढ़ी गोला और डेहरी-बिक्रमगंज मार्ग के दरिहट तक हो रहा है। वहीं सासाराम, जो जिला मुख्यालय और ऐतिहासिक शहर है, तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन चारों दिशाओं में अनियोजित विस्तार के कारण इसे आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की आवश्यकता है। दोनों शहरों में एक समान आधारभूत संरचना, बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक शहरी सुविधाओं की जरूरत बताई गई है।

उपेंद्र कुशवाहा के अनुसार, मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने और सकारात्मक निर्णय लेने का भरोसा दिया है। यदि यह योजना लागू होती है, तो डेहरी ऑन सोन और सासाराम के निवासियों को महानगरों जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

# सबको साथ लेकर चलेगा बिहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच जदयू रोहतास के अधिवक्ता सह प्रवक्ता बैरिस्टर सिंह कुशवाहा ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को नीतीश कुमार जैसे अनुभवी नेता का आशीर्वाद और नरेंद्र मोदी का सहयोग प्राप्त हो, वह निश्चित रूप से युवा दिलों की धड़कन बन जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी संशयों को समाप्त करते हुए बिहार के सिरमौर मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई है। बैरिस्टर कुशवाहा ने विश्वास जताया कि सम्राट चौधरी आने वाले वर्षों में लंबे समय तक बिहार का नेतृत्व कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें सभी वर्गों और समाज के लोगों को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नीतीश कुमार ने बिहार को नई दिशा देने और विकास की राह पर आगे बढ़ाने में अपना जीवन समर्पित किया, उसी तरह सम्राट चौधरी से भी प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद कुछ लोग नाराज दिख रहे हैं, लेकिन समय के साथ सभी इस नेतृत्व को स्वीकार कर लेंगे। उनके अनुसार, कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा कई नाम उछाले गए थे, लेकिन अंततः नीतीश कुमार ने दृढ़ संकल्प लेते हुए सम्राट चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी। जातीय नेतृत्व के सवाल पर बैरिस्टर सिंह ने कहा कि कोई भी नेता अपनी क्षमता और नेतृत्व से पहचान बनाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए लालू प्रसाद यादव, राम विलास पासवान, चिराग पासवान, और मायावती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह सम्राट चौधरी भी कुशवाहा समाज के प्रमुख नेता के रूप में उभरे हैं, लेकिन उन्हें सभी जातियों को साथ लेकर चलना होगा। बैरिस्टर सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार ने हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की नीति पर काम किया है और यही अपेक्षा सम्राट चौधरी से भी है। उन्होंने भरोसा जताया कि कुशवाहा समाज सहित अन्य वर्गों का समर्थन उन्हें मिलेगा और वे बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

## प्रकाश गोस्वामी की माता का निधन, शोक में डूबा क्षेत्र

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार विधान परिषद सभापति के प्रतिनिधि एवं प्रखर नेता प्रकाश गोस्वामी की माता का लंबी अस्वस्थता के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने लगे। शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि इस दुख की घड़ी में परिवार को आत्मबल प्रदान करें। प्रकाश गोस्वामी अपने मिलनसार स्वभाव और जनसरोकारों के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। वे हमेशा लोगों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं, यही कारण है कि उनके प्रति लोगों का गहरा आत्मीय जुड़ाव है और इस घटना से उनके समर्थक भी बेहद मर्माहत हैं।

# तिलौथू में सामूहिक निकाह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** सामाजिक एकता, सहयोग और मानवता की मिसाल पेश करते हुए इज्तिमाई निकाह कमेटी, तिलौथू सरैया के तत्वावधान में आगामी 9 मई को भव्य निःशुल्क इज्तिमाई निकाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम तिलौथू सरैया स्थित भोज मियां मैदान (डॉ. कादरी लॉज के सामने) में संपन्न होगा। कमेटी के अध्यक्ष इलियास अंसारी, संस्थापक अमानत हुसैन, सचिव नितिश कुमार एवं संचालक जॉन अहमद ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस नेक पहल के तहत 6 जरूरतमंद बेटियों का निकाह कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा और समाज में सहयोग व संवेदनशीलता का संदेश देगा। इस आयोजन को सफल बनाने में स्वामी कृष्णमोहन दास जी, बशीर अहमद, आमिर इकबाल, गोल्डन, वकील अंसारी, बबलू खान, रिजवान, संतोष शुक्ला, हरि मोहन, डॉ. अबुल हसन, डॉ. ए.के. अंसारी, जावेद, संतराज (धीरज), सुखदेव कुमार वर्मा, डॉ. आकाश पासवान, सुदर्शन सिंह, डॉ. लक्ष्मण देवा, अजीज अख्तर, दानिश, अजय कुमार, मुकेश कुमार और वसीम अंसारी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बनेगा, जिसमें हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलेगी। कमेटी ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों व आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस पहल को सफल बनाने की अपील की है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम (रोहतास)।** कुशवाहा सभा भवन समिति के तत्वावधान में इस वर्ष भी भगवान बुद्ध के जन्मदिन बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी जाति धर्म के लोगों के लिए निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह तथा भोजन पानी रहने ठहरने के व्यवस्था के साथ कुशवाहा सभा भवन के अध्यक्ष पुनवासी सिंह के अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष रवींद्र प्रसाद सिंह के संचालन में कुशवाहा सभा भवन में हुआ। सुबह झंडोत्तोलन के पश्चात बौद्ध भिक्षुक को द्वारा दीप जलाकर बुद्ध वंदना पूजा अर्चना कर खीर का प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात आगत अतिथियों कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी सदस्य दानदाताओं आजीवन सदस्यों का अंग वस्त्र एवं माला अर्पण से स्वागत अभिनंदन कुशवाहा सभा भवन के सचिव




शिवकुमार सिंह एवं कुशवाहा सभा भवन के उपाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह अधिवक्ता के द्वारा किया गया। तथा 2:00 बजे दिन से सभी जाति धर्म के लोगों का निःशुल्क वैवाहिक समारोह का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर सासाराम नगर निगम मेयर काजल कुमारी डॉ अमित कुमार एवं कामेश्वर सिंह (सचिव महात्मा फुले मेडिकल कॉलेज मुरादाबाद) द्वारा किया गया। समारोह मे पिंटू कुमार राम संग दुर्गा कुमारी, हरेंद्र कुमार सिंह संग खुशी कुमारी, सतीश कुमार संग कृति मधु, दिनेश कुमार संग खुशबू कुमारी इत्यादि लोगों का विवाह कराया गया तथा वर वधू और उनके माता-पिता को अंग वस्त्र माला अर्पण से सम्मानित किया गया। वर वधु को कुशवाहा सभा भवन के ट्रस्टी सत्यनारायण स्वामी, मंत्री दीपक कुमार, काजल कुमारी, डॉक्टर अमित कुमार कामेश्वर सिंह सचिव महात्मा फुले मेडिकल कॉलेज के द्वारा प्रतिज्ञा पत्र पढ़ाया गया। समारोह में योगेंद्र कुशवाहा अध्यक्ष सर्वजन कल्याण संस्था, विकास कुमार, भंते चक्रधारी, हरिहर प्रसाद सिंह, चुन्नू कुमार, अरुण कुमार, जगनारायण सिंह अरुण कुमार आर एस सिंह अशोक कुमार सिंह सुनील कुमार अधिवक्ता कमलेश कुमार महतो संतोष कुमार अधिवक्ता इत्यादि लोग उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष कपिल देव सिंह, उपकोषाध्यक्ष जगत प्रकाश मौर्य, शिवकुमार मौर्य, संयुक्त सचिव जगरोपण सिंह, प्रमोद कुमार, सिंहासन सिंह, कामेश्वर सिंह, मनोज विश्वकर्मा, रितेश कुमार, राजेंद्र सिंह, मेघनाथ सिंह, राम नारायण सिंह, रामाश्रय सिंह, बाबू चांद सिंह, राम नरेश सिंह, ललित सिंह सहित अन्य सदस्यों की भूमिका सर्वोपरि रही। उक्त जानकारी कुशवाहा सभा भवन के सचिव शिवकुमार सिंह ने दिया।

# वरिष्ठ पत्रकार के भाई के निधन पर शोक

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डेहरी प्रखंड के दरिहट निवासी वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार सिंह के बड़े भाई अरविंद कुमार सिंह का गुरुवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दिनभर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार अरविंद कुमार सिंह का झुकाव अध्यात्म की ओर अधिक था। वे भगवान शिव को अपना गुरु मानते थे और दिनभर भजन-कीर्तन एवं आध्यात्मिक चर्चाओं में संलग्न रहते थे। क्षेत्र में वे 'शिव गुरु' के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष रूप से जाने जाते थे और लोगों को अध्यात्म से जोड़ने का लगातार प्रयास करते थे। दरिहट सहित आसपास के इलाकों में उनकी एक अलग पहचान थी। करीब 55 वर्ष की आयु में उन्होंने इस संसार को अलविदा कहा। अपने पीछे वे दो पुत्र–बड़े पुत्र आयुष कुमार और छोटे पुत्र आदित्य कुमार–को छोड़ गए हैं। निधन की सूचना मिलते ही पत्रकार व समाज के कई गणमान्य लोग शोक व्यक्त करने पहुंचे। इनमें सुरेंद्र तिवारी, मदन कुमार, अरुण सिंह, जग नारायण पांडेय, प्रेम पाठक, रवि वर्मा, अरुण गुप्ता, अनिल सिंह, शमशेद खान, पप्पू दुबे, रविकेश उपाध्याय, कमलेश मिश्रा, सुशील कुमार, गोलू कुमार सहित विवेक कुमार सिंह, कृष्णा प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर हरिकीर्तन भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन का आयोजन दिनारा प्रखंड अंतर्गत ग्राम अकोढ़ा के पंचायत भवन परिसर में आयोजित किया गया। अखंड हरिकीर्तन एवं भजन संध्या व कवि सम्मेलन का आयोजन समाजसेवी एवं कवि नागेंद्र मिश्रा द्वारा आयोजित किया गया। भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता दिनारा वांग्मय परिषद के अध्यक्ष लक्ष्मण चौबे ने की। मंच संचालन शिक्षाविद एवं कवि -साहित्यकार डॉ. सरोज कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों ने भजन संध्या एवं कवि



सम्मेलन में भाग लिया और कविता पाठ का लुफ्त उठाया। भजन संध्या एवं कवि सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे कवि श्रीनिवास चौबे ने प्रस्तुत किया। शिक्षाविद एवं कवि डॉक्टर सरोज कुमार गुप्ता ने 'मुरली मनोहर जय घनश्याम, जानकी वल्लभ सीताराम' का भजन गायन से सबको भक्ति भाव बिह्वल कर दिया। भोजपुरी रामचरितमानस कथा वाचक राजबल्लभ सिंह ने अयोध्या कंड पर आधारित मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शमय गुणों का जीवंत गायन कर श्रोताओं का मन मोह लिया। पूर्व प्रधानाचार्य एवं भोजपुरी गीत रचयिता प्रोफ़ेसर राज बहादुर सिंह ने लंका कंड के तहत महाबली हनुमान के विरोचित गुण' मारता -मारता गदा ढाय- ढाय' गायन से श्रोताओं को खूब झुमाया। विकास कविराज की प्रस्तुति 'कौन कहता है भगवान नहीं है' भी काफी बेजोड़ रही। कवि एवं शिक्षक कृष्ण कुमार दुबे की भजन प्रस्तुति भी काफी दमदार रही। मौके पर ज्वाला प्रसाद सिंह, पूर्व थाना अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सिंह, काशीनाथ सिंह, डॉक्टर राकेश कुमार सिंह, हृदयानंद गोस्वामी, जगनारायण साह, कामता प्रसाद सिंह, जवाहर साह, सत्यनारायण साह, विनोद दुबे, मोहन व्यास, श्रीकांत मिश्रा, शशांक कुमार, नंदिनी देवी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### कमर्शियल गैस का दाम बढ़ाना जन विरोधी

**सासाराम (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर मनीष कुमार चौबे ने कहा की आज सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर 993 रुपये महंगा कर दिया। एक ही दिन में ये सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। चायवाला, ढाबा, होटल, बेकरी, हलवाई हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ गया और इसका असर सीधा लोगो के थाली पर भी पड़ेगा। यही नहीं आज कल शादी विवाह, लग्न का समय चल रहा है। बेटियों की शादी में उनके पिता पर अलग से बोझ बढ़ेगा। एक जनवरी से एक मई तक सरकार ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के मूल्य 1518 रुपए बढ़ाया है। चुनाव खत्म होते ही लोगों पर सरकार बिना परवाह किए उनके जेब से पैसे निकलने का काम कर रही है। देश में पहले से ही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ा हुआ है। आम आदमी के थाली से निवाला गायब है, ऐसी स्थिति में कमर्शियल गैस के दाम बढ़ने से बाहर काम करने वाले मजदूरों पर, बाहर रह रहे छात्रों पर, युवाओं पर, देश के मध्यवर्ग के परिवारों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। लोग महंगाई के तले दब जाएंगे ऐसी स्थिति में सरकार को लोगों को राहत देना चाहिए लेकिन इसके ठीक उल्टा सरकार देश के किसान, मजदूर, छात्र, युवा पर महंगाई का चाबुक चला रही है और इस महंगाई का सबसे ज्यादा और सीधा असर बिहार जैसे प्रदेशों में होगा। सरकार को तत्काल कमर्शियल गैस के मूल्यों को घटाना चाहिए।

### राजद नेता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**डिहरी ऑन सोन (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चकन्हां पंचायत में राजद नेता पप्पू यादव की 6वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी पत्नी एवं पंचायत की मुखिया पूनम देवी ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूनम देवी ने भावुक शब्दों में कहा कि ञ्आज भले ही आप हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आपकी छवि हमारे दिल और दिमाग में हमेशा जीवित है। आपकी सकारात्मक सोच और मार्गदर्शन ने हम सभी को आगे बढ़ने की ताकत दी है। मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि आप जहां भी रहें, अपने परिवार को आशीर्वाद देते रहें। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने पति के बताए मार्ग पर चलते हुए परिवार और समाज को जोड़कर रखने का प्रयास कर रही हैं। इस मौके पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-पाठ कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने उनके सामाजिक कार्यों को याद करते हुए कहा कि स्व. पप्पू यादव हमेशा गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे, जिससे उन्होंने पंचायत में एक अलग पहचान बनाई थी। कार्यक्रम में गुड्डू सिंह, रफीक अंसारी सहित कई गणमान्य लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर किया गया हवन-पूजन

**सासाराम (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पतंजलि आदर्श योग कक्षा द्वारा हवन-पूजन डिहरी-रोहतास किया गया। बुद्ध पूर्णिया के दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। महात्मा बुद्ध देव ने कहा था कि वाणी मे सत्यता और प्रेम होना चाहिए। झूठ, अपशब्द, चुगली या किसी की निंदा, करने से बचना चाहिए। शांति और सदभावना के प्रतीक पर्व बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी को इस पावन पर्व की शुभकामना दी गई। इस अवसर पर पतंजलि जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद, जितेंद्र सिंह, ददन राय, प्रभूनारायण शर्मा, ललन चौघरी, शैलेन्द्र प्रसाद सिंह, बबन सिंह, दिनेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, भगवान प्रसाद, सरोज कुमार, नंदलाल साव, राजेश्वर जी कई पतंजलि परिवार के लोगों ने मिलकर हवन-पूजन किया।

# आज मनाई जाएगी महर्षि अंजनेशानन्द सरस्वती की प्रथम पुण्यतिथि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम (रोहतास)।** महर्षि अंजनेश आश्रम ताराचण्डी धाम सासाराम के मीडिया प्रभारी सह स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि दिनांक 03 मई 2026 दिन रविवार को महर्षि अंजनेश आश्रम, ताराचण्डी धाम सासाराम के प्रांगण में ब्रह्मलीन जगत गुरु कौलाचार्य महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती जी का प्रथम पुण्यतिथि मनाया जाएगा। महर्षि अंजनेशानंद सरस्वती जी के आत्मा के शांति हेतु समाधि पूजन, हवन, आरती, शांति पाठ, श्रद्धांजलि सभा, संकीर्तन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें अखिल भारतीय संत समिति, संत महासभा, हिंदू महासभा, शाक्त अखाड़ा परिषद, नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, नगर पूजा समिति रोहतास सासाराम इत्यादि विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक संगठनों से उनके पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण सहित संत एवं भक्तगण शामिल रहेंगे। महर्षि अंजनेश आश्रम के पीठाधीश्वर एवं महामंडलेश्वर स्वामी रणजीतेशानंद जी ने कहा कि गुरु जी का असामयिक प्रलोकगमन हम सभी के लिए अपूर्णीय क्षति रहा, उस क्षति को कोई पूरा नहीं कर सकता। आज गुरुजी हम सभी के बीच नहीं है परंतु उनका आशीर्वाद आज भी हम सभी के साथ है, उनके द्वारा दिए गए संस्कार एवं मार्गदर्शन सदैव स्मरणीय रहेंगे। स्वामी रणजीतेशानंद जी ने 03 मई 2026 को होने वाले कार्यक्रम में आश्रम से जुड़े सभी संत, भक्त एवं स्नेहजनों से शामिल होने के लिए निवेदन किया है।

## त्रिदंडी स्वामी डिग्री कॉलेज का जून में होगा उद्घाटन

**विक्रमगंज (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दावथ प्रखंड के परमानपुर में निर्माणाधीन श्री त्रिदंडी स्वामी मंदिर और डिग्री कॉलेज के कार्यों का निरीक्षण संत श्री जीयर स्वामी जी ने किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर दोनों निर्माण स्थलों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में मंदिर निर्माण के साथ-साथ डिग्री कॉलेज के उद्घाटन की तारीख पर भी चर्चा हुई। संभावना है कि कॉलेज का उद्घाटन सत्ताइस जून को किया जाएगा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के अंतर्गत संचालित होने वाले परमानंद नगर स्थित श्री त्रिदंडी स्वामी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन पहले अप्रैल माह में प्रस्तावित था। कॉलेज परिसर में दो भवनों का निर्माण कार्य जारी है। कुछ कार्य अधूरे रह जाने के कारण उद्घाटन कार्यक्रम को आगे बढ़ाना पड़ा। प्रशासनिक भवन में फर्श पर टाइल्स लगाने का काम अभी बाकी है। हालांकि प्रशासनिक भवन के लगभग सभी अन्य कार्य पूरे कर लिए गए हैं। केवल फिनिशिंग का काम शेष है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों का अनुमान है कि जून माह तक सभी बचे हुए काम पूरे कर लिए जाएंगे। कॉलेज परिसर में लगाए गए कार्य विवरण बोर्ड के अनुसार, निर्माण कार्य जनवरी 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य था। लेकिन शैक्षणिक सत्र को देखते हुए काम में तेजी लाई जा रही है। जीयर स्वामी जी ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर और कॉलेज दोनों क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# नगर पंचायत के विकास कार्य ठप, वार्ड सदस्यों पर लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** नगर पंचायत काराकाट के गोडारी में शनिवार को बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक वार्ड सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ी, जिससे क्षेत्र की विकास योजनाओं पर एक बार फिर ग्रहण लग गया। बैठक श्मशान घाट का जीर्णोद्धार, वहां तक पहुंचने वाले रास्ते का निर्माण, स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा करहा की उड़ाही समेत कई जनहित योजनाओं को पारित करने के लिए आहूत की गई थी। मुख्य पार्षद राधिका कुमारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी सिमाभ मतीन ने बताया कि बैठक में वार्ड संख्या 1, 2, 3, 7, 10 एवं 12 के सदस्य ही उपस्थित हुए, जबकि वार्ड संख्या 4, 6, 8, 9 और 11 के पार्षद पूरी तरह नदारद रहे। वार्ड संख्या 5 की सदस्या की प्रतिनिधि मालती देवी कुछ देर के लिए आईं लेकिन जल्द ही चली गईं। इस प्रकार कुल 15 में से मात्र 6 वार्ड पार्षद ही उपस्थित हो सके, जिसके कारण कोरम पूरा न होने से बैठक को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा। मौके पर मौजूद



सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए अनुपस्थित वार्ड सदस्यों को विकास बाधित करने का जिम्मेदार ठहराया और उन पर कमीशनखोरी का गंभीर आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि निजी स्वार्थ और आपसी खींचतान के चलते वार्ड सदस्य योजनाओं को क्रियान्वित नहीं होने दे रहे हैं, जिससे आम जनता को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी पार्षदों से व्यक्तिगत रूप से बात कर गतिरोध दूर करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य पार्षद राधिका कुमारी, उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, मुख्य पार्षद अभिभावक मुन्ना भारती के अलावा संजय सिंह, अशोक तिवारी, वीरेंद्र कुशवाहा, सुनील प्रजापति, ओमप्रकाश सोनी, नंदकुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में वार्ड पार्षदों के रवैये की निंदा की और कार्यपालक पदाधिकारी से हस्तक्षेप कर विकास कार्यों में आ रही रुकावट को तत्काल दूर करने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बैठक बुलाकर योजनाओं को पास नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नगर पंचायत के बने हुए 4 साल होने के बावजूद जानबूझकर विकास कार्य में रोड़ा अटकाने की बातें ग्रामीणों ने वार्ड पार्षदों पर थोपी तो वही लगातार स्थगित हो रही बैठकों से गोडारी का विकास ठप पड़ा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंद घर से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र में एक बंद घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित द्वारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार कौआकोल-पकरीबरावां पथ पर भारत गैस गोदाम के पास कौआकोल निवासी श्रवण कुमार अपने परिवार के साथ 24 अप्रैल को रिश्तेदारी में श्रीरामपुर,अकबरपुर गए हुए थे। शुक्रवार ( 1 मई ) को जब वे वापस घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला लगा हुआ मिला। घर के अंदर प्रवेश करने पर दो बक्सा का ताला टूटा हुआ और सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार चोरों ने घर में रखे लगभग 20 ग्राम सोने का जेवर, 100 ग्राम चांदी के आभूषण, कपड़े,कंबल, साड़ियां तथा रसोई का सामान,पचास हजार नकदी समेत अन्य कीमती वस्तुएं चोरी कर लीं। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद आवेदन थाना में दिया गया है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### बैंक का मना स्थापना दिवस

**बिहारशरीफ।** बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बिहार शरीफ में स्थापना दिवस धूम धाम के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी विपुल सौरभ एवं मुख्य प्रबन्धक राजेश भारती के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं केक काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में ग्रामीण बैंक स्टाफ सदस्य एवं सेवानिवृत सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। मुख्य अतिथि के रूप में चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट- अनिल कुमार अकेला, सेक्रेटरी- जवाहर लाल गांधी, संजोग कुमार एवं सदस्य डा॰ बिपिन कुमार के स्वागत में पौधा भेंट किया गया। क्षेत्रीय अधिकारी विपुल सौरभ की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन शशि शेखर द्वारा किया गया। रंजीत कुमार सिन्हा ने अपनी म्यूजिकल गायन द्वारा कार्यक्रम में रौनक भर दिया। क्षेत्रीय कार्यालय के महिला सदस्य शिवांगी सिन्हा ने भी गायन में भाग लिया। सीरिश कुमार द्वारा सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम का व्यवास्थापक टीम सुधीर कुमार सिन्हा, विनय कुमार, अंश राज को धन्यवाद दिया गया साथ हीं साथ सूर्यमणि प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, अश्विनी कुमार सिन्हा, वीरेंद्र पासवान, महेश कुमार सिन्हा, मानेन्द्र कुमार, रतन कुमार, नेहा कुमारी एवं सभी क्षेत्रीय कार्यालय के उपस्थित स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद के साथ कार्यक्रम की समाप्ती की गई।

### हाउस होल्ड सर्वे आरंभ

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार से जनगणना का प्रथम चरण हाउस होल्ड सर्वे के साथ शुरू हो गया। इस संबंध में बीडीओ सह जनगणना चार्ज अधिकारी डॉ॰ अखिलेश कुमार ने बताया कि जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 42 पर्यवेक्षक एवं 263 प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं कार्यों की सतत निगरानी एवं मॉनिटरिंग के लिए सहायक चार्ज अधिकारी के रूप में एमओ को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में कौआकोल प्रखण्ड के सभी 265 गणना ब्लॉक में संबंधित प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर परिवारों से संबंधित आधारभूत जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने हेतु सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वे सही जानकारी देकर जनगणना कार्य में प्रगणकों को सहयोग करें।

### स्पष्टीकरण समिति का गठन

**नवादा।** जिले में शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस संबंध में जारी पत्र के अनुसार, स्थानांतरण से जुड़े मामलों की समीक्षा एवं स्पष्टीकरण के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है। समिति को निर्देश दिया गया है कि वह निर्धारित तिथि के भीतर सभी मामलों की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे पत्र में उल्लेख है कि शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार 19.03.2026 को गठित स्थानांतरण समिति के माध्यम से शिक्षकों के आवेदन एवं दावों की जांच की जा रही है। समिति संबंधित शिक्षकों से आवश्यक अभिलेख एवं प्रमाण पत्र मांगकर उनकी जांच करेगी। इस पहल से जहां एक ओर योग्य शिक्षकों को न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर अनियमितताओं पर रोक लगाने में भी मदद मिलेगी। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई को जिले में सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### ईओ की हत्या के विरोध में शोक सभा, गिरफ्तारी की मांग




**हिसुआ।** भागलपुर के सुल्तानगंज में कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण की हत्या के विरोध में हिसुआ नगर परिषद परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शोक सभा में मुख्य पार्षद पूजा कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी आतिश रंजन सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने कृष्ण भूषण के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने इस घटना को अत्यंत दुखद और निंदनीय बताया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटना न केवल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि समाज में भय का माहौल भी उत्पन्न करती है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की कि इस जघन्य अपराध में शामिल दोषियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुख्य पार्षद पूजा कुमारी ने कहा कि दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी एक कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार अधिकारी थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। वहीं ईओ आतिश रंजन ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। शोक सभा में मौजूद सभी लोगों ने एकजुट होकर न्याय की मांग की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू

**नवादा** । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट 2026 परीक्षा रविवार को अप॰ 02:00 बजे से अप॰ 05:00 बजे तक (एकल पाली) नवादा जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। जिला दंडाधिकारी, नवादा के संयुक्त आदेश के आलोक में अमित अनुराग, अनुमंडल दंडाधिकारी, नवादा सदर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नवादा सदर अनुमंडल में सभी परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में रविवार को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

### अभिभावक व शिक्षकों की बैठक

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार अभिभावक व शिक्षकों की बैठक हुई। उच्च माध्यमिक विद्यालय बरियो में विद्यालय प्राचार्य अंकिता प्रिया और मध्य विद्यालय बरियो में प्रधानाध्यापक सीमा कुमारी की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावकों की बैठक हुई। इस मौके पर बीडीओ सोनिया ढनढननिया ,बीईओ दीपक सक्सेना, हेल्थ मैनेजर इरशाद अहमद व अन्य स्वास्थ्य कर्मी के देखरेख में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए छात्राओं को ह्यूमन पिप्लोमा वायरस का वैक्सीन लगाया गया। इस दौरान सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लेने के लिए जागरूक किया। उसके साथ छात्राओं को ह्यूमन पिप्लोमा वायरस का वैक्सीन लगाया। स्वास्थ्य प्रबंधक ने कहा यह वैक्सीन सवाबैंक है। पहला डोज छह माह पहले दिया गया है, अब दूसरा डोज दिया गया है।

# सीएम ने परनावां मेले का किया शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने की बाबा महतो के आदर्शों को समाज में अपनाने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** शुक्रवार को नालंदा जिले के परनावा गांव में एक भव्य और ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्री शरण निवास बाबा महतो साहब की जन्मस्थली पर आयोजित राजकीय मेले का विधिवत शुभारंभ किया। पूरे क्षेत्र में इस अवसर पर उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

मुख्यमंत्री ने बाबा महतो की स्मृतियों को नमन करते हुए उनके आदर्शों को समाज में अपनाने की अपील की। उन्होंने भाईचारे, सदाचार और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

अपने लगभग 14 मिनट के संबोधन में मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं और भविष्य के विकास विजन को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि बिहार अब विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है और नीतीश कुमार तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव का संकल्प दोहराते हुए उन्होंने कहा कि हर ब्लॉक में उच्च गुणवत्ता वाले मॉडल स्कूल और कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। इन संस्थानों में शिक्षा का स्तर इतना उत्कृष्ट होगा कि बड़े अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी अपने बच्चों का दाखिला कराने के इच्छुक होंगे।

महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब तक



बेटियां सुरक्षित घर नहीं पहुंच जातीं, तब तक सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

जन समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने 19 मई से हर पंचायत में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की घोषणा की, ताकि लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निपटारा हो सके और उन्हें दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

बाबा महतो धाम के विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन के लिए भूमि की कमी को दूर करने हेतु सरकार भूमि अधिग्रहण करेगी तथा मुख्य सड़क से मंदिर तक बेहतर कनेक्टिविटी के लिए नई सड़क बनाई जाएगी। साथ ही स्थानीय आईटीआई और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम बाबा महतो साहब के नाम पर रखने की घोषणा भी की।

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 2025 से 2030 के बीच एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। निवेश के क्षेत्र में उन्होंने 20 नवंबर तक बिहार में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश लाने की बात कही, जिससे उद्योगों का विस्तार होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

अपने पूरे संबोधन में मुख्यमंत्री ने राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास और सुशासन पर फोकस रखा।

कुल मिलाकर, परनावा गांव में आयोजित यह कार्यक्रम सिर्फ एक मेले का शुभारंभ नहीं, बल्कि विकास, सामाजिक समरसता और भविष्य के विजन का मजबूत संदेश बनकर उभरा। मुख्यमंत्री की घोषणाओं से क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगी है और यह विश्वास मजबूत हुआ है कि आने वाले समय में नालंदा समेत पूरा बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# नीट परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन को ले बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** । राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा अभिनव धीमान द्वारा केन्द्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग दी गई।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षा 3 मई को अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक नवादा जिले के 05 परीक्षा केन्द्रों—सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, नवादा; कन्हाई इंटर स्कूल, नवादा; प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल, नवादा; कन्हाई लाल साहु कॉलेज, नवादा एवं बुमेन आईटीआई, नवादा—पर आयोजित की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक निर्धारित है। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार अपराह्न 01:30 बजे बंद कर दिया जाएगा तथा परीक्षा अपराह्न 02:00 बजे प्रारंभ होगी। किसी भी परिस्थिति में निर्धारित समय के बाद किसी भी




परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के उपरांत ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक केन्द्र पर पुरुष एवं महिला पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षार्थी अपने साथ एडमिट कार्ड की स्वच्छ प्रति, दो पोस्टकार्ड साइज एवं पासपोर्ट साइज का फोटो, एक वैध फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैन कार्ड/पासपोर्ट/राशन कार्ड/विद्यार्थी पहचान पत्र) एवं पारदर्शी पानी की बोतल ले जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाई-फाई डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच, आभूषण, धातु सामग्री, इरेजर, व्हाइटनर एवं ब्लेड आदि प्रतिबंधित रहेंगे।

परीक्षा के सफल संचालन हेतु समाहरणालय, नवादा में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों की सतत निगरानी की जाएगी। साथ ही अग्निशमन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यवस्था की गई है। सिविल सर्जन, नवादा को चिकित्सकों एवं जीवन रक्षक दवाओं सहित एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, नवादा को सभी परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, नवादा को परीक्षा के दिन शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी (नवादा सदर),गोपनीय शाखा प्रभारी, डीएसपी मुख्यालय, स्थापना प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित सभी केन्द्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी उपस्थित थे।

# सैकड़ों अधिवक्ताओं ने ली जदयू की सदस्यता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** । सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार जदयू विधि प्रकोष्ठ द्वारा भव्य सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष नवादा राज किशोर प्रसाद दांगी के आगमन पर अधिवक्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में लगभग 500 विद्वान अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिनमें से सैकड़ों अधिवक्ताओं ने जदयू विधि प्रकोष्ठ की सदस्यता ग्रहण की। इस सदस्यता अभियान में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ आदित्य राज्य मेधावी अधिवक्ता, पूर्व प्रदेश महासचिव अधिवक्ता तबस्सुम मेहर, पूर्व प्रदेश सचिव अधिवक्ता कमलेश कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद कुमार अधिवक्ता सहित कई वरिष्ठ विधिज्ञ शामिल हुए। साथ ही कृष्णकांत चौधरी, अब्दुल जब्बार, सुधीर कुमार, शमीम अहमद परवेज, वाल्मीकि प्रसाद, सरवन कुमार, अजीत सिन्हा, अवलोक सिंह और रीना कुमारी समेत सैकड़ों अधिवक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

जदयू जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद दांगी ने कहा कि यह सदस्यता अभियान पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासवादी विचारों, सामाजिक न्याय और जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा जदयू विधि प्रकोष्ठ के माध्यम से पार्टी की नीतियों को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। कार्यक्रम ने नवादा में जदयू संगठन को नई ऊर्जा प्रदान की।

# संतोष कुमार वर्मा को मिला महात्मा बुद्ध गौरव सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा** । बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के सभागार में आयोजित बुद्ध अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 2026 में जिले के इंटर विद्यालय आती के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को महात्मा बुद्ध गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा, खेल, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।कार्यक्रम का आयोजन पार्श्व अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय धर्मार्थ न्यास द्वारा किया गया, जिसमें बिहार भर से कई दर्जन प्रतिभावान युवाओं एवं युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। संतोष कुमार वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक मार्गदर्शन देने, सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहयोग के लिए सम्मान




पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

इस भव्य समारोह में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुबोध सिंह शौर्य प्रियदर्शी, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पिंटू कुमार, स्वाति वर्मा, श्वेता कुमारी सहित कई गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। संतोष कुमार वर्मा को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर इंटर विद्यालय आती के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, शिव कुमार, प्रबोध कुमार पांडेय, रोह के शिक्षक मनोज कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट एंड गाइड संतु कुमार, राजीव कुमार, अरविंद कुमार, गुड्डी कुमारी सहित अनेक शिक्षकों एवं सहयोगियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस सम्मान से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ा है।

### प्राथमिकी दर्ज

**नवादा।** नगर थाना क्षेत्र में देर रात सड़क पर तेज आवाज में डीजे बजाकर अश्लील गानों पर नाच-गाने और यातायात बाधित करने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। नगर थाना में पदस्थापित पुअनि सानु कुमार के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

घटना 1 मई 2026 की रात लगभग 11 बजे की है, जब पुलिस टीम छापेमारी के दौरान सर्किट हाउस के पास पहुंची। वहां पिकअप गाड़ी पर साउंड सिस्टम के साथ बड़ी संख्या में बाराती अश्लील गानों पर डांस कर रहे थे। तेज ध्वनि और सड़क जाम से स्थानीय लोग भी परेशान थे।

पुलिस ने मौके पर डीजे सेट, साउंड बॉक्स, ट्रॉली, लाइट और वाहन को जब्त कर लिया। जब्त सामान में पांच बड़े बॉक्स, दो छोटे बॉक्स, चार मूविंग लाइट सहित अन्य उपकरण शामिल हैं।

इस मामले में डीजे संचालक, वाहन मालिक और अज्ञात बारात मालिक के खिलाफ नगर थाना कांड संख्या 441/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 289/223 तथा बिहार लाउडस्पीकर नियंत्रण अधिनियम 1955 की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# भामाशाह जयंती पर उमड़ा साहू समाज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** शूरवीर एवं दानवीर राष्ट्रभक्त भामाशाह की जयंती के अवसर पर नवादा के साहू सदन मैदान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें साहू समाज के लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली। पूरा परिसर भामाशाह के जयकारों से गूंज उठा और समाज के लोगों में विशेष उत्साह नजर आया।

कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, विधायक लाल बाबू गुप्ता, नवादा की उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू, पटना महापौर प्रतिनिधि शिशिर कुमार तथा कार्यक्रम संयोजक रवि गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भामाशाह के जीवन, उनके त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज को आज भी रणनीतिक भागीदारी में आगे आने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भामाशाह जैसे महान पूर्वजों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। वहीं विधायक लाल बाबू गुप्ता ने भी समाज के उत्थान और एकजुटता पर जोर देते हुए कई महत्वपूर्ण बातें रखीं।

कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग में चार्टर्ड अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत तृप्ति गुप्ता द्वारा उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक रवि गुप्ता ने कहा कि भामाशाह शौर्य, स्वाभिमान, पराक्रम और देशभक्ति के प्रतीक हैं तथा उनका जीवन समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने आह्वान किया कि साहू समाज उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश के विकास में योगदान दे।

स्वागत अध्यक्ष अंबिका प्रसाद ने जिले से आए जनप्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संरक्षक विष्णुदेव प्रसाद एवं वजीर प्रसाद ने कार्यक्रम की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। संयोजक आर.पी. साहू ने भी अपने विचार रखते हुए समाज को संगठित रहने का संदेश दिया।

इस आयोजन में नवादा जिला तैलीक साहू सभा के बैनर तले जिले भर से आए जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, माताएं, बहनें और बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।

### मजदूर दिवस पर जसुपा ने निकाली प्रभात फेरी

**नवादा** । अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले में प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी के दौरान कार्यकर्ता नवादा केंदुआ बाईपास से जल मंदिर तक गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के सम्मान, उनके अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। वहीं श्रमिकों के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। प्रभात फेरी का नेतृत्व जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने किया। उनके नेतृत्व में निकली इस प्रभात फेरी में पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मजदूरों के अधिकारों के समर्थन में संदेश दिया।

मौके पर पर जिलाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, कोषाध्यक्ष ललन शर्मा, मुख्य प्रवक्ता मिथिलेश सिंह, महामंत्री सरयुग कुशवाहा, युवा अध्यक्ष नीरज कुमार, महिला प्रवक्ता सरस्वती देवी, गोविंदपुर की पूर्व प्रत्याशी पूनम कुमारी सहित सक्रिय पदाधिकारी नसीम अहमद, शिवम कुमार, कन्हैया कुमार एवं रजनीश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहल

# वैश्विक शांति और सहयोग को विकसित करने हेतु बौद्ध विरासत का महत्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नालंदा विश्वविद्यालय ने न्यूयॉर्क में उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय संवादों में भागीदारी के माध्यम से अपनी बढ़ती वैश्विक संलग्नता को चिह्नित किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय वेसाक दिवस कार्यक्रम के साथ-साथ नेपाल में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता रही। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय वेसाक दिवस समारोह में वैश्विक शांति और सहयोग को सशक्त बनाने हेतु बौद्ध विरासत का उपयोग विषय पर मुख्य भाषण दिया।अपने भाषण में प्रोफेसर चतुर्वेदी ने बौद्ध दर्शन की समकालीन वैश्विक चुनौतियों के समाधान में स्थायी प्रासंगिकता पर बल दिया, जिसमें परस्पर निर्भरता, सामूहिक कल्याण तथा नैतिक विकास को वैश्विक शासन की आधारशिला के रूप में रेखांकित किया। विश्व की प्रथम आवासीय अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय नालंदा की ऐतिहासिक विरासत का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसके पुनरुद्धार को संस्कृतियों एवं राष्ट्रों के मध्य संवाद को प्रोत्साहित करने वाले जीवंत सभ्यतागत पुल के रूप में चित्रित




किया।

सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में समर्पित सांस्कृतिक लक्ष्य की अनुपस्थिति को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृति वैश्विक विकास एजेंडे का अभावग्रस्त आधार बनी हुई है। 2030 के बाद के विकास रूप-रेखा की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने संस्कृति एवं नैतिकता को सतत एवं समावेशी वैश्विक प्रगति के संरचनात्मक स्तंभों के रूप में एकीकृत करने का आह्वान किया।

प्रतीत्यसमुत्पाद, सम्यक आजीविका तथा जगत हित जैसे प्रमुख बौद्ध संकल्पनों को रेखांकित करते हुए प्रोफेसर चतुर्वेदी ने एक ऐसा फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया जिसमें शांति मात्र संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं, अपितु नैतिक चेतना एवं साझा उत्तरदायित्व का परिणाम है। उन्होंने आगे जोर दिया कि बौद्ध विरासत - चाहे कलात्मक हो या दार्शनिक - बहुपक्षीय सहयोग एवं सांस्कृतिक समझ को सशक्त बनाने वाला एक महत्वपूर्ण वैश्विक साझा संपदा का रूप है।

वेसाक समारोह के दौरान पर नालंदा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की उप-स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत योजना पटेल से भी भेंट की तथ इस महत्वपूर्ण संवाद को सुगम बनाने में उनके सहयोग की सराहना की।

इस आयोजन में भूटान, कंबोडिया, जापान, लाओस, मंगोलिया, नेपाल, कोरिय, श्रीलंका तथा वियतनाम के स्थायी मिशन सहित अनेक सदस्य राष्ट्रों की सक्रिय और महत्वपूर्ण भागीदारी रही।इसके पश्चात, न्यूयॉर्क स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने नालंदा विश्वविद्यालय के सहयोग से बौद्ध धर्म पर एक विशिष्ट राउंडटेबल का आयोजन किया, जिसमें अमेरिका के कई प्रमुख स्कॉलर एवं शैक्षणिकजनों ने भी भाग लिया। प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी के नेतृत्व में नालंदा प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में चल रहे अनुसंधान, शैक्षणिक पहलों तथा साझा सभ्यतागत ज्ञान परंपराओं पर आधारित अर्थपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सहयोगों को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता का व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया। सभी शामिल विद्वानों ने नालंदा के वैश्विक अधिगम केंद्र के रूप में पुनरुत्थान के प्रयासों की सराहना की तथा शैक्षणिक साझेदारियों को और सशक्त बनाने पर समृद्ध चर्चा में भाग लिया। नालंदा विश्वविद्यालय ने इस आयोजन के सफलता के लिए, न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत विनय एस. प्रधान के सहयोग हेतु उनका आभार प्रकट किया।

इसी सन्दर्भ में, नेपाल में एक आयोजन में नालंदा विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रांशु समदर्शी को काठमांडू में भारत दूतावास द्वारा लुंबिनी बौद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित शैक्षणिक सेमिनार को संबोधित करने हेतु आमंत्रित किया गया।बुद्ध की जन्मस्थली पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने भारत एवं नेपाल के मध्य गहन सभ्यतागत अंतर्संबंधों तथा परस्पर निर्भरता को समझने के साधन के रूप में बौद्ध दार्शनिक रूप-रेखा पर बल दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि बौद्ध धर्म की साझा विरासत समरसता, सहयोग तथा सतत विकास को प्रोत्साहित करने का गहन आधार प्रदान करती है, जो दोनों देशों के मध्य संलग्नता को और सशक्त बनाते हुए सहयोगी विकास को उन्नत कर सकती है।

# मत्स्यजीवी समितियों की बैठक में तालाबों के संरक्षण पर जोर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। गया समाहरणालय में शनिवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में मत्स्यजीवी समितियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के मत्स्य संसाधनों, विशेषकर पारंपरिक तालाबों की स्थिति तथा मत्स्य पालकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि जिले के कई पारंपरिक तालाब या तो समाप्त हो चुके हैं या उनका वास्तविक स्वरूप स्पष्ट नहीं है। साथ ही कई तालाबों पर अवैध अतिक्रमण की समस्या भी चिन्हित की गई। इस पर जिलाधिकारी ने सभी तालाबों का व्यापक सर्वेक्षण कराने, अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त कार्रवाई करने तथा जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मत्स्य पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है और इसे मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मत्स्य पालकों एवं समितियों की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष योजनाएं तैयार की जाएं, ताकि उन्हें तकनीकी, वित्तीय एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य मत्स्य पालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इसके लिए प्रशिक्षण, संसाधनों की उपलब्धता और बाजार से बेहतर जुड़ाव सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि मत्स्यजीवी समुदाय की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, मत्स्यजीवी समितियों के प्रतिनिधि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गया आगमन पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का भव्य स्वागत, डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया अभिनंदन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया**। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के गया आगमन पर उनका भव्य और हृदयपूर्ण स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री बनने के बाद गया की पावन धरती पर यह उनका प्रथम आगमन था, जिसे लेकर स्थानीय लोगों और समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गर्मजोशी के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि गया की पवित्र भूमि पर मुख्यमंत्री का आगमन हम सभी के लिए गर्व और खुशी का विषय है। डॉ. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनका तहे दिल से स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया। उन्होंने आगे कहा कि गया, जो अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक महत्ता के लिए विश्व प्रसिद्ध है, मुख्यमंत्री के आगमन से और अधिक गौरवान्वित हुआ है। यह दौरा केवल एक औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि विकास, जनसेवा और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। डॉ. मिश्रा ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बिहार आने वाले समय में नई ऊंचाइयों को छुएगा और हर क्षेत्र में समृद्धि सुनिश्चित होगी।

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग' का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच**। भारत की जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग' का कार्य प्रखण्ड में शनिवार को शुरू हो गया है। इस चरण के अंतर्गत प्रखण्ड सभी घरों का सूचीकरण किया जाएगा तथा प्रत्येक घर पर हाउसहोल्ड नंबर अंकित किया जा रहा है। यह प्रक्रिया जनगणना का आधार मानी जाती है, जिसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार, हाउस नंबरिंग एवं हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का नक्शा तैयार करने का कार्य 4 मई 2026 तक सभी प्रगणकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पूरा किया जाना है। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण के तहत 2 मई से 31 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण संकलन का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस दौरान प्रत्येक घर, परिवार एवं नागरिक से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं का संकलन किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि जब जनगणना दल उनके घर पहुंचे, तो वे उनका सहयोग करें और सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि विकास योजनाओं के निर्माण में सटीक आंकड़ों का उपयोग सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## नरसिंह मंदिर को विष्णु कोरिडोर से जोड़ने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू (गया)**। गुरारू प्रखंड के कोंची गांव स्थित मगध क्षेत्र के अतिप्राचीन भगवान नरसिंह मंदिर में गुरुवार को वैशाख शुक्ल चतुर्दशी के अवसर पर नरसिंह जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और भगवान नरसिंह से सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू सुरेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि यह मंदिर लगभग 250 वर्ष से भी अधिक पुराना है। मंदिर का जीर्णोद्धार अपने समय के प्रख्यात शिक्षाविद् एवं वेद मर्मज्ञ पं. रामधन मिश्र के मार्गदर्शन में टेकारी राज के जनरल मैनेजर सह जमींदार बाबू मुकुटधारी सिंह द्वारा कराया गया था। इसके बाद बाबू यमुना प्रसाद सिंह एवं प्राचार्य रघुवंश प्रसाद सिंह द्वारा इसकी देखरेख की जाती रही।

# तैलिक साहु समाज ने भामाशाह जयंती पर किया सामूहिक विवाह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। गया शहर के टेकारी रोड स्थित तैलिक भवन में तैलिक साहु समाज द्वारा भामाशाह जयंती के अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के बीच संपन्न हुआ, जिसमें समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी रही।

समारोह का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसने आयोजन को और आकर्षक बना दिया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में दो जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया। समाज की ओर से नवविवाहित दंपतियों को आवश्यक सामग्री और उपहार भी प्रदान किए गए। तैलिक साहु सभा के जिलाध्यक्ष संजु लाल ने बताया कि वर्ष 2014 से लगातार भामाशाह जयंती के अवसर पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना है। उन्होंने आगामी दिनों में छात्रावास और पुस्तकालय निर्माण की योजना की भी घोषणा की, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने समाज के लोगों से एक मंच पर आकर आपसी सहयोग बढ़ाने और सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करने की अपील की। वहीं, नैना कुमारी ने कहा कि समाज द्वारा गरीब परिवारों के युवक-युवतियों का विवाह कराना सराहनीय पहल है और इससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में बोधगया प्रमुख गुड़िया देवी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश नंदन, प्रदेश संयोजक नरेश साव, मुखिया संतोष कुमार दास, डॉ. जे.पी. कुमारी, समाजसेवी सुरेश प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

# तेज आंधी में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी**। टिकारी अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार शाम आई तेज आंधी की चपेट में आकर घायल हुए एक अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अलीपुर थाना क्षेत्र के मालडा गांव निवासी रामस्वरूप सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रामस्वरूप सिंह बुधवार शाम अपने खेत पर थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब होने के बाद तेज आंधी शुरू हो गई। आंधी से बचने के लिए वे घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में लकड़ी का एक बड़ा टुकड़ा उनके ऊपर गिर गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तत्काल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गुरुवार को हालत और बिगड़ने पर उन्हें पटना स्थित पीएमसीएच भेजा गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सरकार से मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग की है।

# ट्रेलर की चपेट में आने से किशोर की मौत, सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी**। टिकारी-केसपा मुख्य मार्ग पर डिहुरा बाजार के समीप गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे बाद में प्रशासन के हस्तक्षेप से हटाया गया। मृतक की पहचान अलीपुर थाना क्षेत्र के मीरा बिगहा निवासी दिनेश पासवान के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर (संख्या BR 25 GA 5524) अलीपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे रौशन की बाइक ट्रेलर के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिससे वह ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गया। सिर दबने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रेलर छोड़कर फरार हो गया। आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। सूचना मिलने पर एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल, अलीपुर थाना अध्यक्ष सत्यम सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाकर जाम हटवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है और ट्रेलर को जब्त कर लिया है। वहीं, प्रखंड प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

# 'प्रिंसिपल डे' पर विशाल प्राइवेट आईटीआई कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया**। बोधगया के गया-डोभी रोड स्थित विशाल प्राइवेट आईटीआई में 'प्रिंसिपल डे' के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान के ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी (एपी) ने प्राचार्य नागेंद्र कुमार सिंह को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकाश प्रियदर्शी ने कहा कि प्राचार्य नागेंद्र कुमार सिंह पिछले 11 वर्षों से समर्पित भाव से संस्थान का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएं न केवल शिक्षित हो रहे हैं, बल्कि तकनीकी रूप से दक्ष और आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचार्य का योगदान संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नागेंद्र कुमार सिंह का समर्पण और प्रतिबद्धता अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उनके नेतृत्व में संस्थान ने अनुशासन, गुणवत्ता और परिणाम के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस अवसर पर कॉलेज के कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर पंकज कुमार, राजन सिन्हा सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# बोधगया में अंतर्राष्ट्रीय आंतरिक शांति सम्मेलन, 40 देशों के श्रद्धालुओं की भागीदारी





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बोधगया स्थित वाट थाई मगध बौद्ध विपश्यना मठ में अंतर्राष्ट्रीय आंतरिक शांति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें करीब 40 देशों के श्रद्धालु, साधक और धर्मगुरु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बुद्ध वंदना के साथ हुआ, जबकि स्थानीय स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। सम्मेलन में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बोधगया में इस प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों से भारत की आध्यात्मिक विरासत को वैश्विक पहचान मिल रही है और विश्व में शांति एवं सद्भाव का संदेश प्रसारित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में सहभागिता से आंतरिक शांति की अनुभूति होती है। इस सम्मेलन की अगुवाई विदेश से आईं आध्यात्मिक गुरु साईं लक्ष्मी देवी ने की। कार्यक्रम में हिंदू और बौद्ध धर्म के संत, विद्वान, आध्यात्मिक नेता एवं साधकों ने सहभागिता की। अंतरराष्ट्रीय योग गुरु स्वामी संतोषानंद ने बताया कि सम्मेलन की विशेषता यह रही कि इसमें भारत सहित अमेरिका, रूस, आयरलैंड, जर्मनी और नेपाल समेत 40 देशों के करीब 90 साधकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में सनातन परंपरा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ हिंदू और बौद्ध धर्म के समन्वय पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने कहा कि बोधगया जैसे पवित्र स्थल से विश्व शांति का संदेश देना अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस तरह के आयोजन वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक एकता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

## बोधगया में 'टूरिस्ट फर्स्ट' परियोजना को लेकर बैठक, सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण पर जोर

**गया**। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में शनिवार को 'टूरिस्ट फर्स्ट (सेफ एंड प्लेज़ेंट टूरिज्म प्रोजेक्ट)' के अंतर्गत बोधगया में पर्यटन को सुरक्षित एवं सुखद बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा नामित संस्था ग्लोबल ह्यूमेन ऑर्गनाइजेशन, मुंबई के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला पुलिस, बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति, भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया, मगध विश्वविद्यालय, होटल प्रबंधन संस्थान बोधगया, टूर एंड ट्रैवल्स एसोसिएशन, टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन गया तथा चैंबर ऑफ कॉमर्स गया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। परियोजना के तहत असंगठित क्षेत्र के सेवा प्रदाताओं—जैसे ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक, टूरिस्ट गाइड, स्ट्रीट वेंडर, पुलिसकर्मी एवं सुरक्षा गार्ड—को सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से संचार कौशल, आतिथ्य भावना और व्यवहारिक दक्षता को विकसित किया जाएगा, ताकि पर्यटकों के लिए सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण और सुखद वातावरण तैयार किया जा सके।

# शराब तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सरगना सहित 9 गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। पटना रेल जिला क्षेत्र में ट्रेनों के माध्यम से हो रही शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में रेल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ट्रेनों को एसीपी (चेन पुलिंग) कर रोककर शराब उतारने, पत्थरबाजी करने और यात्रियों से मारपीट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने सरगना सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

रेल एसपी अनंत कुमार राय ने बताया कि गया-डीडीयू, गया-धनबाद और गया-पटना रेलखंड पर सक्रिय इस गिरोह के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। सूचना के आधार पर विशेष टीम का गठन किया गया, जिसके बाद तकनीकी एवं मानवीय अनुसंधान के जरिए कार्रवाई करते हुए गिरोह के सरगना सरोज कुमार समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह आरा रेल थाना क्षेत्र के जगजीवन हाल्ट के आसपास सक्रिय था, लेकिन इसका नेटवर्क अन्य स्टेशनों तक फैला हुआ था। आरोपी ट्रेनों को जबरन रोककर शराब की खेप उतारते थे और विरोध करने पर यात्रियों के साथ मारपीट एवं पत्थरबाजी भी करते थे। 28 अप्रैल 2026 को हुई एक घटना में आरोपियों ने यात्रियों के साथ विवाद कर हिंसा की थी, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। रेल एसपी ने स्पष्ट किया कि शराब तस्करी में शामिल लोगों के साथ-साथ उन्हें संरक्षण देने वालों की भी पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर आर्थिक अपराध इकाई के माध्यम से उनकी संपत्ति की भी जांच कराई जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विभाग से जुड़े कोई कर्मी भी इस अवैध कार्य में संलिप्त पाए गए, तो उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई होगी। गिरफ्तार आरोपियों के पास से छह स्मार्टफोन बरामद किए गए हैं, जिनका उपयोग नेटवर्क संचालित करने में किया जाता था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। रेल पुलिस ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

## मानपुर स्टेशन पर ट्रेन से अंग्रेजी बीयर बरामद, 30 लीटर शराब जब्त

**गया**। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल अंतर्गत आरपीएफ आउट पोस्ट मानपुर की सतर्कता से एक अहम कार्रवाई सामने आई है। 13545 आसनसोल–वाराणसी पैसेंजर ट्रेन के मानपुर स्टेशन पर आगमन के दौरान संदिग्ध थैलों की जांच में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी बीयर बरामद की गई। जानकारी के अनुसार, ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने के बाद बीच वाले इंजन के पास रखे तीन कपड़े के झोलों की जांच की गई। जांच में तीनों झोलों में अंग्रेजी बीयर पाई गई। मौके पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी इन झोलों पर अपना दावा नहीं किया। गाड़ी के प्रस्थान संकेत के बाद झोलों को प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर एफओबी के नीचे उतारकर विस्तृत जांच की गई। दो झोलों में 18-18 कैन और एक झोले में 24 कैन 'बडवाइजर मैग्नम प्रीमियम बीयर' बरामद हुई। कुल 30 लीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10,200 रुपये बताई गई है, जब्त की गई।

# स्थानीय समुदाय के सशक्तिकरण की पहल, पर्यटन विकास को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास एवं स्थानीय समुदाय के सशक्तिकरण को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय, गया में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मगध विश्वविद्यालय की सक्रिय भागीदारी रही।

**बैठक का मुख्य विषय "टूरिस्ट फर्स्ट** : सेफ एंड प्लेज़ेंट टूरिज्म" रहा, जिसे बिहार सरकार के पर्यटन विभाग एवं ग्लोबल ह्यूमन ऑर्गनाइजेशन्स के संयुक्त सहयोग से लागू किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य बोधगया एवं आसपास के पर्यटन स्थलों के समीप रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के लोगों का आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण करना है। योजना के तहत सबसे पहले क्षेत्र में व्यापक सर्वेक्षण (डेटा कलेक्शन) कराया जाएगा, जिसके माध्यम से स्थानीय लोगों की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं चुनौतियों का आकलन किया जाएगा। इसके आधार पर एक ठोस कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत ई-रिक्शा चालक, टूरिस्ट गाइड, पांडा-पुजारी, फोटोग्राफर, वेंडर सहित अन्य सेवा प्रदाताओं को प्रमाणपत्र आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें स्वच्छता, आतिथ्य एवं व्यवहार कौशल से संबंधित विशेष प्रशिक्षण शामिल होगा, जिससे उनकी कार्यकुशलता बढ़े और आय में वृद्धि हो सके। इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मगध विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग को भी जोड़ा गया है। विभाग अपनी अकादमिक विशेषज्ञता, शोध क्षमता एवं क्षेत्रीय समझ के आधार पर योजना के संचालन, प्रशिक्षण और मॉनिटरिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आवश्यकता अनुसार विश्वविद्यालय के अन्य विभागों को भी इससे जोड़ा जाएगा। परियोजना की एक विशेष पहल के तहत मगध विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इंटर्न के रूप में भाग लेंगे। वे सर्वेक्षण, प्रशिक्षण एवं फील्ड वर्क में सहयोग करेंगे, साथ ही उन्हें प्रशिक्षण के साथ आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. बी.के. मंगलम ने व्यावहारिक पहलुओं पर अपने सुझाव दिए, जो कार्ययोजना के क्रियान्वयन में सहायक होंगे।

संपादकीय

# गुजरात : 'आप' को झटका

यूं भाजपा का अपने गढ़ गुजरात में चुनाव जीतना कोई बड़ी खबर नहीं है, लेकिन राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की बंपर जीत इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वहां भाजपा का कोई विकल्प नहीं है। विपक्षी कांग्रेस की हालत तो पतली है ही, हाल के वर्षों में प्रदेश में तीसरे विकल्प के रूप में उभरी आप (आम आदमी पार्टी) का भी इस चुनाव में लगभग सफाया हो जाना न सिर्फ चौंकाने वाला है, बल्कि इस बात का साफ इशारा है कि दिल्ली में पार्टी के बिखरने की आंच अब उन राज्यों तक भी पहुंच गई है, जहां आप को एक संभावना के रूप में देखा जा रहा था। गुजरात में हाल में हुए स्थानीय निकायों के चुनाव में भाजपा ने राज्य के सभी 15 नगर निगमों में अपनी जीत का परचम फहरा दिया है। यानी प्रदेश के शहरों में उसका जनसमर्थन अबाधित है। इनमें से भी मेहसाणा, मोरबी, नाडियाड और वापी ऐसे नगर निगम है, जहां पहली बार चुनाव हुए थे। गौरतलब है कि हाल में राज्य के 15 नगर निगम, 84 नगरपालिका, 34 जिला पंचायत और 260 तालुका पंचायत के लिए 26 अप्रैल को वोटिंग हुई थी। इनमें 4 करोड़ 18 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने वोट डाले थे। नतीजों से साफ है कि भाजपा वहां मतदाताओं के दिल से नहीं उतरी है। पिछले चुनाव में बीजेपी ने 8470 में से 6236 सीटें जीती थीं। इस चुनाव में कुछ बड़े नाम भी खेत रहे हैं। जैसे कि मशहूर क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की बहन नयनाबा कांग्रेस की टिकट पर राजकोट से हार गई हैं। सूरत नगर निगम की 120 सीटों में से भाजपा ने 115 सीटें जीती हैं। वहीं आप 4 सीटों पर सिमट गई। जबकि 2021 के स्थानीय निकाय चुनावों में आप ने 27 सीटें जीती थीं। इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण संकेत असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की घटती लोकप्रियता है। भुज नगर पालिका में उसके 3 उम्मीदवार जीते हैं। पिछले स्थानीय निकाय चुनाव में उसके 7 उम्मीदवार जीते थे। इस चुनाव में कुछ दिलचस्प नजारे भी देखने को मिले। मसलन चूड़ियां बेचने वाली संशीबेन कांगशिया बहुचराजी नगरपालिका के वार्ड-4 से पार्षद बनीं तो भरुच के पालेज तालुका पंचायत सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को सिर्फ 1 वोट से जीत मिली। इसी तरह भेसन सीट पर बीजेपी के पूर्व विधायक भूपतभाई भयानी की हार हुई। उन्हें आम आदमी पार्टी के दिनेश रूपारेलिया ने 1700 वोटों से हराया। निश्चय ही इन नतीजों का राज्य में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की दृष्टि से विशेष महत्व है। गुजरात में भाजपा से तीन दशकों से सत्ता पर काबिज है। उसने इसे हिंदुत्व की प्रयोगशाला बनाया हुआ है। बीच में आए कुछ राजनीतिक उतार-चढ़ावों को अलग रखें तो प्रदेश में भाजपा की जड़ें बहुत गहरी जम चुकी हैं। दरअसल गुजरात हिंदुत्व और आर्थिक विकास का ऐसा मॉडल बन चुका है, जिसे भाजपा अन्य राज्यों में भी दोहराने की कोशिश करती आई है। इस चुनाव में सबसे बड़ा झटका आप को लगा है। क्योंकि दिल्ली और पंजाब के बाद गुजरात ऐसा राज्य रहा है, जहां आप तीसरी ताकत के रूप में उभरने की कोशिश कर रही थी। लेकिन हाल में पार्टी में जो अंतर्कलह मची है, गुजरात भी उससे अछूता नहीं रहा है। आप के बड़े नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में जा रहे हैं। इससे आप का जनाधार सिकुड़ता जा रहा है। वह अपने रास्ते और उद्देश्य से भटक चुकी है। आप के सुप्रीमो भले ही बापू की समाधि पर कितने ही सत्याग्रह क्यों न कर लें, पार्टी को अब फिर से खड़ा करना आसान नहीं है।

# सड़कों को मौत नहीं, जीवन का रास्ता बनाएं

**जवाबदेही की कमी भी इस समस्या को और गंभीर बनाती है। सड़क प्रबंधन में कई एजेंसियाँ शामिल होती हैं- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राज्य सरकारें, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय प्रशासन। लेकिन इनके बीच समन्वय की कमी के कारण काम सही ढंग से नहीं हो पाता। जब कोई दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है और अक्सर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इस बिखरी हुई व्यवस्था के कारण लापरवाही बनी रहती है और सुधार की गति धीमी पड़ जाती है। न्यायपालिका ने इस स्थिति को सुधारने के लिए कई निर्देश दिए हैं, जैसे अतिक्रमण हटाना, पार्किंग को नियंत्रित करना, आधुनिक निगरानी प्रणाली लगाना और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना। सड़कें जीवन को जोड़ने के लिए बनाई जाती हैं, उसे समाप्त करने के लिए नहीं। लेकिन भारत में आज हालात कुछ और ही कहानी कहते हैं। खासकर राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने इन जीवनदायी रास्तों को मानो 'मौत के गलियारे' में बदल दिया है।**

यह चिंताजनक स्थिति केवल चालकों की लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारी अव्यवस्थित योजना, कमजोर कानून-प्रवर्तन और प्रशासनिक जवाबदेही की कमी का सम्मिलित दुष्परिणाम है। हाल ही में न्यायपालिका द्वारा जताई गई चिंता और दिए गए निर्देश इस संकट की गंभीरता को स्पष्ट करते हैं, लेकिन जब तक व्यवस्था की गहराई में मौजूद खामियों को दूर नहीं किया जाएगा, तब तक ये प्रयास केवल अस्थायी राहत ही बनकर रह जाएंगे।



भारत में सड़क नेटवर्क का तेजी से विस्तार, विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे का निर्माण, विकास और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। बेहतर कनेक्टिविटी, कम यात्रा समय और व्यापारिक सुगमता ने अर्थव्यवस्था को गति दी है। लेकिन इस विकास की एक बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ रही है। आंकड़े बताते हैं कि देश की कुल सड़कों में राष्ट्रीय राजमार्गों की हिस्सेदारी बहुत कम है, फिर भी सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का बड़ा हिस्सा इन्हीं पर होता है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि समस्या केवल यातायात की संख्या नहीं, बल्कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता, डिजाइन और प्रबंधन से जुड़ी है। राजमार्गों पर दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण ट्रैफिक नियमों का पालन न करना है। तेज गति यानी ओवरस्पीडिंग आज भी सबसे बड़ी वजह बनी हुई है। जिन सड़कों को तेज और सुगम यात्रा के लिए बनाया जाता है,वहीं गति नियंत्रण के पर्याप्त साधन नहीं होते। इसके साथ ही लापरवाह ड्राइविंग, जैसे लेन अनुशासन की कमी, अचानक ओवरटेक करना और सुरक्षा नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं के खतरे को और बढ़ा देती है। जब नियमों का पालन सख्ती से नहीं होता, तो लोग उन्हें हल्के में लेने लगते हैं और यही लापरवाही जानलेवा साबित होती है। एक बड़ी समस्या है राजमार्गों के किनारे अवैध पार्किंग और अतिक्रमण। अक्सर ट्रक और बसें सड़क के किनारे या कई बार मुख्य मार्ग पर ही खड़ी कर दी जाती हैं, खासकर रात के समय। तेज रफ्तार से चल रहे वाहनों के लिए यह अचानक सामने आने वाली बाधा घातक साबित होती है। इसके अलावा, सड़क किनारे ढाबे, दुकानें और अस्थायी बाजार भी अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे पैदल लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है और यातायात बाधित होता है। ये सभी स्थितियाँ मिलकर सड़कों को असुरक्षित और अनिश्चित बना देती हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमियाँ भी दुर्घटनाओं को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। कई जगहों पर सड़कें ठीक तरह से डिजाइन नहीं की गई होतीं, संकेतक (साइन बोर्ड) पर्याप्त नहीं होते, रोशनी की कमी रहती है और जरूरी जगहों पर सुरक्षा बैरियर नहीं लगाए जाते। कई बार राजमार्ग घनी आबादी वाले क्षेत्रों से गुजरते हैं, लेकिन वहां पैदल पारपथ, सर्विस लेन या गति नियंत्रित करने के उपाय नहीं होते। इससे यह स्पष्ट होता है कि सड़क निर्माण में सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाती, बल्कि केवल गति और विस्तार पर जोर दिया जाता है। जवाबदेही की कमी भी इस समस्या को और गंभीर बनाती है। सड़क प्रबंधन में कई एजेंसियाँ शामिल होती हैं- राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राज्य सरकारें, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय प्रशासन। लेकिन इनके बीच समन्वय की कमी के कारण काम सही ढंग से नहीं हो पाता। जब कोई दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है और अक्सर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इस बिखरी हुई व्यवस्था के कारण लापरवाही बनी रहती है और सुधार की गति धीमी पड़ जाती है। न्यायपालिका ने इस स्थिति को सुधारने के लिए कई निर्देश दिए हैं, जैसे अतिक्रमण हटाना, पार्किंग को नियंत्रित करना, आधुनिक निगरानी प्रणाली लगाना और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना। ये कदम निश्चित रूप से जरूरी हैं, लेकिन इनकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इन्हें कितनी गंभीरता से लागू किया जाता है। हमारे देश में अक्सर अच्छे नियम बनाए जाते हैं, लेकिन उनका पालन सही ढंग से नहीं होपाता। इसलिए असली चुनौती नीतियाँ बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारना है। तकनीक भी सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, स्पीड कैमरा, नंबर प्लेट पहचान प्रणाली और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपाय नियमों के पालन को सुनिश्चित कर सकते हैं। डेटा के आधार पर दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष कदम उठाए जा सकते हैं। लेकिन तकनीक तभी प्रभावी होगी, जब उसके साथ मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था और जवाबदेही भी जुड़ी हो। सड़क सुरक्षा में आम लोगों की भूमिका भी बेहद अहम है। अक्सर इसे केवल सरकार की जिम्मेदारी माना जाता है, लेकिन यह हर नागरिक का कर्तव्य भी है। वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना, मोबाइल फोन का उपयोग न करना, लेन का पालन करना और गति सीमा का सम्मान करना जैसे छोटे-छोटे कदम भी कई जिंदगियाँ बचा सकते हैं। जागरूकता अभियान और सख्त दंड व्यवस्था लोगों में जिम्मेदारी की भावना विकसित कर सकते हैं।

हालांकि यह भी सच है कि केवल व्यक्तिगत सावधानी से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। यदि सड़कें ही खराब हों, संकेतक न हों या अचानक अवरोध सामने आ जाए, तो सावधान चालक भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। इसलिए सड़क सुरक्षा को एक साझा जिम्मेदारी के रूप में देखना होगा, जिसमें सरकार और नागरिक दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण हो। एक और महत्वपूर्ण पहलू है आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था। कई मामलों में समय पर इलाज मिलने से जान बचाई जा सकती है, लेकिन अक्सर एंबुलेंस देर से पहुंचती है या आसपास उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होती। यदि राजमार्गों के किनारे आधुनिक ट्रॉमा सेंटर और बेहतर एंबुलेंस नेटवर्क विकसित किए जाएँ, तो मृत्यु दर को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सड़क दुर्घटनाओं की आर्थिक और सामाजिक कीमत भी बहुत बड़ी होती है।

अध्यात्म

## संगति का असर हमारे सोचने और व्यवहार पर पड़ता है

एक लोक कथा है। बहुत समय पहले एक राजा शिकार के लिए अपने सैनिकों के साथ जंगल में गया। शिकार करते-करते वह अपने साथियों से बिछड़ गया और जंगल में बहुत अंदर पहुंच गया। धीरे-धीरे शाम होने लगी और राजा को रास्ता समझ नहीं आया। वह अकेला, भूखा और थका हुआ था।

राजा रास्ता खोजते-खोजते एक बड़े पेड़ के नीचे बैठ गया। वह बहुत परेशान था। तभी उसे पास के पेड़ से एक तोते की आवाज सुनाई दी। तोता जोर-जोर से बोल रहा था- 'पकड़ो राजा को। यह अकेला है, इसे लूट लो। '

तोते की बात सुनकर राजा डर गया। उसे लगा कि कहीं डकैत आ गए, तो उसकी जान खतरे में पड़ जाएगी। वह चुपचाप उठकर वहां से आगे निकल गया।

थोड़ी दूर चलने के बाद राजा फिर बहुत थक गया। उसने एक और पेड़ के नीचे आराम करने का सोचा। जैसे ही वह वहां बैठा, उसे फिर एक तोते की आवाज सुनाई दी। यह तोता बहुत मीठे और आदर भरे शब्द बोल रहा था- 'हमारे आश्रम में आपका स्वागत है। कृपया ठंडा जल ग्रहण करें और यहां विश्राम करें। '

यह सुनकर राजा हैरान रह गया। उसने इधर-उधर देखा तो पास ही एक आश्रम दिखाई दिया। राजा आश्रम में पहुंचा। वहां एक संत बैठे हुए थे। राजा ने उन्हें प्रणाम किया और उसके साथ घटी पूरी घटना बताई।

संत ने राजा को भोजन और पानी दिया। राजा ने भोजन के बाद संत से पूछा, 'महाराज, एक ही जंगल में दो तोते इतने अलग-अलग कैसे बोलते हैं? ' संत मुस्कुराए और बोले, 'राजन, यह संगत का असर है। जो तोता डकैतों के पास रहता है, वह उन्हीं की बातें सीख गया है और जो तोता आश्रम में रहता है, वह साधु-संतों के अच्छे विचार सुनकर वही बोलने लगा है। '

राजा को बात समझ आ गई। संत ने आगे कहा, 'इसी तरह मनुष्य भी जिस संगत में रहता है, वैसा ही बन जाता है। अच्छे लोगों की संगत से अच्छे विचार आते हैं और बुरी संगत से बुरे। '

राजा ने उस दिन एक बहुत बड़ा सबक सीखा कि जीवन में संगत बहुत महत्वपूर्ण होती है।

इस कहानी से हमें जीवन प्रबंधन के कई महत्वपूर्ण सूत्र मिलते हैं। अगर हम इन्हें अपने जीवन में अपनाएं तो हमारा व्यक्तित्व बेहतर बन सकता है।

# क्या बढ़ती गर्मी से लड़ने को तैयार है भारत?

**देश और दुनिया इस समय एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां गर्मी अब केवल मौसम का हिस्सा नहीं रही, बल्कि यह एक गहराता हुआ संकट बन चुकी है। अप्रैल से ही तापमान का 40 से 43 डिग्री के आसपास पहुंच जाना, मई-जून में45 डिग्री के पार जाना और रातों में भी गर्मी का कम न होना—ये संकेत साफ बताते हैं कि जलवायु का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है। आम आदमी के लिए यह केवल असुविधा नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, रोज़गार और जीवन के हर पहलू पर असर डालने वाली गंभीर चुनौती बन गई है। बढ़ती गर्मी के पीछे सबसे बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है।**

पिछले कुछ दशकोंमें औद्योगिक विकास, बढ़ते वाहनों और ऊर्जा की खपत ने वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को बहुत बढ़ा दिया है। ये गैसें पृथ्वी के चारों ओर एक परत बना देती हैं, जो सूर्य की गर्मी को बाहर जाने से रोकती है। परिणामस्वरूप पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि पहले जो गर्मी सामान्य मानी जाती थी, अब वहअसहनीय हो गई है।

इसके साथ ही तेजी से हो रहा शहरीकरण भी इस समस्या को बढ़ा रहा है। शहरों में कंक्रीट के भवन, अब सडकें भी सिमेंट से बनने लगी हैं और हरियाली की कमी मिलकर 'हीट आइलैंड प्रभाव' पैदा करते हैं। इसका मतलब है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से ज्यादा हो जाता है। जहां पहले पेड़-पौधे और मिट्टी प्राकृतिक रूप से तापमान को नियंत्रित करते थे, वहीं अब कंक्रीट और लोहे की संरचनाएं गर्मी को सोखकर उसे और बढ़ा देती हैं। यही वजह है कि शहरों में रहने वाले लोग अधिक गर्मी का सामना कर रहे हैं। प्राकृतिक असंतुलन भी एक बड़ा कारण है। पहले मौसम चक्र अपेक्षाकृत संतुलित था—समय पर बारिश, ठंडी हवाएं और मौसमी बदलाव एक लय में चलते थे। लेकिन अब यह लय टूट चुकी है। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ रहे हैं, मानसून अनियमित हो रहा है और कई बार लंबे समय तक बादल नहीं



बनते। इससे जमीन सूखजाती है और जब मिट्टी में नमी कम होती है, तो वह अधिक गर्मी को अवशोषित करती है, जिससे तापमान और बढ़ जाता है।

बढ़ती गर्मी के प्रभाव अब हर क्षेत्र में साफ दिखाई देने लगे हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से यह सबसे खतरनाक साबित हो रही है। हीट स्ट्रोक,डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, थकान और हृदय से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर वर्ग इस गर्मी के सबसे बड़े शिकार बन रहे हैं। कई मामलों में अत्यधिक गर्मी जानलेवा भी साबित हो रही है। कृषि क्षेत्र पर इसका असर और भी गंभीर है। तेज गर्मी और पानी की कमी के कारण फसलें समय से पहले सूख जाती हैं। गेहूं, चावल और अन्य प्रमुख फसलों की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। किसान पहले ही प्राकृतिक आपदाओंसे जूझ रहा है, और अब बढ़ती गर्मी उसकी मुश्किलों को और बढ़ा रही है। इससे न केवल किसानों की आय प्रभावित होती है, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाती है।

जल संकट भी इस समस्या का एक बड़ा पहलू बन चुका है। गर्मी बढ़ने से नदियों, तालाबों और झीलों का जल स्तर घटने लगता है। भूजल तेजी से नीचे जारहा है, जिससे पीने के पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है। कई शहरों और गांवों में पानी के लिए लंबी कतारें लगना अब आम बात हो गई है। यह स्थिति आने वाले समय में और भी विकट हो सकती है यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए। आर्थिक दृष्टि से भी गर्मी का प्रभाव कम नहीं है। अत्यधिक गर्मी के कारणकाम के घंटे घट जाते हैं, खासकर निर्माण कार्य, खेती और अन्य बाहरी कामोंमें लगे लोगों के लिए। इससे उत्पादन कम होता है और आय पर असर पड़ता है। उद्योगों में बिजली की मांग बढ़ने से ऊर्जा संकट भी पैदा होता है, जिससे लागत बढ़ती है और आर्थिक दबाव बढ़ता है। यह सवाल उठता है कि क्या इस बढ़ती गर्मी को रोका जा सकता है? वास्तविकतायह है कि यह एक वैश्विक समस्या है और इसे तुरंत रोकना संभव नहीं है। लेकिन इसके प्रभाव को कम करना और खुद को सुरक्षित रखना पूरी तरह हमारे हाथ में है। यही वह क्षेत्र है जहां व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

व्यक्तिगत स्तर पर कुछ सावधानियां बहुत कारगर साबित हो सकती हैं। दिन के सबसे गर्म समय, यानी दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर को ढंककर और हल्के, ढीले कपड़ेपहनकर ही निकलें। पानी, छाछ, नींबू पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन अधिक करें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। शरीर को ठंडा रखने के लिए समय-समय पर विश्राम करना भी जरूरी है।घर के स्तर पर भी कुछ छोटे बदलाव बड़ा असर डाल सकते हैं। घरों में पौधे लगाना, छतों पर हरियाली बढ़ाना और प्राकृतिक वेंटिलेशन का उपयोग करना तापमान को कम करने में मदद करता है। दिन के समय खिड़कियों को बंद रखकर और रात में खोलकर ठंडी हवा का लाभ लिया जा सकता है। पारंपरिक तरीकों, जैसे मिट्टी के घड़े का पानी और छायादार स्थानों का उपयोग भी आज के समय में प्रासंगिक हो गया है। समाज और सरकार की भूमिका इस समस्या से निपटने में सबसे महत्वपूर्ण है। शहरों में अधिक पेड़ लगाना, पार्क और ग्रीन जोन विकसित करना, और जल संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना जरूरी है। कई राज्यों में 'हीट एक्शन प्लान' लागू किए जा रहे हैं, जो लोगों को जागरूक करने और आपातकालीन सेवाओं को तैयार रखने में मदद करते हैं। इन योजनाओं को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

दीर्घकालिक समाधान की बात करें तो हमें अपने विकास के मॉडल पर पुनर्विचारकरना होगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देना, प्रदूषण को कम करना और टिकाऊ शहरी विकास की दिशा में कदम उठाना अनिवार्य है। यदि हम आज इन उपायों को अपनाते हैं, तो भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। बढ़ती गर्मी केवल एक मौसमी बदलाव नहीं, बल्कि एक चेतावनी है—प्रकृति की ओर से दी गई एक गंभीर चेतावनी। यदि हम इसे नजरअंदाज करते हैं, तो इसके परिणाम और भी भयावह हो सकते हैं। लेकिन यदि हम समय रहते जागरूक होकर सही कदम उठाते हैं, तो इस संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। आखिरकार, यह समझना होगा कि हम प्रकृति से अलग नहीं हैं, बल्कि उसका ही हिस्सा हैं। जब प्रकृति असंतुलित होती है, तो उसका असर सीधे हमारे जीवन पर पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने व्यवहार, अपनी नीतियों और अपनी प्राथमिकताओं में बदलाव लाएं। तभी हम इस तपती धरती पर जीवन की ठंडक को बनाए रख सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक संतुलित और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
करियर को लेकर मन में दुविधा की स्थिति रहेगी। बच्चों को मौसमी बीमारियाँ घेर सकती हैं। महत्त्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होना पड़ सकता है।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपको वाणी पर संयम रखना चाहिये। परिवार के लोग आपसे असन्तुष्ट हो सकते हैं। विवाह तय करने को लेकर जल्दबाजी न करें।

**मिथुन**
आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम को आपके घर में अतिथि आ सकते हैं। बच्चों की उपलब्धियों पर आपको गर्व की अनुभूति होगी।

**कर्क**
कमीशन सम्बन्धी कार्यों से लाभ हो सकता है। पुराने मित्रों से आज काफी दिनों बाद फोन पर बात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं।

**सिंह**
नयी योजनाओं के प्रति आपके मन में रुचि बढ़ेगी। लोगों की समस्याओं को सुलझाने में आपकी भूमिका महत्त्वपूर्ण हो सकती है।

**कन्या**
आज आपका मन कुछ कारणों से अशान्त रहेगा। बच्चों को गलत संगत से दूर रखें। अपनी क्षमता और योग्यता का सार्थक उपयोग नहीं कर पायेंगे।

**तुला**
दाम्पत्य जीवन में आ रही गलतफहमियों को दूर करने के लिये काफी अच्छा दिन है। धर्म और अध्यात्म के प्रति आपकी आस्था में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
बच्चे पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। अपनी महत्त्वपूर्ण वस्तुओं को सम्भालकर रखें। अपनी कार्यशैली में आप परिवर्तन ला सकते हैं।

**धनु**
किसी परिजन के साथ अनबन हो सकती है। आवारा जानवरों से सावधान रहें। वैवाहिक जीवन को समय अवश्य दें। घर के किसी बुजुर्ग सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में लोग आपको पर्याप्त महत्त्व नहीं देंगे। अच्छे साहित्य का अध्ययन करें। परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। बच्चों के क्रियाकलापों पर नजर बनाकर रखें।

**कुंभ**
व्यवसाय में परिवर्तन करने का विचार बनायेंगे। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं।

**मीन**
विदेश में नौकरी की इच्छा रखने वाले लोगों को जॉब के अवसर मिल सकते हैं। अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के लिये दिन अच्छा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्राट अशोक फाउंडेशन में हुआ पदाधिकारियों का चयन

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सम्राट अशोक फाउंडेशन के बैनर तले प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष निरंजन कुमार कुशवाहा उर्फ पप्पू जी ने प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,प्रदेश महासचिव एवम




सचिव,सलाहकार, तथा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया, सम्राट अशोक फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोनीत किए सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए की सम्राट अशोक फाउंडेशन को आगे ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करना है। अध्यक्ष ने सभी को निर्देश दिए आगामी 15 मई से पूरे बिहार के 38 जिलो में घूम-घूम कर सम्राट अशोक के आदर्शो को सर्व समाज मे स्थापित करने का निर्णय लिया गया हैं।

### फोरलेन पर डुमरी पुल के पास डिवाइडर से टकराई ऑटो, एक की मौत, एक जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया डोभी एनएच-22 पर पुनपुन थाना क्षेत्र के डुमरी पुल के पास में एक अनबैलेंस होकर ऑटो डिवाइडर से टकरा गई, जहां ऑटो पर सवार एक व्यक्ति की मौत मौके पर हो गई और दूसरा चालक गंभीर रूप में जख्मी हुआ है। मृतक के पहचान फतुवा थाना क्षेत्र के छोटी रानीपुर के निवासी मोती पासवान के पुत्र अरविंद कुमार प्रभाकर के रूप में हुई हैं। जबकि दूसरा ऑटो चालक व्यक्ति गंभीर रूप में जख्मी हो गया है। जिसे बेहतर इलाज के लिए एनएमसीएच भेजा गया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की तेज रफ्तार में एक ऑटो डिवाइडर से टकरा गया था उसी में हादसे में एक व्यक्ति जो पीछे बैठा हुआ था उसकी मौत मौके पर हो गई है। पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजा गया है अन्य बिंदुओं पर जांच की जा.रही है।

### राणा बीघा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल खराब, सरकार द्वारा भेजी गई दवा का प्रबंधन नहीं

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राणा बीघा पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल बेहाल है पुराने भवन में चलने वाला यह अस्पताल कुव्यवस्था का शिकार है हालत यह है कि यहां सरकार के द्वारा ट्रक से दवा भेज दी जाती है लेकिन उसे रखने के लिए अस्पताल के पास कोई मुकम्मल व्यवस्था नहीं जिसके चलते कार्टून में रखे हुए दावा बिना मरिज



तक पहुंचे हुए एक्सपायर कर जाती है और बाद में उसे जला दिया जाता है। इस अस्पताल को लेकर कई बार दवा जलाने की बात सामने आ चुकी है लेकिन स्वास्थ्य महकमा इस गंभीर समस्या के प्रति संवेदनशील नहीं है। जिसका खामियाजा इलाके के मरीजों को भुगतना पड़ता है चिकित्सक भी समय से नहीं आते हैं साथ ही मामले पर अस्पताल प्रबंधन से पूछे जाने पर कोई भी मुंह खोलने को तैयार नहीं है वहीं ग्रामीणों में इस तरह की घटना को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

### घर में घुसकर मारपीट तीन जख्मी, पांच नामजद 30 अज्ञात पर प्राथमिकी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के भैंसवां मठ गांव में आपसी विवाद में दो गुटों में हिंसक झडप में तीन लोग गंभीर रूप में जख्मी हो हुए हैं। इस पूरे मामले में भैंसवां मठ गांव के नवरतन प्रसाद पिता चतुरी राम ने पांच लोगों पर नामजद और 30 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। दरअसल पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि बीते 30 अप्रैल को तकरीबन 9:30 बजे जब हम पूरे परिवार घर में थे उसी समय तीन दर्जन से अधिक लोग हमारे घर में लाठी डंडे लोहे के रॉड के साथ घर में घुस आए और पूरे घर के समान को इधर-उधर फेकने लगे और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे,एवं बीच बचाव में लोहे के रॉड से हमारे परिवार को मारने पीटते लगे,जहां तीन लोग गंभीर रूप में जख्म हो गए हैं सबों का सिर फट गया है यहां तक की महिलाओं को भी नहीं छोड़ा है उन सब के साथ भी दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट किया,जख्मी में उपेंद्र प्रसाद, विपिन और सुरेंद्र प्रसाद गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं। वही इस पूरे घटना में नामजद आरोपी बनाते हुए नागेंद्र यादव, हेमंत कुमार यादव, राहुल कुमार, दीपू यादव, संजय यादव सभी माया बिगहा के निवासी हैं इसके साथ 30 अज्ञात लोग भी हरवे हथियार के साथ घर में घुसकर मारपीट किए हैं दिए गए आवेदन के आलोक में पुलिस जांच में जुटी है।

### एक देसी कट्टा दो कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी पुलिस ने संगत पर मोहल्ले से एक देसी कट्टा दो कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसका नाम नसीबा मांझी पिता श्रवत मांझी है। यह पुलिस पर हमला रायफल छीनने और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में फरार चल रहा था, थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि मसौढ़ी थाना कांड संख्या 938/ 25 के तहत बीते 10 दिसंबर 2025 को संगत पर मुसहरी में छापेमारी करने गए उत्पाद विभाग के टीम पर छापेमारी टीम पर हमला करते हुए गिरफ्तार दो व्यक्ति को छुड़ाने की कोशिश की थी,उसी क्रम मे पुलिसकर्मियों पर ईट पत्थर से पथराव किया गया था जिसमें दो जवान जख्मी हुए थे, यहां तक यह राइफल भी छीनने की कोशिश की थी, इस पूरे मामले में 15 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी इसी आरोप में मामले में



फरार चल रहे नसीबा मांझी को गिरफ्तार किया गया है।वहीं बिते शाम को ही इसी मामले मे फरार नामजद अभियुक्त नरसिंह मांझी को भी बीते शाम गिरफ्तार की गई थी जिसे छुड़ाने की कोशिश में एक बार फिर से पुलिस पर पथराव किए गए और पुलिस वाहन के शिशे तोड़े गए थे,बहरहाल इस घटना के बाद पुलिस पुरी मुस्तैदी के साथ फरार अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है।

# भगवान बुद्ध के करुणा, प्रेम और दया के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक : डॉ. राजीव नयन

## बुद्ध जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित, कहा- 'मध्यम मार्ग' ही जीवन का सार

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिंदी विकास मंच,सरथुआ और हिलसा शाखा के द्वारा भगवान बुद्ध की जयंती शुक्रवार को श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ मीडिया कर्मी व साहित्यकार डॉ. राजीव कुमार नयन ने 'बुद्ध स्मृति' कार्यक्रम में भगवान बुद्ध को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ. नयन ने कहा कि बुद्ध करुणा, शांति, मैत्री, दया और संवेदना के अवतार थे।वे वेद में भी निर्वेद लिए रहते थे और जीवन में हमेशा मध्यम मार्ग अपनाने पर बल देते थे।ये सदैव



अचूक है। अपने संदेश में उन्होंने बुद्ध के प्रसिद्ध उपदेश को उद्धृत करते हुए कहा, "वीणा के तार को इतना भी न कसो कि वह टूट ही जाए और इतना ढीला भी न छोड़ो कि बजना ही छोड़ दे।" जीवन में संतुलन ही बुद्ध का मूल मंत्र था। डॉ. नयन ने आगे कहा कि बुद्ध ने अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुए कहा था कि "मारने वाले से ज्यादा बचाने वाले का हाथ ऊंचा रहता है। वे सांसारिक सुखों से पूर्णतः विरक्त हो गए थे। उनकी अनिंद्य सुंदरी पत्नी यशोधरा और पुत्र राहुल का मोह भी उन्हें माया के बंधन में नहीं बांध सका। डॉ. नयन ने युवाओं से बुद्ध के आदर्शों को अपनाकर समाज में मैत्री, दया, परोपकार, शांति और सद्भावना फैलाने की अपील की। बुद्धम शरणम गच्छामि, संघम शरणम गच्छामि- यह बुद्ध का महान संदेश बौद्ध धर्म का मूल मंत्र है। मौके पर विमलेश कुमार, ई. ब्रजेन्द्र कुमार, शिशुपाल कुमार, पप्पू कुमार (अध्यापक), चंदन ठाकुर, सोनी शर्मा, अमित कुमार, संतोष रंजन, पूर्व पंस सदस्या कल्पना सिंधु, सफल साव, रामदयाल पासवान, संजीव कुमार राणा, रविरंजन, सामाजिक कार्यकर्ता मंटू कुमार चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, योगेंद्र चौधरी समेत 50 से अधिक ग्रामीण बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

## मसौढ़ी के घोरहुआं बुद्ध मंदिर में बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष कार्यक्रम, गूंजा 'बुद्धं शरणं गच्छामि' मंत्र



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मसौढ़ी के ऐतिहासिक घोरहुआं बुद्ध मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध को नमन कर विश्व शांति की कामना की। वैशाख पूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की त्रिविध स्मृति में सुबह 5 बजे से ही मंदिर में कार्यक्रम शुरू हो गया। बौद्ध भिक्षुओं ने पंचशील और अष्टांगिक मार्ग का पाठ किया। श्रद्धालुओं ने बुद्ध प्रतिमा पर खीर, फल और वस्त्र अर्पित किए। आचार्य सत्येन्द्र सिंह ने बताया की आज का दिन बहुत पवित्र है। भगवान बुद्ध ने पूरी दुनिया को करुणा, अहिंसा और शांति का संदेश दिया। हमने विशेष पूजा के बाद पंचशील का संकल्प दिलाया है। जो भी यहां सच्चे मन से आता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है। मुखिया पिंकू सिंह ने कहा की।सुबह 8 बजे मंदिर परिसर से शांति यात्रा निकाली गई जो घोरहुआं बाजार होते हुए वापस मंदिर पहुंची। यात्रा में स्कूली बच्चे, महिला-पुरुष और बौद्ध अनुयायी शामिल हुए। जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालु ने बताया की हर साल यहां आते हैं। मन को बहुत शांति मिलती है। बुद्ध का संदेश आज के समय में और भी जरूरी है। नफरत की जगह प्रेम फैलाना चाहिए। इस अवसर पर मुखिया पिंकु कुमार,अध्यक्ष मुखिया संघ आचार्य सतेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार, ख्याली रविदास, चिंटू संबद्ध, मुन्ना कुमार, पप्पू रविदास, आदित्य कुमार, सुबोध कुमार, राजू सिंह, जयप्रकाश कुमार, सतीश कुमार, सिकन्दर कुमार, मिथलेश कुमार सहित सैंकड़ो लोग शामिल हुए।

# अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिक सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मजदूर दिवस के मौके पर मसौढी के संत मेरिस स्कूल में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा श्रमिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर आसित ने विद्यालय के सभी सहायक कर्मचारी एवं विद्यालय से जुडे सहायक लोगों को भी सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किए 'फादर आसित ने अपने संबोधन मे श्रम और श्रमिक की महत्ता का उल्लेख करते हुए सबके प्रति आदर भाव रखने का संदेश बच्चों को दिए 'इस अवसर पर स्कूल छात्र छात्राओं के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



अपने सहायक दीदी_भैया के सम्मान मे विद्यालय के शिक्षको ने साफ-सफाई कर बच्चो को श्रम की गरिमा का महत्व प्रत्यक्ष रूप से समझाया' इस कार्यक्रम मे विद्यालय के उप प्रधानाचार्या सिस्टर मटिलडा एवं सभी शिक्षक उपस्थित रहे। बहरहाल अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर मसौढी एवं धनरूआ,में श्रमिकों के सम्मान और उनके कल्याण को समर्पित अनेक सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य निर्माण श्रमिकों, असंगठित क्षेत्र के कामगारों और मेहनतकशों के योगदान की सराहना करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

## अफवाहों से रहें दूर, हर किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचआईवी गार्डासिल वैक्सीनेशन है जरूरी

### 14-15 साल की 422 किशोरियों को लगा टीका

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए ल्ढश गार्डासिल वैक्सीनेशन अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 14 से 15 साल की उम्र की कुल 422 किशोरियों को टीका लगाया जा चुका है। जबकि मसौढी प्रखंड के लिए 2819 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज ने अपील किया है कि हर किशोरियों को महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह वैक्सीन लेना बहुत जरूरी है। अफवाहों से दूर रहें क्योंकि अभी फिलहाल गांव में कई तरह के अफवाहें चल रही हैं कि यह टीका लेने से बच्चेदानी पर प्रभाव करेगा ऐसा कुछ बात नहीं है, इसके अलावा स्कूलों के प्रधानाध्यापक से भी सहयोग नहीं मिलने की बात बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर चल रहे इस विशेष अभियान में स्कूलों और



आंगनबाड़ी के माध्यम से किशोरियों को जागरूक कर टीकाकरण केंद्र लाया जा रहा है। टीका पूरी तरह मुफ्त दिया जा रहा है। ल्ढश वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से 90% तक सुरक्षा देती है। 14 से 15 साल की उम्र टीके के लिए सबसे उपयुक्त है। अब तक 422 बच्चियों टीका दे चुके हैं। टीकाकरण के बाद सभी किशोरियों को 30 मिनट तक निगरानी में रखा गया।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रामानुज ने अपील है कि 9 से 14 साल की सभी किशोरियां नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर यह टीका जरूर लगवाएं। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक ललन सिंह, रमेश पटेल, भूषण प्रसाद अन्य शामिल रहे हैं।

## जनगणना: पहले फेज में मकान सूचीकरण शुरू, घर-घर जा रहे गणनाकर्मी, सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर दिये महत्वपूर्ण टिप्स

### मसौढी में 341 प्रगणक, 56 सुपरवाइजर की हुई प्रतिनियुक्ति ■एक गणनाकर्मी प्रत्येक दिन 150 घरों की करेंगे गिनती

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में जनगणना कार्य शनिवार से शुरू हो गई है। गणनाकर्मी घर-घर जाकर पहले फेज के मकान सूचीकरण के गणना कार्य मे जुट गये है। हालांकि इससे पहले सभी सुपरवाइजरों और प्रगणकों के साथ बैठक कर इस अभियान की शुरूआत का फाईनल टच तैयारी के जरूरी टिप्स दिये गये। जहाँ आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने पहले चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। जहाँ सुपरवाइजरों और प्रगणकों को जनगणना की प्रक्रिया से विस्तार से अवगत कराया गया। वही बताया गया कि कुल 341 प्रगणक की प्रतिनियुक्ति की गई है। फिलहाल 310 प्रगणक घर-घर जाकर कार्य करने में जुटे हैं, 56 सुपरवाइजर की प्रतिनियुक्ति की गई है। एक प्रगणक प्रतिदिन 150 घरों की गिनती करेंगे, वही 6 प्रगणक पर एक सुपरवाइजर की प्रतिनियुक्त की गई है।एवं प्रखंड कार्यालय मे कंट्रोल रूम बनाया गया है। वही इस बार जनगणना का कार्य पूरी तरह से डिजिटल होगा। जनगणना कार्य को सरल और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रगणकों को अपने-अपने क्षेत्रों का नजरी नक्शा तैयार करने और मकान संख्या क्रमवार करने से पहले क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया गया।इसके आधार



पर घरों की क्रमवार गणना सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि कार्य के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बीडीओ प्रभाकर कुमार ने बताया कि भीषण गर्मी और संभावित हीट वेव को देखते हुए जनगणना कार्य के समय में बदलाव किया है। प्रगणकों को सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक ही कार्य करने का निर्देश दिया गया है। जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 31 मई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनगणना शुरू होने के बाद प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जाएगी, ताकि कार्य समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा हो सके। मौके पर बीडीओ ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सुपरवाइजर प्रशिक्षण के अनुसार ही कार्य करें और जो योजनाएं बनाई गई हैं, उन्हें पूरी गंभीरता के साथ जमीन पर उतारें। उन्होंने कहा कि फील्ड में जाकर प्रत्येक क्षेत्र के महत्वपूर्ण लैंडमार्क चिन्हित करें, हर घर तक पहुंच सुनिश्चित करें और सटीक व पारदर्शी डेटा संग्रह करें। जनगणना के दौरान किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने पर विशेष जोर दें।

## सीडीपीओ कार्यालय में सेवानिवृत्त महिला पर्यवेक्षिका को दी गई विदाई

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल विकास परियोजना कार्यालय मसौढ़ी में महिला पर्यवेक्षिका संयुक्ता प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 36 साल की लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुई संयुक्ता प्रसाद को सीडीपीओ अनिता कुमारी और कर्मचारियों ने फूल-माला, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता



सीडीपीओ अनिता कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि संयुक्ता प्रसाद ने पूरे सेवाकाल में पूरी ईमानदारी और निष्ठा से काम किया। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, कुपोषण मुक्ति अभियान, पोषाहार वितरण और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना में उनका योगदान सराहनीय रहा। कोरोना काल में भी उन्होंने घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों की देखभाल की।इस मौके पर संयुक्त प्रसाद भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, "1986 में सेविका के रूप नौकरी ज्वाइन की थी, उसके बाद वर्ष 2012 में महिला पर्यवेक्षिका के रूप में ज्वाइन की थी, आज रिटायर हो रही हूं तो लगता है परिवार छूट रहा है। विभाग ने मुझे पहचान दी। सभी सहकर्मियों का सहयोग जीवनभर याद रहेगा। समारोह में एलएस राधा कुमारी अर्चना कुमारी सुगंधा कुमारी इंद्रजीत कुमार रंजीत कुमार मंटू भारती डॉ प्रेम निरंजन सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका मौजूद रहीं।

## श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा का आयोजन, 9 दिवसीय 21 कुंडीय महायज्ञ

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज के हरला गांव में श्री श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया गया है, जिसको लेकर शनिवार को भव्य रूप से कलश यात्रा का आयोजन किया गया, इस कलश यात्रा में 1000 से अधिक महिला श्रद्धालु सर पर कलश रखकर कादिरगंज के हरला गांव से धनरूआ पंच शिव मंदिर के पास तालाब से पहुंचे और वहां से जलभरी कर पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे हैं। यह यज्ञ अनुष्ठान आगामी 10 मई तक किया जाएगा, जहां यज्ञाधीश



देवनारायणचार्य महाराज इस पूरे महायज्ञ के अनुष्ठान में शामिल होंगे, 9 दिवसीय महायज्ञ में 21 कुंडली यज्ञ बनाया गया है। शुक्रवार से यह अखंड कीर्तन से यह पूरा अनुष्ठान की शुरूआत की गई है, शनिवार को कलश यात्रा करते हुए फिर रविवार को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, आह्वान किया जाना है। सोमवार को मंडप पूजन जलाधिवास, हवन आदि अन्य अनुष्ठान होंगे, उसके अगले बार मंगलवार को अन्नाधिवास परिक्रमा आदि अनुष्ठान होंगे एवं आगामी 10 मई को रविवार के दिन मंडप पूजन पूर्णाहुति और भंडारा एवं विदाई कार्यक्रम होगा, इस मौके पर यज्ञाधीश देवनारायचार्य ने कहा की हजारों साल से देश गुलाम रहकर भी सनातन धर्म को बचाया गया है, जहां कहीं मौका मिले इस यज्ञ अनुष्ठान के मौके पर शामिल होना चाहिए,यज्ञ स्थल तक जाने पर पांव पवित्र होते हैं दान देने से हाथ पवित्र होते हैं और यज्ञ में शामिल होने से मुखमंडल पवित्र होते हैं। हरला गांव में 3 हजार से पुराना शिवलिंग मिला था वही श्री विष्णु नारायण का भी यहां पर प्रतिमा है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा होनी है इस कार्यक्रम में पूरे गांव में लोगों में आस्था का जन सैलाब उमड रहा।

## मिस एंड मिसेस एशिया यूनिवर्स सीजन 10 का आयोजन मुंबई में नवंबर 2026 को

**मुंबई/पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रतिष्ठित मिस एंड मिसेस एशिया यूनिवर्स सीजन 10 भारत के फैशन और एंटरटेनमेंट कैपिटल मुंबई में नवंबर 2026 में आयोजित होने जा रहा है। अपने 10वें सीजन के साथ यह मंच अपने सफलतम एक दशक का भी जश्न मना रहा है। अपने सफर के दौरान यह पेजेंट लगातार एशिया की महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका देता रहा है, जहाँ वे अपनी खूबसूरती के साथ-साथ आत्मविश्वास, समझ और अपनी अलग पहचान को भी खुलकर सामने रख सकें। अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभागियों को एक साथ लाते हुए, इस पेजेंट में मिस, मिसेस और एलीट (48+) कैटेगरी शामिल हैं। इससे हर उम्र की महिलाओं को इंटरनेशनल स्टेज पर अपनी




प्रतिभा, व्यक्तित्व और सपनों को उजागर करने का समान अवसर मिलता है। मिस एंड मिसेस एशिया यूनिवर्स सीजन 10 सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो हर प्रतिभागी को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

## दो दिवसीय 'जिला प्रशिक्षण वर्ग' की विधिवत शुरूआत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को संगठन जिला बाढ़ भाजपा का 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान' के अंतर्गत दो दिवसीय 'जिला प्रशिक्षण वर्ग' का विधिवत शुरूआत, गुलाब बाग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर पूर्व मंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने किया। इससे पूर्व सभी आगंतुक सदस्यों ने प्रशिक्षण हेतु अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। प्रशिक्षण शिविर के प्रथम सत्र में डॉक्टर प्रमोद चंद्रवंशी ने 'सरकार की गरीब कल्याण योजना एवं उसके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका' विषय पर उपस्थित सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने संगठन के सदस्यों से कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं को जनता तक पहुंचाने मैं सेतु का काम करें! उन्होंने विभिन्न




उदाहरण देकर योजनाओं की क्रियान्वयन में सदस्यों की भूमिका के बारे में बताया। दिन भर के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्य सत्रों में मोहम्मद दानिश रिजवान, विधान पार्षद निवेदिता सिंह सहित कई नेताओं ने अपने-अपने विषयों पर उपस्थित सदस्यों के बीच चर्चा किया। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित सदस्यों का भोजन एवं रात्रि विश्राम कार्यक्रम स्थल पर ही होगा !प्रशिक्षण शिविर का समापन कल दोपहर बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी द्वारा किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर के क्रियान्वयन में इसके प्रभारी सुषमा साहू ,जिला प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ,की भूमिका महत्वपूर्ण रही। प्रशिक्षण शिविर में बाढ़ विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह ,बख्तियारपुर के पूर्व विधायक रणविजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू मुखिया, वरिष्ठ नेता मुकेश कुमार सिंह, सुभाष रंजन रमन, राजेश राजू ,राणा सुधीर सिंह, रामानंद झा ,संदीप मिंटू ,विनय कुशवाहा ,अरविंद यादव ,केशव कांत प्रसाद ,संजय यादव बिंदु, रूपेश कुमार सिंह, प्रीति रानी, शोभा देवी, सुषमा कुमारी, विंध्यवासिनी देवी, गौतम कुमार पु टु, सहित जिला के मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, सम्मिलित हुए! पूर्व मंत्री डॉ प्रमोद चंद्रवंशी ने मुकेश सिंह के साथ प्रसिद्ध उमानाथ मंदिर जाकर पूजा अर्चना भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी दस्तावेज से 100 टन खजूर आयात का खुलासा, बीरगंज का व्यापारी गिरफ्तार



**रक्सौल/बीरगंज (नेपाल)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फर्जी सरकारी दस्तावेज तैयार कर करीब 100 टन प्रतिबंधित छोहड़ा (सूखा खजूर) के अवैध आयात के मामले में बीरगंज के व्यापारी नवीन कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने सरकारी कागजात में हेरफेर कर प्रतिबंधित छोहड़ा को वैध दिखाते हुए आयात किया। जांच एजेंसियों का कहना है कि इस पूरे मामले में एक बड़े नेटवर्क के शामिल होने की आशंका है। सूत्रों का दावा है कि अग्रवाल को सोना तस्करी से जुड़े मामलों में भी इस्तेमाल किया गया था। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नेपाल पुलिस सहित अन्य एजेंसियां मामले की गहराई से जांच कर रही हैं। पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द हो सकती है।

### संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**कोटवा (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज बड़हरवा कला पश्चिमी के मुसहरी टोला में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। मृतका की पहचान गोलू मांझी की 25 वर्षीय पत्नी शिवानी देवी के रूप में की गई है। हालांकि,मौत के स्पष्ट कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है, जिसके चलते कई तरह की चचाएं भी हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। एसआई अमन कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्टया आत्म हत्या प्रतीत होता है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। अभी कोई आवेदन नहीं मिला है। पुलिस हर संभावित पहलू की जांच कर रही है।

### श्रम आयुक्त के हाथों सम्मानित हुए जमालपुर कारखाना के आधा दर्जन रेल कर्मी



**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय में मजदूर दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जमालपुर कारखाना के आधा दर्जन रेल कर्मी को उत्कृष्ट कार्य को लेकर सम्मानित किया गया। श्रम आयुक्त के उपस्थिति में आयोजित समारोह में कारखाना के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारी के साथ सुपरवाइजर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। उन्होंने रेल कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कर्मचारियों की मेहनत,समर्पण और कार्य के प्रति निष्ठा का बखान किया। उन्होंने आगे कहा ऐसे सम्मान समारोह कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में वर्कशॉप के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।समारोह का समापन उत्साह और गर्व के माहौल में हुआ।जहां सम्मानित कर्मचारी निशाकर कुमार, मनोज कुमार शर्मा रविंद्र कुमार सहित अन्य ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के प्रति आभार जताया कि उन्होंने मजदूर दिवस के मौके पर ऐसे सम्मान के लिए हम लोगों के नाम का चयन किया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई मेंटल हेल्थ कार्यशाला



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लायंस क्लब ऑफ जमालपुर लौहनगरी डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर में मेन्टल हेल्थ पर कार्यशाला आयोजित किया गया।कक्षा 8 से कक्षा 12 तक के लगभग 250 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन पटना से आयी हुई मनोचिकित्सक भव्या कुमार ने किया। सुश्री भव्या ने कार्यशाला में बच्चों को डिप्रेशन में न आने के गुर सिखाये और साथ ही साथ बच्चों को परीक्षा , सामाजिक दबाव को आसानी से झेलने के बारे में विस्तार से बताया।कुछ बच्चे कार्यशाला में अपनी परेशानी बताते हुए भावुक हो गए जो बहुत मार्मिक क्षण था।प्राचार्या लक्ष्मी रथ ने इस कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए कहा की भविष्य में भी बच्चों के लिए ऐसे कल्याणकारी प्रोग्राम आयोजित किये जायेंगे।कार्यक्रम में क्लब के रजनी,सचिव डॉ कविता, कमल,सुमन, सरिता , सुनील,ओम आर्य, मनीष समेत विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

### कार ने टोटो में मारा धक्का, 10 घायल


**अमरपुर(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंग्लिश मोड़ शंभूगंज मुख्य मार्ग पर केंदुआर पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने टोटो (ई-रिक्शा) में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टोटो पर सवार 10 लोग घायल हो गए।घायलों में कमराय रामपुर निवासी नीतू देवी, विवेक कुमार, रिंकी देवी, सुशीला देवी, नीलम देवी, मोहित कुमार, रानी कुमारी, मीरा देवी, रिंकू देवी तथा टोटो चालक दिलखुश यादव शामिल हैं। सभी घायलों को डायल 112 टीम और एंबुलेंस की सहायता से रेफरल अस्पताल अमरपुर लाया गया।अस्पताल में मौजूद डॉ. दिवाकर सिंह ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। इस दौरान विवेक कुमार की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया।घटना के संबंध में घायल टोटो चालक दिलखुश यादव ने बताया कि सभी लोग शादी समारोह में शामिल होकर बड़ी भेड़ा से अपने गांव कमराय रामपुर लौट रहे थे। इसी दौरान केंदुआर पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि कार भी शादी से लौट रही थी और दूल्हा-दुल्हन उसमें सवार थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### 82.750 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार



**चांदन (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चांदन देवघर मुख्य सड़क मार्ग के बेहंगापुल के समीप चांदन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ऑटो से 82.750 लीटर विदेशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। जानकारी के अनुसार आज गुरुवार को चांदन थाना पुलिस को एक ऑटो से शराब तस्करी होने की गुप्त सूचना मिली थी।जिसको लेकर चांदन थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती के नेतृत्व में सहायक अवर निरीक्षक दिनेश कुमार ने बेंहगापुल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाकर देवघर की और से चांदन की और आ रही एक ऑटो को रोककर तलाशी के दौरान 82.750 लीटर विदेशी शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान मुन्ना राणा पिता डालचन्द्र राणा सा०खेरा, थाना -खेरा, जिला जमुई के रूप में पहचान की गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया गिरफ्तार शराब कारोबारी के खिलाफ मध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजने की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### ब्राह्मकुमारीज सेंटर पर सम्मानित किये गए 15 श्रमिक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नगर के बनियापट्टी में संचालित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर 15 मजदूरों को शाल ओढ़ाकर,तिलक लगाकर और ईश्वरीय साहित्य देकर सम्मानित किया गया ' सेवा केंद्र की प्रभारी बीके करुणा बहन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मजदूर निर्माण के प्रतीक होते हैं आज विकास की गति जो दुनिया में दिखाई दे रही है इसके आधार मजदूर ही हैं ' मजदूरों के इतिहास पर उन्होने विस्तार से प्रकाश डाला. संचालन के दौरान बीके अशोक वर्मा ने संस्था के स्थापना और उद्देश्य पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि दुनिया को ऊंचाई देने वाले मजदूर आज भी महंगाई से आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं।

# 'सहयोग शिविर' अब आपकी समस्या का समाधान आपके दरवाजे पर



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार पूर्वी चम्पारण जिले में जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु सहयोग शिविर का आयोजन प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 19 मई 2025 (मई के तृतीय मंगलवार) से प्रारंभ होगी और प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार आयोजित की जाएगी। दिन एवं पंचायत की सूची सभी के साथ साझा की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक सभी सरकारी कार्यालयों में संबंधित पदाधिकारी निर्धारित स्थल पर उपस्थित रहकर नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे। पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर ,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के साथ बैठक कर 'सहयोग शिविर' की जानकारी दी गई तथा इसके आयोजन को लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इन शिविरों का आयोजन पंचायत सरकार भवन या उसके निकट किसी सार्वजनिक स्थल पर किया जाएगा, जहाँ आम नागरिकों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। शिविर की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी या जिला स्तरीय बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। प्रत्येक शिविर में राजस्व, भूमि सुधार एवं अंचल स्तर के पदाधिकारी अपने न्यायालय में लंबित एवं निष्पादित वादों की सूची भी प्रदर्शित करेंगे, ताकि आमजन को अपने मामलों की स्थिति की जानकारी सहज रूप से मिल सके। जिले के नागरिक शिविर से 30 दिन पूर्व ही अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिनियमों एवं योजनाओं में निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत किया जाएगा तथा आवेदक को लिखित सूचना दी जाएगी। सभी शिकायतों को शिविर संवाद समाधान पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा एवं रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से उनकी सतत निगरानी की जाएगी, जिससे शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार का विलंब न हो। शिविर की तिथि से पहले उस पंचायत के सभी आवेदनों का निष्पादन अनिवार्य होगा। इन शिविरों में केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा अधिकाधिक शिविरों का निरीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा तथा शिकायतों के निराकरण में संतोषजनक कार्य न करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जाएगी। राज्य स्तर पर भी सहयोग शिविर का आयोजन मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। सहयोग शिविर सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करेगा तथा "सबका सम्मान जीवन आसान" के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम होगा।

# आपदा प्रबंधन जल संरक्षण विषय पर कार्यक्रम आयोजित

## एनएसएस की ओर से जमालपुर कॉलेज जमालपुर में चल रहा विशेष शिविर



**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर कॉलेज जमालपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा आयोजित विशेष शिविर के छठे दिन ह्यआपदा प्रबंधन, जीवन संरक्षण ह्य नामक विषय को केंद्र में रख कर प्रो डॉ देवराज सुमन, प्राचार्य जेआर एस कॉलेज जमालपुर को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अशोक कुमार पोद्दार ने की।शिविर का संयोजन डॉ चन्दन कुमार ने किया और शिविर का संचालन डॉ चंदा कुमारी ने किया।कार्यक्रम का प्रारंभ लक्ष्य गीत से किया गया। तथापि योगाभ्यास के अंतर्गत सहज ध्यान, प्रार्थना , मंत्र योग , नाम जप विधियां आदि पर डॉ चन्दन कुमार ने विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य महोदय डॉ अशोक कुमार पोद्दार ने कहा कि दिन का प्रारंभ यदि यौगिक साधनाओं से होता है तो समाज के लोग ऐसा मानते हैं कि वे अनिष्ट आदि से दूर रहते हैं। योग बीमारियों से तो दूर रखता ही है। योग स्वास्थ्य की भी चाभी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्रो डॉ देवराज सुमन ने कहा कि आपदा मित्र के प्रशिक्षण में प्रत्यक्ष भागीदार रहा। हमारे छात्रों ने बिहार में बाढ़, सुखाड़, भूकंप, लू, हृदय घात, डूबने से रक्षा, डिहाइड्रेशन, सड़क दुर्घटना, आदि प्राकृतिक और कृत्रिम सभी प्रकार के आपदाओं के समय किए जाने वाले उपचारों के बारे में प्राथमिक रूप से सीखा।शिविर में आपदा के क्षेत्र में प्रशिक्षण लेते हैं तो समाज की बड़ी रिक्तता को पूरा करते हैं।मौके पर डॉ अभिलाषा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामुदायिक विकास का आपस में त्रिकोणीय संबंध है। इस मौके पर डॉ चम्पकलता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के नाम में ही ह्य सेवाह्न शब्द दर्ज है। आपदा के समय ह्य सेवा ह्न ही जीवन रक्षा का आधार बन जाता है। इस मौके पर अर्थशास्त्र विभाग के डॉ संजीव कुमार ने कहा आपदा के प्रबंधन की शिक्षा जीवन के अर्थ को मजबूत करने से जुड़ा है।शिक्षकों के वक्तव्य के बाद छात्रों ने आज पोस्टर बनाया और शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक विकास एवं आपदा प्रबंधन, जीवन संरक्षण को केंद्र में रखा। जिसमें कशिश, राजकुमार, प्रशांत,सोनू, मिट्ठू, शुभम, पीयूष कुमार, सन्नी, कौशिक, छोटी, कोमल, कोमल प्रिया, कोमल कुमारी, सोनी, प्रीति, नेहा, मनीषा, तनिषा, रश्मि, ब्यूटी, ब्यूटी कुमारी, सुधांशु ,सरस कुमार, राजनंदनी, अंशु कुमारी, अंशु कुमार, राखी , पीयूष चौहान, साजो ,काजल, कुणाल, रिया , रिया कुमारी ,राहुल, श्रुति, माही, आयुष, धीरज ठाकुर, अल्ताफ राजा, शिवम, अनुष्का, रानी, आलोक, सुमित, सोनम, रौशन, खुशी, अंजली, साक्षी, मुस्कान आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ रिंकू राय, डॉ नीता कुमारी, डॉ नेहा कुमारी, डॉ राकेश कुमार नटराजन, डॉ सैकत बनर्जी के अलावे अजय सिंह, अश्विनी कुमार, श्याम, आशीष , रंजू, सुष्मिता आदि ने सहयोग किया।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर मुख्य सचिव पहुंचे मुंगेर

## 5 मई को तिरुपति बालाजी की मूर्ति पहुंचेगी मुंगेर



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने संभावित मुख्यमंत्री दौरे की तैयारियों का जायजा लिया। 5 मई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मुंगेर आगमन की संभावना को देखते हुए मुख्य सचिव ने कार्यक्रम स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को समय पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत वे विश्वप्रसिद्ध योगाश्रम में पादुका दर्शन जायेंगे जहां तिरुपति बालाजी की उत्सव मर्ति के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लगें ।। इसके अलावा वे आरएसएस के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सरस्वती विद्या मंदिर भी जाएंगे। साथ ही कासिम बाजार थाना क्षेत्र स्थित निर्दोष काली मंदिर में पूजा-अर्चना करने का भी कार्यक्रम है। मुख्य सचिव ने इन सभी स्थलों का दौरा कर सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव पंकज पाल, जिलाधिकारी निखिल धनराज, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

# नेपाल में 'मेलविन जोन्स शिखर'- लायन्स ने रचा प्रेरणा का नया इतिहास



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेपाल के बीरगंज में सामाजिक सेवा के वैश्विक प्रतीक लायन्स क्लब्स इंटरनेशनल के संस्थापक मेलविन जोन्स की स्मृति को एक अनोखी ऊंचाई मिली है। नेपाल के लायन्स सदस्यों ने 5630 मीटर ऊंचे एक पर्वत शिखर का नामकरण 'मेलविन जोन्स शिखर' कर दिया- सिर्फ नामकरण ही नहीं, बल्कि शिखर पर लायन्स का अंतरराष्ट्रीय ध्वज और नेपाल का राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एक प्रेरणादायी मिसाल भी कायम की। इस साहसिक अभियान का नेतृत्व लायन जिम्बा जगम्बू शेर्पा ने किया, जबकि पर्वतारोही लायन दबाब क्षेत्री शेर्पा एवं लायन फुर्वा क्षेत्री शेर्पा ने कठिन परिस्थितियों को पार करते हुए शिखर पर पहुंचकर यह ऐतिहासिक कार्य पूरा किया। ऊंचाई, मौसम और जोखिम के बीच किया गया यह प्रयास सेवा और समर्पण की भावना को नई पहचान देता है। नेपाल से प्रथम अंतरराष्ट्रीय निदेशक लायन ई. संजय खेतान ने सोशल प्लेटफॉर्म फेसबुक के माध्यम से इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताते हुए टीम को बधाई दी। भूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक बालकृष्ण बुलाकीटी सहित देश-विदेश के अनेक लायन्स सदस्यों ने भी इसे सराहनीय पहल बताया।

### विधायक मनोज यादव पीड़ित परिवार से मिले

**चांदन(बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को बेलहर विधायक मनोज यादव अपने क्षेत्रीय दौरा के तहत प्रखंड क्षेत्र बंगालगढ़ गांव,कुसोना आदि गांव पहुंचे। जहां उन्होंने हादसों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया।सबसे पहले विधायक धनुवसार पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बंगालगढ़ गांव पहुंचे,जहां गत दिनों परमेश्वर दास के 7 वर्षीय इकलौते पुत्र प्रियांशु कुमार की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी।शोकाकुल परिवार से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया।इसके बाद विधायक कुसुमजोरी पंचायत के वार्ड संख्या 11 स्थित कुसोना गांव पहुंचे, जहां कुछ दिन पूर्व बिजली की करंट लगने से लालजी यादव के पुत्र ओमकार यादव की मौत हो गई थी। उनके परिजनों से मुलाकात कर घटना पर दुःख जताया और हरसंभव आपदा प्रबंधन से सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# मजदूरों से संगठित होने का मेंस यूनियन ने किया आह्वान

## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर यूनियन नेता ने की प्रभात फेरी



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर अमर शहीदों की याद में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन कारखाना एवं ओपन लाइन शाखा के संयुक्त नेतृत्व में एकता कमेटी के बैनर तले जमालपुर स्टेशन परिसर से प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभात फेरी में एकता कमेटी के अंतर्गत एससी एसटी एसोसिएशन, सेंट्रल ट्रेड यूनियन की ओर से शामिल थे।प्रभात फेरी स्टेशन परिसर से 6 नंबर गेट,भारत माता चौक, सदर बाजार,रामपुर कॉलोनी, अवंतिका रोड, जुबली कुआं, मुंगेर रोड, दौलतपुर कॉलोनी, आशिकपुर, ईस्ट कॉलोनी होते हुए कारखाना शाखा के कार्यालय में झंडोतोलन के पश्चात आम सभा में तब्दील होकर समाप्त हो गई। सभा का संबोधन शाखा के शाखा सचिव परमानंद कुमार ने किया। प्रभात फेरी में वीरेंद्र प्रसाद यादव, सत्यजीत कुमार,अनिल प्रसाद यादव, परमानंद कुमार, केडी यादव,सतीश कुमार, मुनेश्वर टुडे, अविनाश शर्मा, सखीचंद मंडल, देव शंकर सिंह, रंजीत कुमार, धर्मेंद्र, गोपाल, ओम प्रकाश साह सहित कई मौजूद थे। वही संध्या बेला में यूनियन की ओर से पानी टंकी मैदान विचार गोष्ठी का आयोजन कर दुनिया के मजदूरों को संगठित होने का आह्वान किया। गोष्ठी में ओपन लाइन शाखा के सचिव केडी यादव ने मजदूर हित को लेकर अपने विचारों से लोगों को अवगत कराते हुए क्रांतिकारी सलाम किया।

# बैशाख पूर्णिमा पर सपही माता व घोड़ही माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के लालबेगिया गांव स्थित प्रसिद्ध सपही माता एवं घोड़ही माता मंदिर में शुक्रवार को बैशाख पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए दूर-दूर से पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं, उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के तहत पूजा-अर्चना की, वहीं कुछ भक्तों द्वारा बकरे की बलि भी दी गई। इस धार्मिक आयोजन में नेपाल सहित आसपास के विभिन्न जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर का स्वरूप हाल के वर्षों में काफी भव्य हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। मेला आयोजक पवन सहनी ने बताया कि बैशाख पूर्णिमा के अवसर पर यहां एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद, शरबत और फल का निःशुल्क वितरण किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।

### 1.9 किलो गांजा के साथ दो शातिर चोर गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज एवं मधुबन थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मोटरसाइकिल चोरी कांड का उद्भेदन करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1.9 किलोग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ भी बरामद किया गया है। एसडीपीओ सिकरहना उदय शंकर के अनुसार, बीते 27 अप्रैल को मधुबन थाना क्षेत्र के मधुबन बाजार से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल की चोरी हुई थी। मामले के अनुसंधान के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया, जिसमें दो संदिग्धों की पहचान शिकारगंज थाना क्षेत्र के कामेश्वर दास के पुत्र राहुल कुमार(19) एवं सहदेव राम के पुत्र गोलू कुमार उर्फ गौरी शंकर कुमार (20) के रूप में की गई। मधुबन थानाध्यक्ष द्वारा शिकारगंज थाना को सूचना देने के बाद दोनों थानों की पुलिस ने त्वरित संयुक्त कार्रवाई करते हुए गोलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल को राहुल कुमार द्वारा ढाका में किसी व्यक्ति को बेच दिया गया है।

# जयमाला शिक्षा निकेतन की ओर से उत्कृष्टता सम्मान समारोह आयोजित










**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के टाउन हॉल में उत्कृष्टता सम्मान समारोह 2025-26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर निदेशक डॉ.एसके सुमन की माताजी श्रीमती जयमाला देवी का आशीर्वाद मिला । वही कदवा विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी, महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके. सुमन, जेडीयू के प्रदेश महासचिव शिवप्रकाश गारोदिया, समाजसेवी नरोत्तम जोशी एवं व्यवसायी नरेश शर्मा की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान सीबीएसई कक्षा 10 वीं परीक्षा में जयमाला शिक्षा निकेतन के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रियंशु राज 97 प्रतिशत , हर्ष आर्यन फीसदी , कल्पना 94, गौरव कुमार 94, अफीफा तबस्सुम 94 प्रतिशत, हर्ष कुमार 93 फीसदी , दीक्षा रानी 92 एवं बबीता कुमारी 92 प्रतिशत अंक पाने वाले को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र,मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 11वीं तक के उन विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। जिन्होंने सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। यह भव्य आयोजन संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत निदेशक डॉ. एसके सुमन ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनके छात्र जीवन में यह जानकारी समय पर नहीं मिल पाई कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी इंटर स्तर से ही प्रारंभ हो जाती है। जिसके कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही सही मार्गदर्शन प्रदान करना संस्थान का उद्देश्य है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसी सोच के साथ जयमाला शिक्षा निकेतन के छात्र आज देशभर की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं जो पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है।उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे विद्यालय के दिशा-निर्देशों का पालन करें, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल एके निराला, वरिष्ठ शिक्षक बीके वर्मा, मिथिलेश सिंह, मिथिलेश झा, त्रिलोकी मंडल,अमित कुमार,जयंत चटर्जी, लोकनाथ लोकप्रिय, कुमार योगेश झा, अनुरंजन कुमार, गोपाल सिंह, जयंत मुखर्जी, नूर अख्तर, कामरूप हक, खुशबू, सीमा कायस्कर, निशा, सिम्मी, मनीषा, नेहा, रुचि गामी, पिंटू गामी, खुशबू अविलाशा, शेर्या, अन्नू कौर, ऐन झा, सौरव कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं अत्यंत प्रतिभाशाली हैं और आने वाले समय में विद्यालय के साथ-साथ जिला,राज्य एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

# मांग के अनुसार की जा रही घरेलू गैस की आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6951 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6791 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है।

इसके अतिरिक्त आकांशा एचपी गैस एजेंसी देव में निरंतर पर्यवेक्षण से बैकलॉग शून्य हो गया है एवं सभी उपभोक्ताओं की मांगे ससमय पूर्ण की जा रही है।जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है।

संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 02 मई तक जिला में कुल नए 235 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 7 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 2 मई को प्राप्त कुल 8 शिकायतों में से 7 का निष्पादन कर दिया गया है तथा 01 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## भीषण जाम से लोग बेहाल, गर्मी में घंटों फंसे रहे राहगीर



**रफीगंज(औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहरी क्षेत्र की मुख्य सड़क पर लगातार लग रहे जाम से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार सुबह एक बार फिर शहर का नजारा जाम से जूझता नजर आया, जहां भीषण गर्मी में लोग त्राहिमाम करते दिखे। बताया जाता है कि शिवगंज–रफीगंज–गोह होते हुए पटना तक जाने वाली मुख्य सड़क रफीगंज शहर से होकर गुजरती है, जिस कारण यहां वाहनों का दबाव काफी अधिक रहता है। खासकर बस स्टैंड से महाराजगंज पथ तक रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। शनिवार सुबह स्थिति और भी भयावह हो गई, जब लंबा जाम लग गया और लोग घंटों तक फंसे रहे। वाहन चालकों और राहगीरों ने बताया कि रोज-रोज की इस समस्या से वे बेहद परेशान हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो स्थिति और भी विकराल हो सकती है। फिलहाल जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिलने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं।

# पेयजलापूर्ति को लेकर प्रशासन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** भीषण गर्मी को देखते हुए औरंगाबाद जिलान्तर्गत सभी पंचायतों में संचालित "हर घर नल का जल" योजनाओं का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा व्यापक एवं सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि गर्मी के मौसम में आम नागरिकों को पेयजल की किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए नल-जल योजनाओं के संचालन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा जहां कहीं। भी तकनीकी खराबी, जलापूर्ति में बाधा, कम दबाव, पाइपलाइन क्षति, मोटर एवं पंप की खराबी अथवा अन्य कोई समस्या पाई जाए, उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। स्थलीय निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों द्वारा नल-जल योजनाओं के अंतर्गत जलापूर्ति की वर्तमान स्थिति, जल की उपलब्धता,



आपूर्ति की नियमितता, जल गुणवत्ता, मोटर एवं पंप की कार्यशीलता, जल टंकी की स्थिति, पाइपलाइन नेटवर्क तथा लाभुकों को मिल रही सुविधा का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में स्थानीय लोगों से भी संवाद स्थापित कर पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की गई, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जहां कहीं भी नल-जल योजना आंशिक रूप से संचालित है या बंद पाई जाती है, वहां संबंधित पदाधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए यथाशीघ्र मरम्मत कार्य पूर्ण कराते हुए नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि योजनाओं का नियमित निरीक्षण कर उसकी अद्यतन स्थिति से जिला स्तर को अवगत कराते रहें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जहां आवश्यकता होगी, वहां सुधारात्मक एवं आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी, जिससे आम नागरिकों को भीषण गर्मी के दौरान निर्बाध एवं सुचारु रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# बाबूचंद पासवान की स्मृति में फुटबॉल मैच बिक्रमगंज ने अरवल को 1-0 से हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** समाजवादी नेता सह शिक्षक दिवंगत बाबूचंद पासवान की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर हसपुरा हाईस्कूल के बड़े खेल मैदान में एक रोमांचक फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह मुकाबला रोहतास के बिक्रमगंज और अरवल की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बिक्रमगंज की टीम ने अंतिम क्षणों में निर्णायक गोल दागकर अरवल को 1-0 से पराजित कर जीत हासिल की। मैच में रेफरी की भूमिका मो. जिलानी ने निभाई, जबकि शिक्षक डॉ. हरिद्वार प्रसाद सिंह ने दर्शकों को आंखों देखा हाल सुनाकर मुकाबले को और रोचक बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोह विधायक अमरेन्द्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि जदयू प्रदेश महासचिव राजेन्द्र सिंह जार्ज रहे। आयोजन समिति



के संयोजक विजय पासवान और अधिवक्ता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। इस दौरान दिवंगत बाबूचंद पासवान के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन संघर्ष समिति के संयोजक अजय कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि मो. एकलाख खां, समाजसेवी दिनेश कुशवाहा, लोजपा नेता विजय अकेला, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कुलदीप चौधरी, राजेन्द्र सिंह, रविंद्र सिंह, सीपीआई नेता राम एकबाल सिंह, सूर्यदेयाल मेहता, डॉ. जे.पी. कुमार, डॉ. राजेश कुमार विचारक, 20 सूत्री अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना, उपाध्यक्ष चन्द्रेश पटेल, पूर्व प्राचार्य कृष्ण देव पासवान, पूर्व मुखिया अर्जुन यादव, लोजपा नेता गंगा देयाल पासवान, राजेश्वर पासवान, भुआवल यादव एवं अशोक सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन दिवंगत बाबूचंद पासवान की स्मृति को जीवंत रखते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

## शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि से शुरू हुआ कार्यक्रम

**नबिटा संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से हसपुरा बस स्टैंड के समीप स्थित कॉ. रामशरण यादव पुस्तकालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मजदूर आंदोलन में शहीद हुए श्रमिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। किसान-मजदूर नेता रामदेव राजवंशी ने शहीद वेदी पर झंडोत्तोलन किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर शिकागो के शहीद मजदूरों को नमन किया और श्रम अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। क्रांतिकारी गीतों के बीच "शहीदों के अरमानों को हम पूरा करेंगे" के नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने हसपुरा बाजार के बस स्टैंड चौक, हाईस्कूल मोड़, पटेल चौक और मुख्य बाजार में जुलूस निकाला। जुलूस के बाद सभी कार्यकर्ता पुनः पुस्तकालय परिसर लौटे, जहां सभा का आयोजन किया गया।

# ओडियाचक गांव में मजदूर दिवस समारोह, श्रमिक एकता और अधिकारों पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के लोहरा पंचायत अंतर्गत ओडियाचक गांव में समाज सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. तुलसी यादव के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिकागो के शहीद मजदूरों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित करने एवं झंडोत्तोलन के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. तुलसी यादव, संतोष गिरी सहित अन्य वक्ताओं ने मजदूर दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि देश की प्रगति में मजदूरों की अहम भूमिका है, लेकिन आज भी उन्हें उनके श्रम के अनुरूप सम्मान और पारिश्रमिक नहीं मिल पाता। उन्होंने श्रमिकों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया। समारोह में उत्तर कोयल नहर का मुद्दा प्रमुखता



से उठाया गया। उपस्थित लोगों ने नहर को शीघ्र चालू कराने, किसानों का कर्ज माफ करने, प्रत्येक पंचायत में पुस्तकालय भवन निर्माण, इंटर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को निशुल्क लैपटॉप देने, हर गांव में खेल मैदान विकसित करने, रफीगंज को अनुमंडल का दर्जा देने तथा लोहरा से इस्माइलपुर तीनमुहान तक पक्की सड़क निर्माण की मांग की। इसके साथ ही कन्या विवाह योजना की राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये करने की भी मांग रखी गई।

कार्यक्रम के दौरान बिरहा गायक धनंजय कुमार माझी ने नशा मुक्ति पर आधारित गीत प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया, जबकि डॉ. तुलसी यादव ने शहीदों की स्मृति में गीत गाकर वातावरण को भावुक बना दिया। जिला परिषद सदस्य शंकर यादवेंदु ने कहा कि आज भी मजदूरों से मनमाने ढंग से काम लिया जाता है, लेकिन उन्हें उचित मजदूरी नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि संगठित रहकर ही मजदूर अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं। वहीं सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि मजदूरों और किसानों की खुशहाली से ही देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है और समाज को भ्रमित करने वाली ताकतों से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने उत्तर कोयल नहर परियोजना एवं क्षेत्रीय विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी भी दी। इस मौके पर पूर्व मुखिया नरेश यादव, पूर्व राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव, सिद्धी यादव, रंजीत दास, रामेश्वर यादव, अमित कुमार चंद्रवंशी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बाईपास निर्माण के प्रस्ताव पर किसानों में रोष, उपजाऊ भूमि के नुकसान का जताया डर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड में प्रस्तावित बाईपास निर्माण को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों का आरोप है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की योजनाओं के कारण उनकी उपजाऊ कृषि भूमि लगातार समाप्त होती जा रही है, जिससे उनके समक्ष आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। बताया जाता है कि बनारस-कोलकाता एक्सप्रेसवे निर्माण के दौरान पहले ही प्रखंड के कई किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है। अब औरंगाबाद से अंबा तक प्रस्तावित बाईपास के लिए तैयार डीपीआर ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। उनका कहना है कि यदि बाईपास का निर्माण इसी तरह किया गया, तो बची-खुची कृषि भूमि भी समाप्त हो जाएगी। किसानों ने यह सवाल भी उठाया है कि अंबा से गुजरने वाली एनएच-139 के दोनों ओर पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, जिस पर सड़क का विस्तार किया जा सकता है। इसके बावजूद बाईपास निर्माण का प्रस्ताव क्यों लाया जा रहा है। स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों का सुझाव है कि यदि आवश्यकता हो, तो एलिवेटेड रोड बनाकर भी समस्या का समाधान किया जा सकता है, जिससे कृषि भूमि सुरक्षित रह सके। वहीं, कुछ लोगों का आरोप है कि बाईपास निर्माण के पीछे स्थानीय स्तर पर कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों और व्यवसायियों का दबाव हो सकता है। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल, किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी जमीन और आजीविका की रक्षा करते हुए योजनाओं पर पुनर्विचार किया जाए।

# जर्जर पुल पर दौड़ रही मौत, आदेश के बावजूद धड़ल्ले से गुजर रहे भारी वाहन

**नबिटा संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** भदवा रोड स्थित माड़ीपुर के पास धावा नदी पर बना पुल इन दिनों गंभीर खतरे की स्थिति में है। पुल की हालत जर्जर होने के कारण पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, औरंगाबाद द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए स्थल पर चेतावनी बोर्ड भी लगा दिया गया है।



लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासनिक आदेश और चेतावनी बोर्ड को दरकिनार कर रोज़ाना दर्जनों बड़े वाहन इस पुल से गुजर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह लापरवाही सीधे तौर पर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ है।

जब पुल को खतरनाक घोषित कर दिया गया है, तो फिर आखिर किसके भरोसे दौड़ रही हैं ये भारी गाड़ियां?

# आरओ वॉटर प्यूरीफायर का उद्घाटन, साइकिल और सिलाई मशीनें भी मिलीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टाइप-1, रफीगंज में छात्राओं के स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। विद्यालय परिसर में अत्याधुनिक वॉटर प्यूरीफायर (हॉट, कोल्ड व नॉर्मल सुविधा सहित) का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की वार्डन कविता कुमारी ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा 6, 7 और 8 की छात्राओं के बीच तीन साइकिलों का वितरण किया गया। साथ ही, कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु विद्यालय को दो नई सिलाई मशीनें भी प्रदान की गईं, जिससे छात्राएं आत्मनिर्भरता





की ओर कदम बढ़ा सकें। इन सभी सुविधाओं के क्रय में विद्यालय के संचालक एम.डी. मशकूर आलम का विशेष योगदान रहा, जिसकी सभी ने सराहना की। वहीं, इस पहल में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमर पासवान के सहयोग की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। नई वॉटर प्यूरीफायर सुविधा से अब छात्राओं को शुद्ध, सुरक्षित और उनकी जरूरत के अनुसार गर्म, ठंडा व सामान्य पानी आसानी से उपलब्ध होगा, जिससे उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता में सकारात्मक सुधार होगा। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उत्साह के साथ उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में एक अहम कदम बताया।

# सुभाष चंद्र बोस मिशन स्कूल में गूंजा शांति का संदेश, मनाई गई बुद्ध जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा, औरंगाबाद।** सुभाष चंद्र बोस मिशन स्कूल, संडा - मटपा में एक मई को 'एशिया के ज्योतिपुंज' तथागत भगवान गौतम बुद्ध की जयंती भव्य रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा महात्मा बुद्ध के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान पूरा परिसर बुद्धमशरणम गच्छामि के भाव से ओतप्रोत नजर आया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के संचालक अरविंद बोस ने बुद्ध के दर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बुद्ध मात्र एक धर्मगुरु नहीं, बल्कि एक महान वैज्ञानिक और महामानव थें।उन्होंने दुनिया को शांति, अहिंसा, प्रेम और भाईचारे का जो संदेश दिया, वह आज के समय में और भी प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने बताया कि लोभ, ईर्ष्या और गलत कर्मों से



दूर रहने वाला व्यक्ति ही वास्तविक सुख प्राप्त कर सकता है। जापान और चीन जैसे देशों की प्रगति का आधार बुद्ध के विचार ही हैं। मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक शिव दयाल ठाकुर ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि विद्यालय में अब तक 322 बच्चों का नामांकन हो चुका है और इस माह के अंत तक इसे 350 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि विद्यालय अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से छात्रों को न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि संस्कार युक्त शिक्षा भी प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मानवता और इंसानियत के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक रंजीत कुमार सिंह, शिवदयाल ठाकुर, अल्तमस रज़ा, गजल साजिया, सविता कुमारी, सना जमाल, जूली परवीन, नेहा, सोनी पाल सहित विद्यालय के दर्जनों शिक्षक और सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

# मजदूरों को न तो सम्मान जनक मजदूरी मिल रही न जिन्दगी

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाकपा माले द्वारा शुक्रवार को शहर के वार्ड संख्या छह स्थित नीलकोठी में 140 वीं अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया। नगर सचिव सह निर्माण मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष बिरजू चौधरी ने नेतृत्व किया। कहा कि आज जब अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मना रहे हैं तो 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में हुए मजदूरों का रक्तरंजित आम हड़ताल याद आ रहा है। जब मजदूरों को जानवर समझ कर बैल की तरह 16 से 18 घंटा खटाया जाता था। न खाने का ठीक न सोने का ठीक रहता था। मजदूरों को अपनी बेटा बेटी से प्यार स्नेह भी नसीब नहीं होता था। जब मजदूर काम पर गया तो बच्चा सोया है और काम से आया तो बच्चा सोया है। कहा कि ठीक उसी तरह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मजदूर विरोधी चार श्रम कोड बिल लाकर हम मजदूरों का आठ घंटा काम, आठ घंटा मनोरंजन और आठ घंटा



आराम जो हजारों मजदूरों की कुर्बानी के बाद अधिकार मिला था, उसे पूंजीपतियों के पक्ष में और मजदूरों के विरोध में कानून बना कर मजदूरों का अधिकार छीन लिया। इसके खिलाफ आज मजदूर सम्मान जनक जिन्दगी जीने के लिए, मजदूरी पाने के लिए, बरौनी तेल शोधक कारखाने के मजदूर, मानेसर, नोएडा, हरियाणा, सुरत, गुड़गांव सहित पूरे भारत के मजदूर अपने अपने औद्योगिक क्षेत्र से लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर संवैधानिक रूप से शांति पूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मजदूरों को न तो सम्मान जनक मजदूरी मिल पा रही है न तो सम्मान जनक जिन्दगी। महंगाई चरम पर है। प्रवासी मजदूर को रसोई गैस की किल्लत का मार झेलना पड़ रहा है। मजदूर अपने प्रदेश न चले जाय इसलिए उसे सही समय पर सही मजदूरी भी नहीं मिल पा रहा है। मजदूर घुट घुट कर जीने पर मजबूर हैं। मजदूरों के समर्थन में उतरे बुद्धिजीवियों,समर्थकों की आवाज को मोदी सरकार ने दबाने के लिए इनके समर्थक नेताओं को जेल के सलाखों में बन्द कर दिया है। दूसरी तरफ बिहार में योग्य निर्माण मजदूरों के सही निबंधन न कर गांव गांव में दलाल छोड़ दिया है जो सही मजदूरों का हक मार कर मनरेगा की तरह हक को लूट लिया जा रहा है। इसलिए बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन मई दिवस के अवसर पर सरकार से मांग करता है कि मजदूर विरोधी चार श्रम कोड बिल वापस ले। मजदूरों का सभी तरह का पुराना श्रम अधिकारों को पुनर्बहाल करे। संगठित मजदूरों को पुरानी पेंशन योजना को पुनर्बहाल करे। असंगठित निर्माण मजदूरों को दस हजार रूपये पेंशन लागू करे।

निर्माण मजदूरों के निबंधन को सरल कर अवैध निबंधन पर रोक लगाए।

प्रवासी मजदूरों को रसोई गैस सुलभ करे।

इजरायल -अमेरिका द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध समाप्ति का भारत कंठ खोले।

इस कार्यक्रम में संजय कुमार, फातमा खातून,गणेश कुमार, राहुल कुमार, मुन्ना राम, भिखारी राम, राधिका देवी, सुनैना देवी, उर्मिला देवी, जोखन राम, शंकर राम, अशोक राम, अरविन्द राम, दिनेश राम, अनिकेत कुमार, गोविन्द राम, बृजनंदन राम, छोटेलाल राम, राहुल कुमार, बिगन राम,राजेन्द्र राम शामिल हुए।

# प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान, शिक्षा को बताया सफलता की कुंजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अहियापुर गांव स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में बुद्धिजीवी युवा एकता मंच के बैनर तले एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू कुमार ने की, जबकि संचालन रंजन वर्मा ने किया। समारोह का विधिवत शुभारंभ समिति के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच पर उपस्थित प्रो. सोनू कुमार, शैलेश कुमार, सुधीर कुमार, सुखवेन्द्र कुमार, ब्रजेश कुमार एवं शम्भू शरण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि अपने और अपने परिवार की दिशा एवं दशा बदलनी है, तो दृढ़ संकल्प और मेहनत के साथ शिक्षा को अपनाना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पिंटू कुमार, बब्लू, शशि रंजन कुमार, बलवंत कुमार, संजीत कुमार, रवि कुमार, विक्रम कुमार, विजेता कुमारी, सिन्हा, अखिलेश, पवन कुमार, चितरंजन उर्फ बालाजी, छोटू कुमार, आकाश कुमार, मुन्ना राजवंशी एवं अनुज कुमार सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा। उपस्थित सभी सदस्यों ने भविष्य में इस सम्मान समारोह को और अधिक भव्य बनाने का संकल्प लिया। सम्मानित विद्यार्थियों में मैट्रिक के रौशन कुमार (425 अंक), रौशन कुमार (400 अंक), प्रिंस कुमार (395 अंक), लवकुश कुमार, पिंकी कुमारी, प्रियांशु सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। वहीं इंटरमीडिएट में रिया राज (422 अंक), अमरजीत कुमार (410 अंक), सुजीत कुमार (402 अंक), सुमन कुमारी, प्रतिमा रानी, अनीशा कुमारी, निभावती कुमारी समेत करीब तीन दर्जन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाबूगंज से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रंजीत साव एवं बीरेन्द्र साव के रूप में हुई है।

थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि कांड संख्या 55/26 से संबंधित मारपीट की घटना बाबूगंज में हुई थी, जिसमें दोनों अभियुक्त फरार चल रहे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

# पांच वारंटियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** न्यायालय के निर्देश पर फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में विभिन्न मामलों में पांच वारंटियों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार को उनके घरों पर विधिवत चस्पा किया गया। थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि एडीजे-9 न्यायालय, औरंगाबाद से निर्गत इश्तेहार के तहत बेलाढ़ी निवासी अनिल कुमार, सुनील कुमार एवं मुन्ना कुमार के घरों पर विधि-सम्मत तरीके से इश्तेहार चिपकाया गया। वहीं, व्यवहार न्यायालय दाउदनगर से जारी इश्तेहार के तहत वार्ड संख्या 21 निवासी मनीष कुमार तथा नालबंद टोली वार्ड संख्या 08 निवासी अरविंद कुमार के घर पर भी इश्तेहार की तामिला की गई। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया कुर्की-जब्ती की कार्रवाई से पहले की एक अनिवार्य न्यायिक औपचारिकता है। इश्तेहार चस्पा होने के बाद भी यदि संबंधित वारंटी न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की-जब्ती की कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# देवकुंड क्षेत्र में मॉक ड्रिल

**दाउदनगर (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अग्निशमन विभाग, दाउदनगर के तत्वावधान में देवकुंड थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभागीय कर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल आयोजित कर ग्रामीणों को आग से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के तहत आंधी बिगहा के वनतारा गांव में ग्रामीणों के साथ मॉक ड्रिल की गई। इसके अलावा उपहारा वार्ड संख्या 04 स्थित श्री गणेश सर्विस स्टेशन (इंडेन पेट्रोल पंप), बेला पंचायत के वनतारा वार्ड संख्या 11 तथा वार्ड संख्या 09 में भी स्थानीय लोगों के साथ अग्नि सुरक्षा को लेकर अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, बचाव के उपाय एवं प्राथमिक सुरक्षा तकनीकों की जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों के बीच पंपलेट वितरित कर उन्हें सतर्क रहने और सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत टीम पुनः देवकुंड थाना लौट गई। अभियान में अग्निक चालक राजेश कुमार, रुचि कुमारी एवं आनंद मोहन सिंह सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। यह पहल क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# एनटीपीसी बरौनी को सेफ्टी कल्चर में गोल्ड अवॉर्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी को इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्फ्रेंसेस (आईबीसी) द्वारा आयोजित ओएचएस एण्ड ई एक्सीलेंस अवार्ड्स में पावर जेनरेशन सेक्टर कंस्ट्रक्शन कैटेगरी के अंतर्गत सेफ्टी कल्चर के लिए 'गोल्ड अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह समारोह गुरुबार की शाम को मुंबई में आयोजित किया गया।यह सम्मान एनटीपीसी बरौनी की मजबूत एवं सक्रिय सुरक्षा संस्कृति को दर्शाता है। संगठन द्वारा सुरक्षित कार्य पद्धतियों को बढ़ावा देने, प्रभावी जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने तथा ओएचएस एण्ड ई मानकों के कड़ाई से अनुपालन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नियमित प्रशिक्षण, जागरूकता अभियानों एवं पीपुल-फर्स्ट दृष्टिकोण के माध्यम से कर्मचारियों और हितधारकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह पुरस्कार नेशनल सेफ्टी काउंसिल ऑफ इंडिया के महानिदेशक द्वारा प्रदान किया गया। एनटीपीसी बरौनी की ओर से यह पुरस्कार प्रदीप कुमार रजक, सहायक प्रबंधक (सुरक्षा विभाग) ने प्राप्त किया। इस अवसर पर उत्साहवर्धन हेतु महाप्रबंधक (सुरक्षा) एनटीपीसी, चंदन शाही भी मंच पर उपस्थित रहे।बरौनी परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान संगठन की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है और भविष्य में भी इसी दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य जारी रखने की प्रेरणा देता है।




# 19 मई से पंचायतों में आयोजित होंगे सहयोग शिविर

## जिलास्तरीय पदाधिकारी लेंगे भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में आज जिले के पंचायतों में आयोजित होने वाली सहयोग शिविर से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा की लोगों की समस्या के निष्पादन के लिए अब पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। पहला सहयोग शिविर 19 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय पदाधिकारी उसमें भाग लेंगे। जिसमें सिविल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी लोगों की समस्या सुनेंगे और इसका निष्पादन करेंगे। विशेष सुविधा यह भी दी गई है कि आमजनों की जितनी भी समस्या है वह सहयोग शिविर से पहले भी हमारे पंचायत सरकार भवन के कैंप में दे सकते हैं। प्रतिदिन शाम में उस समस्याओं को कलेक्ट किया जाएगा और उनका निष्पादन किया जाएगा। जिससे आम जनों को काफी राहत मिलेगी। आम जनों को जो भी सुविधा मुहैया करा सकते हैं वह कराया जाएगा। हमारे स्तर से जो भी संभव होगा उसको त्वरित गति से समाधान करेंगे। जिससे आम जनों को यहां वहां भाग दौड़ ना करना पड़े। सहयोग शिविर का व्यापक प्रचार प्रचार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा इसकी निगरानी की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से पंचायत स्तर, प्रखंड स्तर, अनुमंडल स्तर एवं जिला स्तर के कार्यालय का जहां क्षतिग्रस्त बाउंड्री हो उसे दुरुस्त करवा लें। सभी सरकारी कार्यालय में में सीसीटीवी कैमरा लगाना है। पदाधिकारी कक्ष, जहां स्टाफ बैठते, गेट पर सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करना है। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा सबसे अहम है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर सुरक्षा की निगरानी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं एसएचओ करेंगे।

जिलाधिकारी ने टूरिज्म स्थल की साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, वहां जाने वाली सड़कों को ठीक करने एवं सुरक्षा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों का सहयोग इसमें लिया जाए।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने बैठक में ऑनलाइन जुड़े एवं उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारी को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने सभी को कहा कि प्रखंड, अंचल और थाना में लगे गार्ड का नियमित निगरानी करें। गार्ड ड्यूटी पर उपस्थित रहते हैं या नहीं रहते हैं। कार्यालय की चाहरदीवारी ठीक है कि नहीं उसकी भी निगरानी करें। रात्रि प्रहरी सही से अपना कर्तव्य निभा रहे हैं या नहीं। इन सब छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। कोई भी व्यक्ति संदिग्ध वस्तुओं के साथ कार्यालय परिसर में प्रवेश ना करे। बैठक में पुलिस अधीक्षक नवगछिया एवं उप विकास आयुक्त ने भी अपने सुझाव से अवगत कराया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग के दोनों तरफ संबंधी क्षेत्र के थाना प्रभारी, सेक्टर पदाधिकारी को डायल 112 का नंबर लगाने का निर्देश दिया। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव,उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर सफाईकर्मी हुए सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) बखरी नगर मंडल द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के करीब 150 सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी सफाई कर्मियों को अंगवस्त्र और मिठाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो नगर अध्यक्ष प्रिंस सिंह परमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी सर्वेश कुमार ने कहा कि सफाई कर्मी प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर साफ-सफाई सुनिश्चित करते हैं। ऐसे में समाज के हर व्यक्ति का दायित्व बनता है कि उनके सुख-दुख में सहभागी बनें। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि केवल मजदूर दिवस ही नहीं, बल्कि हर दिन अपने क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मियों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखें। आरएसएस के जिला संघ संचालक मनोरंजन वर्मा ने कहा कि शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार सफाई कर्मियों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बिना किसी भी क्षेत्र में विकास की कल्पना संभव नहीं है।भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा ने कहा कि सफाई कर्मियों का सम्मान करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकताओं में शामिल रहा है, और ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

वहीं वार्ड संख्या 13 की पार्षद इजिला देवी ने कहा कि बखरी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाई कर्मियों की अहम भूमिका है, और उनका सम्मान कर हम खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं।इस मौके पर भाजपा के निवर्तमान प्रत्याशी रामशंकर पासवान, नगर परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि राजू कुशवाहा, एसआई राजेंद्र राम, सुशील अग्रवाल, नवल जयपुरिया, अमरनाथ पाठक, संतोष गुड्डू, रामचंद्र सहनी, विनोद शर्मा, डॉ. मनीष, जितेंद्र चौधरी, बीजो महतो, परवेज आलम, अधिवक्ता राजकुमारी देवी, सुनील शर्मा, नीरज सिंह, राजू गुप्ता, पंकज कुमार, प्रीतम कुमार, सागर कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा स्वच्छता साथी उपस्थित रहे।

# भगवान बुद्ध का शांति, करुणा और अहिंसा का सिद्धांत मानवता के लिए मार्गदर्शक : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बोधगया में आयोजित 2570वीं बुद्ध जयंती समारोह के पावन अवसर पर महाबोधि विहार में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने भगवान बुद्ध को नमन करते हुए उनके संदेशों को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और अहिंसा के सिद्धांत मानवता के लिए सदैव मार्गदर्शक रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में अशांति, तनाव और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, तब बुद्ध के विचार और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में स्थायी शांति और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व के लिए



आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह महान संत और धर्मगुरु गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण–इन तीनों घटनाओं की स्मृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा वैशाख माह की पूर्णिमा को मनाई जाती है, जो हमें गौतम बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों को समझने तथा अपने जीवन में आत्मसात करने का अवसर प्रदान करती है। गौतम बुद्ध का जन्म लुंबिनी (वर्तमान नेपाल) में हुआ था और उनका बाल्यकालीन नाम सिद्धार्थ था। राजसी जीवन का त्याग कर उन्होंने मानव जीवन के दुखों के कारणों की खोज की और बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया, जिसके बाद वे 'बुद्ध' कहलाए। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्रद्धालु मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हैं, दीप प्रज्वलित करते हैं और बुद्ध के उपदेशों का श्रवण करते हैं। साथ ही, जरूरतमंदों को भोजन एवं वस्त्र दान करने की परंपरा भी इस दिन विशेष रूप से निभाई जाती है। विभिन्न स्थानों पर प्रवचन, ध्यान शिविर और जुलूसों का आयोजन भी किया जाता है, जो समाज में आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग–सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प, सम्यक वाणी, सम्यक कर्म, सम्यक आजीविका, सम्यक प्रयास, सम्यक स्मृति और सम्यक समाधि–एक संतुलित, संयमित और सुखी जीवन जीने की दिशा प्रदान करता है। अंत में उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह मानवता को प्रेम, अहिंसा और भाईचारे का संदेश देने वाला महापर्व है। हमें चाहिए कि हम सभी गौतम बुद्ध के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और एक शांत, समरस एवं विकसित समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

# गृहवार सर्वेक्षण कर कराएं नामांकन : डीइओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले के सभी प्रारंभिक, माध्यमिक एवं प्लस-टू विद्यालयों सहित मॉडल स्कूलों में शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया को लेकर डीईओ ने संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। किंतु शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त नहीं होने के कारण अब नामांकन प्रक्रिया को मई के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। प्राथमिक एवं प्रारंभिक विद्यालयों के संदर्भ में निर्देश दिया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों का प्रवेश सेविका एवं सहायिका के सहयोग से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, पोषक क्षेत्र के ऐसे सभी बच्चों, जिन्होंने 6 वर्ष की आयु पूरी कर ली है। गृहवार सर्वेक्षण कर नामांकन कराया जाए ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।दस्तावेजों की अनुपलब्धता को देखते हुए यह भी स्पष्ट किया गया है कि आधार कार्ड अथवा जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में बच्चों का अस्थायी नामांकन किया जाएगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेज बनवाने में सहयोग प्रदान किया जाएगा। माध्यमिक एवं प्लस-टू विद्यालयों के लिए निर्देशित किया गया है कि प्रधानाध्यापक अपने पोषक क्षेत्र के मध्य विद्यालयों से आठवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के नामांकन को प्राथमिकता दें। अन्य जिलों से आने वाले छात्रों का नामांकन केवल जिला शिक्षा पदाधिकारी की अनुमति एवं स्थानांतरण प्रमाण-पत्र पर काउंटर साइन के उपरांत ही किया जाएगा। मॉडल विद्यालयों के लिए विशेष प्रावधानों के अंतर्गत 'सेक्शन-ए' में न्यूनतम 40 विद्यार्थियों का नामांकन अनिवार्य किया गया है।एनेमेमेस परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या कम होने की स्थिति में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का चयन घटते क्रम में किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, 5 किलोमीटर से अधिक दूरी पर रहने वाले विद्यार्थियों का नामांकन विशेष परिस्थितियों में तभी किया जाएगा, जब वे 90 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का घोषणा-पत्र देंगे। चूंकि इन विद्यालयों में आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं है, अतः प्रधानाध्यापक को अधिक दूरी से आने वाले विद्यार्थियों के नामांकन के संबंध में आवश्यकतानुसार निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है, ताकि विद्यालय की नियमित उपस्थिति प्रभावित न हो। सभी प्रधानाध्यापकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि नामांकन पूर्ण होते ही उसकी प्रविष्टि ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। नामांकन से संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी का निर्णय अंतिम माना जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस कार्य में टोला सेवक, तालीमी मरकज एवं विद्यालय के शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया है। साथ ही, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को इस निर्देश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# शिक्षकों ने जनगणना कार्य से संबंधित किट लेने से किया इंकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत सैकड़ो शिक्षकों को जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को ससमय सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर ड्यूटी में लगाया गया जिसको सफल संचालन के लिए पूर्व में ही सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित भी किया गया है। शिक्षकों ने प्रशिक्षण भी ली। लेकिन अब काम करने से इनकार करते हुए वीरपुर के सैकड़ों शिक्षकों ने चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर को सामूहिक रूप से सौंप कर जनगणना से संबंधित मिलने वाले किट को लेने से इनकार कर दिया है। शिक्षकों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बेगुसराय के जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार के द्वारा एक पत्र जारी किया गया है जिसका पत्रांक 1364 दिनांक 30/04/2026 है जिसमें उन्होंने शिक्षकों को सुबह 06:30 बजे से लेकर 09:30 बजे तक स्कूल में रहकर बच्चों को पढ़ाकर फिर जनगणना वाले कार्य में जाएंगे। जिसका शिक्षकों ने विरोध करते हुए कहा कि शिक्षक कोई इलेक्ट्रॉनिक मशीन नहीं है हम इंसान है एक साथ दो दो महत्वपूर्ण कार्य करना संभव नहीं है। इसकी विस्तृत जानकारी के लिए वीरपुर के चार्ज पदाधिकारी से फोन से संपर्क कर जानकारी ली गई जिसमें उन्होंने बताया कि शिक्षकों ने सामूहिक रूप से ज्ञापन दिया है जिसको वरीय पदाधिकारी को फॉरवर्ड कर दिया गया है निर्देश मिलने का इंतजार है। सामूहिक इस्तीफा पत्र में शिक्षक श्याम कुमार, महेंद्र सिंह, मंजय कुमार शर्मा, हरिनंदन सहनी, अशोक कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार, सुजीत कुमार, संजीव कुमार, कुंदन कुमार, पवन कुमार, योगेश कुमार, विशाल कुमार, शिवचंद्र कुमार,अब्दुल बद्द सिद्दिकी, काजल, अनुपम भारती, प्रीति कुमारी, हेमा कंचन , जूली कुमारी, नेहा कुमारी समेत दो सौ चौहत्तर शिक्षक शिक्षिकाओं ने हस्ताक्षर की है।

# डा. कृष्णकांत चौधरी नये सीएमओ बने

**कहलगांव (भागलपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डा. कृष्णकांत चौधरी (एमडी) कहलगांव एनटीपीसी स्थित जीवन ज्योति अस्पताल के नये (सीएमओ) बनाए गए हैं। केंद्रीय मुख्यालय के निर्देश पर डा. कृष्णकांत चौधरी ने शनिवार को सीएमओ का पद भार ग्रहण किया। डा. चौधरी शिशु रोग विशेषज्ञ भी है। एनटीपीसी कोरबा से तबादला होने के बाद जून 2025 में डा. चौधरी ने कहलगांव एनटीपीसी प्रोजेक्ट में अपना योगदान दिया। इस खास अवसर पर जीवन ज्योति अस्पताल के डा. तिर्की, डा अमित पॉल, बबीता चौरसिया, डा विकास कुमार, उप अधिकारी सुरेश कुमार समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने पुष्प गुच्छ देकर अपने नये सीएमओ का स्वागत किया।

# घर से बुलाकर युवक की कर दी हत्या

## पुलिस कर रही मामले की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खोदावंदपुर।** जिले के खोदावंदपुर प्रखंड अंतर्गत बरियारपुर पूर्वी पंचायत के मसुराज गांव के समीप शनिवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के कुम्भी वार्ड संख्या 03 निवासी पवन महतो के 35 वर्षीय पुत्र अरविन्द महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 5:30 बजे स्थानीय लोगों ने शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि मृतक के चेहरे के पास गोली लगने का निशान है। प्रथम दृष्टया मामला गोली मारकर हत्या का प्रतीत हो रहा है, वहीं धारदार हथियार के इस्तेमाल की भी आशंका जताई जा रही है। घटना स्थल से एक नीले रंग की अपाचे बाइक बरामद की गई है, जिससे मामला और भी संदिग्ध हो गया है। आशंका है कि हत्या कहीं और कर शव को यहां लाकर फेंका गया। बताया जा रहा है कि अरविन्द महतो मजदूरी करता था और हाल ही में गाजियाबाद से काम कर घर लौटा था। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे पड़ोसी बबलू उर्फ बदलू (पिता चमरू महतो) उसे बारात में चलने के बहाने घर से बुलाकर ले गया, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने बदलू पर सीधा आरोप लगाया है। घटना के बाद से वह फरार है और उसका मोबाइल भी बंद बताया जा रहा है, जिससे संदेह और गहरा गया है।

घटना की सूचना मिलते ही मंझौल एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक सहित मंझौल, खोदावंदपुर और छौड़ाही थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। इलाके में पुलिस कैंप कर रही है।

इस हत्याकांड के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने बढ़ते अपराध पर चिंता जताते हुए जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।पुलिस ने कहा है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल परिजन शव के पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय गए हुए हैं। उनके लौटकर आवेदन देने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अब सबकी नजर इस बात पर है कि पुलिस इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा कब तक करती है और पीड़ित परिवार को कब न्याय मिलता है।

# जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य प्रारम्भ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड अंतर्गत सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने प्रगणकों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर एचएलबी का सीमांकन किया। जनगणना के प्रथम दिन पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के बीच खुशी का माहौल बना रहा है। जनगणना के शुरुआती दिन क्षेत्र में कुछ पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को एचएलओ एप में आईडी, पासवर्ड को लेकर थोड़ी परेशानी हुई। जिसे हेल्प डेस्क के माध्यम से निराकरण कर दिया गया। जनगणना चार्ज अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल रंजन ने बताया कि पूरे प्रखंड में 199 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं। जिसमें 191 चिरागी एवं 8 बेचिरागी गणना ब्लॉक है। इस कार्य हेतु 191 प्रगणक एवं 3 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। कुमुद रंजन ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को सहयोग करने की अपील की, जिससे सही डेटा संग्रह हो सके। क्षेत्र में पर्यवेक्षक गणेश झा, अरुण कुमार, पिंकी देवी, रवि शंकर कुमार, अभय कुमार, कुमुद रंजन एवं प्रगणक में एहतेशामुल हक, रविंद्र कुमार, धर्मशील कुमार, आलोक कुमार अनिल कुमार पंकज कुमार निखिल कुमार शुभम कुमार जनगणना कार्य में लगे हुए हैं।

# हीरो बाइक का ऑथराइज्ड शोरूम खुला

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी में हीरो बाइक का ऑथराइज्ड शोरूम शनिवार को खुला। इसका उद्घाटन अमित कुमार, जिप सदस्य प्रतिनिधि डा राजेन्द्र शर्मा, मुखिया संघ के जिला महासचिव राष्ट्रपति कुमार, किसान मोर्चा जिला मंत्री मनीष कुमार आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। प्रोपराइटर सत्यम कुमार ने कहा कि इस क्षेत्र में हीरो का सेल एण्ड सर्विस सेंटर के दूसरे प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया है। इस शोरूम के पूर्व भी हीरो के एजेंट के रूप में प्रतिष्ठान खुला हुआ था। लेकिन आज हीरो कंपनी के ऑथराइज्ड डीलर के रूप में प्रतिष्ठान शोरूम की तरह खुला है। इस प्रतिष्ठान से बाइक का सेल, सर्विस की सुविधा प्रदान की जाएगी । बाइक खरीद के लिए फिलहाल ऋण सुविधा इंडस बैंक, हीरो फाइनेंस, श्री राम फाइनेंस की सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से आसान किश्तों में हीरो के किसी भी मॉडल की बाइक खरीद सकते हैं। बाइक खरीद पर कई उपहार भी साथ में प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर मनोज सिंह, अखिलेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, हरि नंदन जायसवाल, मुकेश कुमार, ललन गुप्ता, विकास कुमार, संजय सिंह, इंद्र देव महतो, पिंटू कुमार, अनिलेश कुमार उर्फ बिट्टू, चुलबुल कुमार, विक्की कुमार, कन्हैया कुमार सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

# हम (से.) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक कल नई दिल्ली स्थित पार्लियामेंट एनेक्सी में आयोजित की जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुन्दर शरण ने कहा कि बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति, संगठनात्मक विस्तार और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बिहार में हाल ही में सरकार बदलने के बाद यह पार्टी की पहली राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक है, इसलिए इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। इस दौरान पार्टी अपनी भूमिका और आगे की रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकती है। कहा कि पार्टी आने वाले समय में दलित, वंचित एवं आम गरीब वर्गों के हित में सरकार से ठोस रणनीतियों पर काम करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी एक प्रभावी और व्यावहारिक शिक्षा नीति जिसमें पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी के अभियान राष्ट्रपति का बेटा हो या भंगी की संतान सबको शिक्षा एक समान को ज़मीन पर उतारने के लिए भी सरकार के साथ समन्वय स्थापित करेगी।

# जो गांव हर साल बन जाते थे टापू, अब जुड़ गए सड़क से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उत्तर बिहार का वह क्षेत्र जो हर वर्ष कोसी, गंडक, बागमती और कमला जैसी सदानीरा नदियों के उफान के कारण बाढ़ की गंभीर विभीषिका झेलता है। परन्तु अब वहां ग्रामीण कार्य विभाग के प्रयासों से बड़े बदलाव देखे जा रहे हैं। दशकों से बरसात के दिनों में टापू बन जाने वाले गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नाबार्ड योजना के तहत नदियों पर ग्रामीण पुलों का जाल बिछाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत उत्तर बिहार के बाढ़ प्रभावित जिलों में पुल निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस दिशा में पूर्वी चंपारण जिले में सर्वाधिक 50 ग्रामीण पुलों का निर्माण किया जा चुका है। वहीं, हर साल बाढ़ की मार झेलने वाले दरभंगा जिले में यातायात को सुगम और बाधारहित बनाने के लिए कुल 74 पुलों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से 54 ग्रामीण पुल बनकर तैयार हो चुके हैं। भौगोलिक दृष्टिकोण से संवेदनशील सीतामढ़ी जिले में कुल 44 पुलों और मधुबनी जिले में 55 पुलों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, समस्तीपुर जिले में भी 58 पुलों का निर्माण कर संपर्कता सुदृढ़ की गई है, ताकि कोई भी गांव संपर्कता से वंचित न रहे। ग्रामीण कार्य विभाग की तरफ से नाबार्ड की मदद से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बारहमासी संपर्कता प्रदान करने के लिए तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। पूर्व में इन इलाकों में हल्की सी बारिश या नदियों का जलस्तर बढ़ने पर आवागमन का एकमात्र सहारा छोटी और असुरक्षित नावें हुआ करती थी। बाढ़ के दौरान इन ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क प्रखंड और जिला मुख्यालयों से पूरी तरह कट जाता था। परंतु अब इन पुलों का निर्माण होने से व्यापक परिवर्तन आया है। इन पुलों के निर्माण से उत्तर बिहार के सुदूर गांवों को बारहमासी सड़क संपर्कता प्राप्त हुई है, जिससे इन गांवों के विकास की रफ्तार भी तेज हुई है।

# मजदूर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नावकोठी।** प्रखंड के हसनपुर बागर में माकपा एवं जल श्रमिक संघ के बैनर तले मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता मो इमामन ने की। जल श्रमिक संघ के राज्य महासचिव राम बालक सहनी ने पार्टी का झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि लंबी लड़ाई के बाद मजदूरों ने अपना हक पाया। मजदूरों के हक में श्रम कानून बना। इसके तहत 8 घंटा काम, 8 घंटा आराम तथा आठ घंटा मनोरंजन का अधिकार मिला। केन्द्र की कोरपोरेट घराने के इशारे पर काम करने वाली सरकार श्रम कानून को ताक पर रखकर नई श्रम कानून लाकर मजदूरों के संविधान प्रदत्त अधिकारों को छीन लिया। काम के निर्धारित समय सीमा को समाप्त कर बारह बारह घंटे काम लेकर श्रमिकों के श्रम का शोषण करने पर आमादा है। लोकल सचिव कामेश्वर झा ने श्रम विरोधी कानून की जमकर आलोचना की।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्मी को दी गयी विदाई

**कटिहार (नबिटासं)।** केबी झा कॉलेज के चतुर्थवर्गीय कर्मी विजयनाथ मिश्रा का विदाई समारोह का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० संजय सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जहां छात्रों और शिक्षकों ने अपने वर्षों के सफर की यादों को साझा किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज के उनके साथ बीते अनुभवों, संघर्षों और उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने शिक्षकों और साथियों



के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कुछ छात्र भावुक भी हुये।इस अवसर पर महाविद्यालय के कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें प्रो. सतीश मिश्रा ,प्रो. विनय कुमार पांडे ,प्रो. जितेश कुमार,प्रो. हरिओम कुमार , राहुल झा,शशि कपूर,अजय कुमार,सुबोध मिश्रा,बंसी कुमार, लक्ष्मी मिश्रा,मदन झा आदि मौजूद थे। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग सह संयोजक विक्रांत सिंह, नगर सह मंत्री रवि सिंह, विशाल सिंह भी उपस्थित रहे।

### प्रवीण सिंह कुशवाहा का आकस्मिक निधन पार्टी और संगठन के लिए क्षति : सुनील कुमार यादव

**कटिहार (नबिटासं)।** भागलपुर के कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन के बाद पूरे कांग्रेस संगठन में शोक की लहर है। इसी क्रम में कटिहार में सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव के आवासीय कार्यालय परिसर में उनके नेतृत्व में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत नेता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने कहा कि प्रवीण सिंह कुशवाहा का असमय निधन



पार्टी और संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि प्रवीण कुशवाहा एक जमीनी, संघर्षशील और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता थे। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और जनता के बीच उनकी सादगीपूर्ण छवि हमेशा सभी को प्रेरित करती रहेगी। वहीं किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवीण सिंह कुशवाहा ने अपने राजनीतिक जीवन में किसानों और आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उनका जाना पार्टी के लिए एक बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा। कांग्रेस नेता डॉ. विपीन ने कहा कि दिवंगत नेता का जीवन संघर्ष और सेवा का प्रतीक था। उन्होंने हमेशा संगठन को मजबूत करने का कार्य किया और कार्यकर्ताओं के बीच एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रहलाद गुप्ता एवं मो. रियाज ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रवीण सिंह कुशवाहा का योगदान पार्टी के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से जो खालीपन आया है, उसे भर पाना संभव नहीं है। शोकसभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर दिलीप विश्वास, प्रहलाद गुप्ता, डॉ. विपिन सिंह, निरंजन पोद्दार, अरुण यादव, संतोष यादव, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद असलम, मोहम्मद एजाज, राजीव चौकी, राहुल रजक, अखिलेश पोद्दार, मोहम्मद जुबेर, गोपाल यादव, सुबोध यादव, जगत प्रसाद सिंह, रंजीत ठाकुर सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे ।

### मजदूर दिवस पर मुख्य पार्षद ने नपं कर्मियों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** मजदूर दिवस के अवसर पर बरारी प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत बरारी में मुख्य पार्षद बबिता कुमारी के निर्देश पर एक कार्यक्रम आयोजित कर नगर पंचायत के पुरुष एवं महिला कर्मियों



को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि हिटलर यादव,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू अंसारी आदि थे। इस दौरान मुख्य पार्षद बबिता कुमारी ने दर्जनों सफाईकर्मी महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया गया,जबकि नपं कर्मी एवं पुरुष सफाईकर्मी को गमछा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य पार्षद बबिता कुमारी ने उपस्थित नपं कर्मियों को कहा कि आज काफी गौरवान्वित करने वाला क्षण है,इस अवसर पर मुझे आप सभी कर्मियों को सम्मानित करने का मौका मिला है। मुख्य पार्षद ने कहा कि मजदूरों को अपने हक-हकूक के लिए लड़ना चाहिए, सरकार के द्वारा मजदूरों के लिए कई कानून बनाया गया है, जिसमें मजदूरों को कई सुविधाएं मुहैया कराई गई है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा समग्र के स्वयंसेवकों ने की गंगा आरती

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** बैशाख पूर्णिमा व बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा समग्र के स्वयंसेवकों द्वारा काढ़ागोला घाट पर पुरोहित प्रमुख दिवाकर मिश्र द्वारा वैदिक विधि विधान से गंगा पूजन एवं भव्य गंगा आरती करवाया गया।पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखनाद की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।माँ गंगा के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। दिवाकर बाबा ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन माँ गंगा का जल अमृतमय हो जाता है,इसीलिए इस




दिन श्रद्धालु मोक्ष की प्राप्ति एवं पापों का नाश करने के लिए माँ गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हैं।इस दिवस गंगा पूजन एवं आरती करने से पापों का क्षय होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।माँ गंगा मोक्षदायिनी है।गंगा समग्र के जिला संयोजक नवीन चौधरी "बाबा"एवं जिला सहसंयोजक मनोज साह ने बताया कि गंगा समग्र के स्वयंसेवक काढ़ागोला घाट पर माँ गंगा के प्रति जागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रम करती आ रही है।जिला संयोजक नवीन 'बाबा' ने इस तिथि की महत्ता को बताया कि बैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है क्योंकि इसी तिथि को भगवान विष्णु के अवतार भगवान बुद्ध का अवतरण हुआ एवं ज्ञान की प्राप्ति भी इसी तिथि को हुआ था और इसी तिथि को वे महानिर्वाण हुए थे।इसलिए इस तिथि का विशेष महत्व है। इस दौरान घाट प्रमुख राजकुमार साह, राजा साह,संजू राय, राजेश साह,मनोज मंडल, गुड़िया कुमारी,खुशबू कुमारी, बिमली देवी,सृष्टि कुमारी आदि रहे।

# इलाज के बहाने आदिवासी की जमीन हड़पी

## जान से मारने की धमकी देकर कराया जबरन रजिस्ट्रेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कोढ़ा से मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। जहाँ एक दबंग मुखिया पति पर एक गरीब आदिवासी परिवार को झांसे में रखकर उनकी पुश्तैनी जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला रौतारा थाना क्षेत्र के ग्राम बहरखाल निवासी लखी राम हाँसदा के साथ हुई है । बताया कि उन्होंने अपना दो कट्ठा जमीन 5 लाख रुपये में बेची थी। गाँव के मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह ने यह कहकर पूरे पैसे अपने पास रख लिया कि पीड़ित का घर फूस का टाटी है और वहाँ पैसे चोरी हो सकते हैं।

मुखिया पति ने भरोसा दिलाया था कि वह यह पैसे पीड़ित और उसकी पत्नी के बैंक खाते में जमा करवा देगा। पीड़ित के अनुसार जब



उसने अपने इलाज के लिए पैसों की मांग की तो मुखिया पति उसे और उसकी पत्नी को बेहतर इलाज दिलाने के बहाने अपनी कार से पूर्णिया ले गया। पूर्णिया में एक डॉक्टर के पास ले जाकर उनसे 6 पन्नों के कोरे कागजात पर अंगूठे का निशान ले लिया गया। इसके बाद 27 अप्रैल 2026 को फिर से जाँच के बहाने पीड़ित को कटिहार निबंधन कार्यालय लाया गया। वहाँ मुखिया पति और उसके सहयोगियों ने लखी राम हाँसदा को डराया-धमकाया कि अगर उसने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की तो उसकी पत्नी की हत्या कर दी जाएगी और उसे सड़क पर गाड़ी से कुचल दिया जाएगा। डर के मारे पीड़ित ने अपनी गुजर-बसर का एकमात्र जरिया अपनी जमीन की रजिस्ट्री कर दी। आरोप है कि रजिस्ट्री के बाद लौटते वक्त कार में पीड़ित के साथ मारपीट भी की गई और किसी को बताने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई।रोते -बिलखते पीड़ित परिवार ने समाज के लोगों की मदद से जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन दिया है। पीड़ित लखी राम हाँसदा ने मांग की है कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। धोखे से लिखवाई गई जमीन की रजिस्ट्री रद्द की जाए। हम गरीब आदिवासी हैं, हमारे पास रहने को सिर्फ फूस का घर है। हमारी जमीन ही हमारा सहारा थी, जिसे दबंगों ने धोखे और डर के बल पर छीन लिया।" वहीं इस संदर्भ में मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार ने बताया कि उनपर लगाए गए आरोप बिल्कुल निराधार है।उन्होंने पैसे देकर जमीन रजिस्ट्री कराई है। पैसे दिए जाने का उनके पास प्रमाण भी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जन जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी/कटिहार।** प्रखंड सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जन-जागरूकता अभियान के तहत शनिवार 2 मई को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मुखिया, सरपंच, न्याय मित्र, ग्राम कचहरी सचिव सहित अन्य नीलाम पत्र से जुड़े सुलह योग्य मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इसके लिए आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की गई।कमलेश सिंह देऊ ने कहा कि वर्ष में चार बार लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आपराधिक मामलों में न्यायालयीन



जनप्रतिनिधियों को लोक अदालत की प्रक्रिया एवं उसके महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटिहार कमलेश सिंह देऊ, चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल कटिहार विजय श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कटिहार देव कुमार झा, प्रधान सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशिष कुमार झा, जिला प्रशिक्षक मित्तल कुमार, बीडीओ सनत कुमार, बीपीआरओ सोनू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता एवं न्याय मित्र उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान अविलंब न्याय उपलब्ध कराने तथा समझौता योग्य वादों के त्वरित निष्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बताया गया कि आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में वन विभाग, माप-तौल, बिजली, बैंक एवं प्रक्रिया लंबी होती है, जिसमें एक पक्ष की जीत और दूसरे पक्ष की हार होती है। जिससे असंतोष की स्थिति बनती है और मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच जाता है। जबकि लोक अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से विवाद का समाधान किया जाता है, जिससे समय और धन की बचत होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत की सभी प्रक्रियाएं निःशुल्क होती हैं और इसमें भाग लेने के लिए सादे कागज पर आवेदन के साथ पहचान पत्र प्रस्तुत करना होता है। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसे एक सुनहरा अवसर बताते हुए उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की।कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि लोक अदालत से संबंधित अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 15100 पर प्राप्त की जा सकती है।

# 19.5 लीटर शराब के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा/कटिहार ।** शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए रौतारा पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में रौतारा टोल प्लाजा पर पुलिस को सफलता हाथ लगी है।वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक टेम्पो से 19.5 लीटर विदेशी शराब बरामद करते हुए महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार रौतारा टोल प्लाजा पर पुलिस द्वारा वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध टेम्पो, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बर बीआर 11 पीबी 4506 है, को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 19.5 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। शराब मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर ही वाहन में सवार



तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रौतारा के शमी यादव, निरंजन कुमार तथा दामिनी देवी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को कटिहार न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया गया।रौतारा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराब तस्करी और अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## मक्का लूट का विरोध करने पर मारपीट में दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बराबरी/कटिहार।** बरारी थाना क्षेत्र के बकिया रानीचक वार्ड 15 में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित विकास कुमार ने बरारी थाना में आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित विकास कुमार ने बरारी थाना में दिए आवेदन में बताया है कि मैं अपने खेत में मक्के की फसल की तैयारी कर रहा था इस दौरान मेरा चचेरा भाई सोनू यादव के साथ करीब एक बीघा खेत पर लगे मक्का जो करीब 40 क्विंटल तैयार कर रखा था। इस बीच हमारे ही गांव का पिंटू यादव, रिंटु यादव, राजेश यादव, सिंटू यादव, रतली यादव एक साथ झुंड बनाकर अपने अपने हाथ में लाठी डंडा एवं हथियार से लेश होकर आया और गाली गलौज करते हुए जबरन मेरे साथ धक्का मुक्की करने लगा और सभी फसल लूटने की बात बोलने लगा।

# मखाना के खेत में डूबने से युवक की मौत, मचा कोहराम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा/कटिहार।** थाना क्षेत्र के खेरिया पंचायत के वार्ड संख्या 4,नवटोलिया गांव में उस वक्त मातम पसर गया ।जब मखाना के खेत में डूबने से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की असामयिक मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय श्री श्याम नंद सिंह के पुत्र राजेश कुमार सिंह (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजेश कुमार सिंह मखाना के खेत की ओर गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने या गहरे पानी का अंदाजा न मिल पाने के कारण वह डूब गए। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर जब परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो उनका शव



खेत के पानी में मिला। राजेश कुमार सिंह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस घटना के बाद से नवटोलिया गांव के वार्ड संख्या 4 में सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और जनप्रतिनिधियों को सूचित कर दिया गया है।

# जिला पदाधिकारी ने लिया निगम क्षेत्र की मकान गणना का जायजा

## यह जनगणना राष्ट्रहित एवं लोकहित के नीति-निर्धारण में उपयोगी होगी : नगर आयुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर एक भेड़िया रहिका में भारत जनगणना 2027 के अंतर्गत चल रहे मकान सूचीकरण व मकान गणना कार्य का निरीक्षण किया।भारत जनगणना 2027 का यह प्रथम चरण पूरे जिले में दिनांक 02.05.2026 से प्रारंभ हो गया है। इस कड़ी में प्रथम तीन दिन 02.05.2026 से 04.05.2026 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे तथा मकानों की नंबरिंग एवं नजरी नक्सा चित्रांकन तैयार करेंगे।

इस कार्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी मकान छूटने न पाए और न ही किसी मकान की दो बार गणना हो।जिला पदाधिकारी श्री द्विवेदी



ने बताया कि दिनांक 05.05.2026 से 31.05.2026 तक प्रगणक, पर्यवेक्षक प्रत्येक मकान,घर में जाकर मकानों में उपलब्ध आवश्यक संसाधनों से संबंधित 33 प्रश्नावली को निर्धारित मोबाइल के माध्यम से भरेंगे। साथ ही, जिन व्यक्तियों द्वारा स्वयं गणना स्वगणना की गई है। उनकी स्वगणना आईडी लेकर पूर्णावलोकन करते हुए सभी प्रविष्टियों की पुष्टि की जाएगी निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने वहां उपस्थित सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के कार्यों का विस्तारपूर्वक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर की मकान सूची क्रम एवं नक्शा सावधानीपूर्वक तैयार किया जाए ताकि जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। जिला पदाधिकारी ने जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को निदेशित किया कि भारत जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उसका समाधान समय पर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही प्रगणक एवं सुपरवाइजर को समय से पूर्व मकान सूची का कार्य पूर्ण करने का भी निदेश दिया गया।

# सवाईकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई/कटिहार ।** किशोरियों को भविष्य में होने वाले सवाईकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए बारसोई प्रखंड क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में जमीनी स्तर पर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग का भी व्यापक सहयोग लिया जा रहा है।

इसी सिलसिले में नगर पंचायत बारसोई स्थित मध्य विद्यालय मौलानापुर तथा कन्या मध्य विद्यालय बारसोई बाजार में टीकाकरण अभियान शनिवार को चलाया गया।



प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद तथा अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई उपाधीक्षक डॉ एमए उस्मानी की अगुवाई में उक्त दोनों ही विद्यालयों में 14 वर्ष की आयु वाली किशोरियों को एचपीवी के टिके लगाए गए। इस संबंध में बीईओ ने बताया कि मध्य विद्यालय मौलानापुर 22 तथा कन्या मध्य विद्यालय बारसोई बाजार में 25 छात्राओं का टिकाकरण किया गया है। मौके पर डॉ. उस्मानी ने बताया कि सवाईकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है। आम बोलचाल की भाषा में इसे बच्चेदानी का कैंसर भी कहा जाता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्युमन पेपिलोमा नामक वायरस है। एचपीवी का टीका उक्त कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी टीकाकरण है। यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित व निःशुल्क है। इस दौरान डॉ सालीम अहमद, डॉ दीपक कुमार, डॉ. इंतजार हासमी, मौलानापुर प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

# मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** यात्रियों के सामान की चोरी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आरपीएफ को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जानकारी के अनुसार 1 मई 2026 को स्टेशन परिसर में आरपीएफ द्वारा चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 02 स्थित मंदिर के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया।

तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी के दो महंगे टच स्क्रीन मोबाइल सैमसंग व वीवो बरामद किए गए।जिनकी कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार युवक की पहचान मोहम्मद नाजिस अंसारी (23) निवासी फारबिसगंज अररिया के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि वह पहले भी चोरी के मामले में शामिल रह चुका है। इस संबंध में आरपीएफ द्वारा उक्त युवक को जीआरपी कटिहार को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया जहां बाद में रेल थाना में मामला दर्ज किया गया है। रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपने सामान की सुरक्षा के प्रति सजग रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें। इस अभियान में आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर अनुज कुमार, मुक्तिशील सहित आरपीएफ के अन्य जवान मौजूद रहे ।

# 10 पियक्कड़ चढ़े पुलिस के हत्थे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चला कर विभिन्न गांवों से 10 नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए कटिहार न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष कुमारी जुली ने बतायी के जिगिन के अफसर आलम (37), दिलशादपुर के दीपक कुमार सिंह (28) तथा कदवा थाना क्षेत्र के भमारडो निवासी अवधेश कुमार यादव (26) को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को आवश्यक कानूनी



गिरफ्तार नशेड़ी में अरिहाना गांव के राजू कुमार यादव (38), कन्हैया यादव (35), दीपक कुमार देव (45), विष्णु कुमार यादव (19) शामिल हैं। इसके अलावा नव्वा टोली निवासी कृपा कुमार सिंह (32), मानिकनगर के सुलदेर केवट (30), मुकुरिया के सधन सिंह (40), प्रक्रिया पूरी करने के बाद कटिहार न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में भय का माहौल देखा जा रहा है। थानाध्यक्ष ने बतायी कि क्षेत्र में नशा मुक्त समाज बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# श्रम संसाधन विभाग की ओर से जागरूकता शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संयुक्त श्रम भवन श्रम संसाधन विभाग के सभागार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्रम अधीक्षक पीटर मिंज,उप मुख्य न्याय रक्षक विधिक सहायता समिति डीएलएसए देव कुमार झा,कटिहार मजदूर संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारीयों ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने की।

जागरूकता शिविर के आयोजन पर कई श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने बिहार सरकार के द्वारा मिलने वाली हितकारी लाभ योजनाओं को लेकर बारी-बारी से




अपनी अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री देव कुमार झा ने बताया कि आगामी 9 मई को लोक अदालत लगाया जाएगा जिसमें श्रमिक ऑन बिजली बिल माफ तौल विभाग केस मुकदमा जैसे मामलों को लेकर लोक अदालत में आएंगे और अगर आप सक्षम नहीं है तो आपको निशुल्क मदद किया जाएगा ' कटिहार मजदूर संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि जिले से लेकर पंचायत स्तर तक श्रमिकों को मिलने वाली हित का इलाज योजनाओं को लेकर जागरूकता शिविर में सजग किया जा रहा है और बिहार सरकार के द्वारा मिलने वाली हितकारी लाभ योजनाओं को लेकर ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही ' कार्यक्रम के समापन पर श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने बताया कि जब-जब जागरूकता शिविर या कोई आयोजन होता है तो निश्चित रूप से श्रमिकों को इसका सीधा लाभ मिलता है उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक वह कटिहार में है किसी भी बिचौलिया को भटकनें नहीं देंगे। जागरूकता शिविर के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने वालों में सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी के अलावा श्रमिक नेता मोहर्रम खान, अखिलेश यादव, मोहम्मद शोएब, गोपाल पासवान, चंदन मंडल, हरेंद्र मिश्रा, पूरन महतो, मोहनलाल सिंह, लालमोहन सिंह सहित सैकड़ो श्रमिक उपस्थित रहे '

# एनटीपीसी नबीनगर में बालिका सशक्तिकरण अभियान के लिए बेसलाइन सर्वे आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर (औरंगाबाद)**। एनटीपीसी नबीनगर में बालिका सशक्तिकरण अभियान (गर्ल एम्पावरमेंट मिशन–जीईएम) 2026 के तहत प्रतिभागियों के लिए बेसलाइन सर्वे का आयोजन किया गया। इस सर्वे का उद्देश्य आगामी चार सप्ताह के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाली 60 बालिकाओं की शैक्षणिक दक्षता और शारीरिक स्वास्थ्य का आकलन करना है। सर्वे के दौरान छात्राओं के सीखने के स्तर को समझने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि उनके अनुरूप छात्र-केंद्रित पाठ्यक्रम तैयार किया जा सके। इस मौके पर महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एनएसटीपीपी अस्पताल) संगीता शर्मा तथा अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ओंकार नाथ ने छात्राओं और उनके अभिभावकों से संवाद किया और जीईएम कार्यशाला से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान किया। एनटीपीसी नबीनगर हर वर्ष नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इस अभियान का आयोजन करता है। एक माह तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम में बालिकाओं को गणित, अंग्रेजी, हिंदी के साथ कंप्यूटर, कराटे, योग समेत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इसके साथ ही छात्राओं के लिए छात्रावास और पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी की जाती है, ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। अभियान के अंतर्गत चयनित बालिकाओं को एनटीपीसी द्वारा बाल भारती पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाती है। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें आत्मविश्वासी और सशक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेगा।








# लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा पर गूंजे शांति और करुणा के संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के सिद्धार्थ सभागार में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती अत्यंत श्रद्धा, गरिमा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉर्ड बुद्धा शैक्षिक विकास संगठन के चेयरमैन डॉ. धनंजय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

डॉ. कुमार ने अपने प्रेरणादायी संदेश में कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन केवल एक धार्मिक धरोहर नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक व्यवहारिक मार्गदर्शन है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तनावपूर्ण युग में बुद्ध के सत्य, अहिंसा, करुणा और मध्यम मार्ग के सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक सजग, संवेदनशील और नैतिक व्यक्ति बनना है। भगवान बुद्ध ने हमें सिखाया कि आत्मसंयम, धैर्य और सकारात्मक सोच के माध्यम से ही जीवन की कठिनाइयों पर विजय प्राप्त की जा सकती है।

इस अवसर पर भगवान बुद्ध के जीवन, उनके विचारों एवं उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने सत्य, अहिंसा, करुणा और मध्यम मार्ग के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में भगवान बुद्ध के सिद्धांत न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि मानवता को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक भी हैं।

विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार, प्रशासक ओम प्रकाश शर्मा, एच.एम. राहुल रंजन एवं परिसर प्रबंधक गौतम कुमार ने भी अपने संबोधन में छात्रों को बुद्ध के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। समापन के अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्रों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह आयोजन न केवल एक श्रद्धांजलि था, बल्कि छात्रों के भीतर नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करने का एक प्रेरणादायी प्रयास भी रहा।




# बारात से लौटते समय लापता युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिघी गांव में तीन दिन पूर्व बारात में शामिल होने के बाद लापता हुए युवक का शव आज गांव से कुछ ही दूरी पर खेत से बरामद किया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

मृतक की पहचान विजय कुमार सिंह के 20 वर्षीय इकलौते पुत्र पीयूष कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पीयूष 28 अप्रैल की रात एक बारात में शामिल होने गया था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने 29 अप्रैल को नवीनगर थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना की पुष्टि करते हुए औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया और परिजनों की मदद से उसकी पहचान कराई। उन्होंने बताया कि खेत में पड़े रहने के कारण शव को पशुओं द्वारा नोच-खसोट दिया गया था, जिससे चेहरा पहचानना मुश्किल हो रहा था। हालांकि कपड़ों के आधार पर परिजनों ने उसकी पहचान की पुष्टि की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है। डॉग स्क्वॉड को भी मौके पर बुलाया गया है ताकि साक्ष्य जुटाए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि यह हत्या का मामला सामने आता है तो दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**औरंगाबाद**। रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सी गांव के समीप शुक्रवार की रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां सड़क पर टहल रही एक वृद्ध महिला को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान महिला मौत हो गई। मृतका की पहचान दिलीप सिंह की 70 वर्षीय पत्नी गिरजा देवी के रूप में हुई है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों पर लापरवाही और उदासीनता का आरोप लगाया। इस दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा किया, जिससे कुछ समय के लिए अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों के अनुसार, करीब चार घंटे तक अस्पताल में इलाज चलता रहा, लेकिन इस दौरान महिला की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। अंततः उनकी स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। समय पर रेफर न करने का आरोप मृतका के पुत्र नीतीश कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी मां का समुचित इलाज नहीं किया गया।

# लगातार दूसरी बार दस्तावेज लिपिक संघ के अध्यक्ष बने रामकरण सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शनिवार को शहर के कर्पूरी विचार मंच सभागार में औरंगाबाद दस्तावेज लिपिक संघ के निर्वाचित अध्यक्ष रामकरण सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार ओझा एवं सचिव जितेंद्र कुमार यादव ने गोपनीयता की शपथ ग्रहण किया। अध्यक्ष रामकरण सिंह ने कहा कि यह संगठन आम जनता के हित के लिए काम करता हैं। संघ का उद्देश्य हैं कि सरकार द्वारा जो जमीन का रजिस्ट्री करने के मूल्य निर्धारित हैं उसी के अनुसार जमीन का रजिस्ट्री हो, यदि शुल्क से ज्यादा जो भी लोग अधिक पैसा लेंगे उसका हम सभी लोग विरोध करेंगे। यहां तक की संगठन के जो भी साथी हैं और उनके साथ किसी प्रकार की घटना दुर्घटना होती तो पहले उन्हें सहायता के रूप में एक लाख रूपये दिए जाते थे अब हम इसे बढ़ाकर दो लाख देने का फैसला लिया, ताकि उनके परिवार का भरण पोषण हो सकें। इस दौरान जनार्दन प्रसाद, रामाशीष शर्मा, मृत्युंजय कुमार सिंह, मिथलेश शर्मा, नरेंद्र कुमार नारायण सतेन्द्र सिंह, बृजमोहन सिंह, रामाश्रय तिवारी, ब्रिसेन सिंह, दीनानाथ विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी हैं। ज्ञात हो कि अध्यक्ष पिछले 40 वर्षों से कोर्ट में लिपिक पद पर हैं। आज तक किसी लोगों ने मेरा विरोध नहीं किया। यही कारण हैं कि मैं दूसरी बार अध्यक्ष बना हूं। मुझे जो जिम्मेदारी मिली हैं उसे सही ढंग से निर्वहन करूंगा ।



# दूल्हे के पिता पर हमला करने वाला शूटर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना क्षेत्र में बारात निकलने से ठीक पहले दूल्हे के पिता पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शूटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के बिहटा गांव का निवासी है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसे बिहटा बाजार स्थित उसके घर से पकड़ा। पुलिस के अनुसार, इस सनसनीखेज वारदात का मुख्य आरोपी, जो दुल्हन का प्रेमी बताया जा रहा है, अब भी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पूछताछ में गिरफ्तार शूटर ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए चौंकाने वाला खुलासा किया है। उसने बताया कि दुल्हन के प्रेमी दिलीप कुमार ने उसे और उसके साथियों को डेढ़ लाख रुपये की सुपारी दी थी, ताकि शादी से पहले दूल्हे या उसके पिता की हत्या कर दी जाए और विवाह रुक जाए। इसके लिए 50 हजार रुपये एडवांस भी दिए गए थे।

## करंट से झुलसकर युवक की मौत

**औरंगाबाद**। विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना नवीनगर थाना क्षेत्र के बाज़ार की है। जहां 11 हज़ार हाई वोल्ट की चपेट में आने से यह हादसा हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के भवनोंखाप निवासी विश्वनाथ राम के 25 वर्षीय पुत्र जितेंद्र राम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार युवक एक बस पर चढ़कर कोई सामान उतार रहा था। इसी क्रम में वह ऊपर से गुजरे हाई वोल्ट तार पर ध्यान नहीं दिया और तार की चपेट में आ गया तथा हादसे का शिकार हो गया। घटना के बाद आक्रोशितों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशितों को समझा-बुझाकर कर शांत करवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# धूमधाम से मनाया गया बिहार ग्रामीण बैंक का स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। बिहार ग्रामीण बैंक का पहला स्थापना दिवस 1 मई को औरंगाबाद जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य प्रबंधक आलोक कुमार ने की और बैंक के सभी ग्राहकों को शुभकामनाएं दीं। मुख्य प्रबंधक ने अपने संबोधन में बताया कि बैंक पूरे बिहार के 38 जिलों में 2101 शाखाओं के साथ कार्यरत है और ग्राहकों को सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा कम ब्याज दर पर विभिन्न प्रकार के ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें हाउस लोन 7 प्रतिशत, पर्सनल लोन 9.9 प्रतिशत तथा कार लोन भी किफायती दरों पर दिए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी सक्रिय है। मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी सुविधाओं के माध्यम से ग्राहक आसानी से लेनदेन कर सकते हैं। श्री कुमार ने जानकारी दी कि औरंगाबाद जिले में बैंक की 52 शाखाएं तथा अरवल जिले में 24 शाखाएं संचालित हैं, जहां से ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य प्रबंधक आलोक कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक रविशंकर सिंह एवं जीविका के माइक्रोफाइनेंस मैनेजर पंचम कुमार दांगी द्वारा केक काटकर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया।सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।




## हर घर नल का जल योजना का किया गया निरीक्षण

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड के सभी पंचायतों में संचालित हर घर का नल जल योजनाओं का व्यापक एवं सघन स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इस योजना की स्थिति को देखी गई। यह देखा गया कि लोगों को इसका लाभ सही तरीके से मिल रहा है या नही। पंचायत में विभिन्न वार्डों में नल जल योजना के जमीनी हकीकत का जायजा लिया गया। बीडीओ मो जफर इमाम ने शमशेर नगर पंचायत में स्थलीय निरीक्षण किया।

## दो घरों से लाखों रुपये की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए नकद सहित लगभग नौ लाख रुपए की संपत्ति चुरा ली। घटना गुरुवार के मध्य रात्रि की बताई जाती है। यह घटना वार्ड संख्या एक अमृत बिगहा काली स्थान के पास के इलाके में घटी है। घटना के संबंध में चितरंजन पासवान की पत्नी संगीता देवी द्वारा कराई गयी प्राथमिकी में कहा गया है कि अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर ताला तोड़कर गोदरेज में रखे सामान की चोरी कर ली गई। 30 हजार रुपए नगद के साथ-साथ सोना- चांदी के जेवरात चुरा लिए गए, जिसकी कीमत लगभग चार लाख रुपए थी। अज्ञात चोरों द्वारा पड़ोसी कृष्णा पासवान की पत्नी संगीता कुमारी के घर से भी ताला तोड़कर सोना -चांदी के जेवरात चुरा लिए गए, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए है। इस घर में सारा सामान बेटी की शादी के लिए रखा हुआ था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269







